राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



11 कृति खरबंदा ने भारतीय सिनेमा...

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



कांग्रेस में चरम पर परिवारवाद, नेता... 12

गाजियाबाद, गुरुवार 20 जून 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 11 अंक: 106, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## फलहाल जेल में ही रहेंगे अरविंद केजरीवाल, 3 जुलाई तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं। उनकी न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ा दी गई है यानि तब तक केजरीवाल जेल में ही रहेंगे। केजरीवाल को दिल्ली एक्साइज पालिसी केस में गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वो तिहाड़ जेल में बंद हैं। आज राउस एवेन्यु कोर्ट ने केजरीवाल एवं विनोद चौहान की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ा दी। दोनों की आज



वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई।

कोर्ट में केजरीवाल के वकील ने विक्रम चौधरी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री है, एक राष्ट्रीय पार्टी के मुखिया है, उनसे समाज को कोई खतरा नहीं है। यह मामला अगस्त 2022 से लंबित है, केजरीवाल को 2024 में गिरफ्तार किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई के अपने आदेश में कहा था केजरीवाल निचली अदालत में जमानत याचिका दाखिल कर सकते हैं।

## पीएम मोदी ने किया नालंदा यूनिवर्सिटी के नए कैंपस का उद्घाटन

**● सीएम नीतीश कुमार समेत 17 देशों के राजदूत रहे मौजूद**

**पटना (आरएनएस)।** पीएम मोदी ने आज बिहार को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने नवनिर्मित नालंदा विश्वविद्यालय परिसर का उद्घाटन किया। पीएम मोदी जब इसका उद्घाटन किया तो उनके साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद रहे। इसके अलावा 17 देशों के मिशन प्रमुख इस मौके के साक्षी बने। उद्घाटन से पहले पीएम मोदी ने प्राचीन विश्वविद्यालय के खंडहरों को बारीकी से निहारा है। 5वीं सदी की नालंदा यूनिवर्सिटी को आक्रांताओं ने भले ही नष्ट कर हिंदू और की क्षमता वाली लाइब्रेरी है। नेट जीरो ग्रीन कैंपस है। विश्वविद्यालय की कल्पना भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन देशों के बीच संयुक्त सहयोग के रूप में की गई है।

नालंदा यूनिवर्सिटी का इतिहास काफी पुराना है। लगभग 1600 साल पहले नालंदा यूनिवर्सिटी की स्थापना पांचवी सदी में हुई थी। जब देश में नालंदा यूनिवर्सिटी बनाई गई तो दुनियाभर के छात्रों के लिए यह आर्कषण का केंद्र था। विशेषज्ञों के मुताबिक 12वीं शताब्दी में आक्रमणकारियों ने इस विश्वविद्यालयों को





बौद्ध धर्म को खाक में मिलाने की कोशिश की हो। मगर, नालंदा यूनिवर्सिटी बीतती सदियों के साथ और भी ख्याति पाती गई और भी प्रख्यात होती चली गई। पीएम मोदी ने अपने दौरे से पहले ट्वीट कर आज का दिन बेहद खास बताया है। उन्होंने कहा, 'हमारे शिक्षा क्षेत्र के लिए यह बहुत खास दिन है। नालंदा का हमारे गौरवशाली हिस्से से गहरा नाता है। यह विश्वविद्यालय निश्चित रूप से युवाओं की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने में बहुत मददगार साबित होगा। नालंदा यूनिवर्सिटी के नए परिसर में 2 शैक्षणिक ब्लॉक होंगे। 1900 छात्रों के बैठने की क्षमता है। 550 छात्र की क्षमता वाले हॉस्टल हैं। 2000 लोगों की क्षमता वाला एम्फीथिएटर है। 3 लाख किताब नष्ट कर दिया था। इससे पहले करीबन 800 सालों तक इन प्राचीन विद्यालय ने ना जाने कितने छात्रों को शिक्षा दी है।

नालंदा विश्वविद्यालय की नींव गुप्त राजवंश के कुमार गुप्त प्रथम ने रखी थी। पांचवीं सदी में बने प्राचीन विश्वविद्यालय में करीब 10 हजार छात्र पढ़ते थे, जिनके लिए 1500 अध्यापक हुआ करते थे। छात्रों में अधिकांश एशियाई देशों चीन, कोरिया और जापान से आने वाले बौद्ध भिक्षु होते थे। इतिहासकारों के मुताबिक, चीनी भिक्षु ह्वेनसांग ने भी सातवीं सदी में नालंदा में शिक्षा ग्रहण की थी। उन्होंने अपनी किताबों में नालंदा विश्वविद्यालय की भव्यता का जिक्र किया है। यह बौद्धों के दो सबसे अहम केंद्रों में से एक था।

## न्यूज डायरी

### धनबाद में जीटी रोड पर ट्रक-कार की टक्कर में चार युवकों की मौत, एक गंभीर

**धनबाद (आरएनएस)।** झारखंड में धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में जीटी रोड पर एक ट्रक और कार के बीच आमने-सामने की टक्कर में चार युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर



रूप से घायल है। हादसा मंगलवार देर रात लोहार बरवा नामक जगह पर हुआ। मृतकों में धनबाद के रांगा टांड इलाके के निवासी राहुल कुमार गुप्ता और गांधी नगर कॉलोनी निवासी अंकित शामिल हैं। दो अन्य की पहचान नहीं हो पाई है।

बताया गया है कि कार रॉन्ग साइड से जा रही थी। सामने से आ रहे ट्रक के साथ हुई जोरदार टक्कर में कार के परखच्चे उड़ गए। चीख-पुकार मचने पर आस-पास के लोग दौड़े। सूचना पाकर पुलिस भी पहुंची। कार की हालत यह थी कि उसमें फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए कटर मशीन मंगाई गई। भारी मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला गया। चार की मौत हो चुकी थी। एक युवक को बेहद गंभीर हालत में धनबाद स्थित मेडिकल कॉलेज एसएनएमएमसीएच भेजा गया।

कार में शराब की बोतल भी मिली है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि कार चला रहा युवक नशे में रहा होगा। हादसे के कारण हावड़ा-दिल्ली रोड पर काफी देर तक आवागमन बाधित रहा।

### पत्नी की मौत से दुखी असम के होम सेक्रेटरी ने खुद को मारी गोली, अस्पताल में तोड़ा दम

**गुवाहाटी (आरएनएस)।** असम के गृह सचिव शिलादित्य चेतिया ने मंगलवार को अपनी पत्नी की मौत के बाद गुवाहाटी के एक निजी अस्पताल में आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने बताया कि 2009 बैच के आईपीएस अधिकारी चेतिया पिछले चार महीने से छुट्टी पर थे। उनकी पत्नी की तबीयत



खराब थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, चेतिया की पत्नी कैंसर से जूझ रही थीं और यहां एक निजी अस्पताल में उनका निधन हो गया। उनकी मौत के बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने अस्पताल में अपनी सर्विस पिस्तौल से खुद को गोली मार ली। चेतिया की पत्नी कार्सिनोमा के चौथे चरण में थीं और पिछले कई दिनों से शहर के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से पत्नी की तबीयत खराब होने के चलते शिलादित्य चेतिया मानसिक रूप से काफी तनाव में थे और आज यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। अधिकारी ने बताया कि वह अस्पताल में रह रहे थे और अपनी पत्नी की देखभाल कर रहे थे।

### एसबीआई बैंक मैनेजर ने नहीं चुकाई उधारी, चाय वाला बैंक के बाहर धरने पर बैठा

**जौनपुर (आरएनएस)।** खबर यूपी के जौनपुर जिले से है, जहां पर एसबीआई के बैंक मैनेजर शेखर आनंद के स्थानांतरण के बाद विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। इस समारोह के दौरान एक चाय विक्रेता ने बैंक मैनेजर पर 16,500 रुपए की चाय की बकाया राशि होने का आरोप लगाते हुए पैसे की मांग की। लेकिन, बैंक मैनेजर ने चाय विक्रेता की मांग को अनसुना कर दिया। जौनपुर। खबर यूपी के जौनपुर जिले से है, जहां पर मंगलवार देर शाम एसबीआई के बैंक मैनेजर शेखर आनंद के स्थानांतरण के बाद विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। इस समारोह के दौरान एक चाय विक्रेता ने बैंक मैनेजर पर 16,500 रुपए की चाय की बकाया राशि होने का आरोप लगाते हुए पैसे की मांग की। लेकिन, बैंक मैनेजर ने चाय विक्रेता की मांग को अनसुना कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पैसा न मिलने पर चाय विक्रेता बैंक के बाहर धरने पर बैठकर हंगामा करने लगा। इस घटना की जानकारी मिलते ही व्यापार मंडल के कुछ पदाधिकारी चाय विक्रेता के समर्थन में वहां पहुंच गए और बकाया पैसे देने की मांग करने लगे।

## जाली दस्तावेज पेश करने वाले नीट अभ्यर्थी पर होगी कानूनी कार्रवाई

**इलाहाबाद (आरएनएस)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नीट मामले से जुड़े एक केस पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान एनटीए से कहा कि नीट अभ्यर्थी ने जाली दस्तावेज पेश किए हैं और अब एनटीए इस मामले में कानूनी कार्रवाई कर सकता है। नीट छात्र ने अपनी याचिका में आरोप लगाया था कि एनटीए उसका रिजल्ट घोषित करने में विफल रहा और उसे मेल आया है कि उसकी ओएमआर उत्तर

### हाईकोर्ट ने दिए ये निर्देश

पुस्तिका फटी हुई पाई गई। हाई कोर्ट ने एजेंसी से यह तब कहा जब लखनऊ पीठ के निर्देश पर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने छात्रा की मूल ओएमआर आंसर शीट पेश की, जो सही पाई गई।

**छात्र ने वीडियो भी किया था पोस्ट**

बता दें कि छात्रा आयुषी पटेल ने अपनी याचिका में दावा किया कि एनटीए ने उसे एक मैसेज भेजा गया जिसमें कहा गया कि उसका रिजल्ट घोषित नहीं किया जाएगा क्योंकि उसकी ओएमआर शीट फटी हुई पाई गई थी। उसने सोशल मीडिया पर आरोपों को दोहराते हुए एक वीडियो भी पोस्ट किया था, जिसने हश्वश्वञ्ज यूजी के आयोजन में अनियमितताओं के दावों को लेकर चल रहे विवाद



के बीच हलचल मचा दी थी। **फर्जी दस्तावेजों के आधार पर याचिका दायर** डाक्यूमेंट देखने के बाद कोर्ट ने पाया कि छात्र ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर याचिका दायर की है। कोर्ट ने इसे खेदजनक बताते हुए एजेंसी से कहा कि एनटीए इस मामले में कानूनी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है। वहीं याचिकाकर्ता के एडवोकेट ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। एनटीए ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता छात्र के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का फैसला एजेंसी ने पहले ही ले लिया है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता ने जाली डाक्यूमेंट पेश किए हैं, ऐसे में यह कोर्ट एनटीए को छात्र के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने से नहीं रोक सकता।

## एक और पुणे पोर्शे जैसा कांड! राज्यसभा सांसद की बेटी ने बीएमडब्ल्यू से शख्स को उड़ाया, थाने से ही मिल गई जमानत

**चेन्नई (आरएनएस)।** पुणे पोर्शे कांड के बाद हिट एंड रन का एक और मामला सामने आया है। चेन्नई में राज्यसभा सांसद बीडा मस्तान राव की बेटी ने अपनी बीएमडब्ल्यू कार से शख्स को रौंद दिया। इस घटना में शख्स की मौत हो गई। हैरानी की बात है कि घटना के बाद थाने से ही राज्यसभा सांसद बीडा मस्तान राव की बेटी माधुरी को जमानत मिल गई। बीडा मस्तान राव वाईएसआर कांग्रेस पार्टी से राज्यसभा सांसद हैं। यह घटना सोमवार रात की बताई जा रही है। राज्यसभा सांसद बीडा मस्तान राव की बेटी माधुरी जब बीएमडब्ल्यू कार चला रही थी, तब उसके साथ उसकी सहेली भी थी। राज्यसभा सांसद की बेटी ने कथित तौर पर चेन्नई के बेसेंट नगर में फुटपाथ पर सो रहे 24 वर्षीय पेंटर सूर्या को कार से कुचल दिया।



आनन-फानन में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी माधुरी तुरंत मौके से भाग गई, जबकि उसकी दोस्त कार से उतर गई और दुर्घटना के बाद इक्ा हुए लोगों से बहस करने लगी। कुछ देर बाद वह भी भाग गई।

मृतक की आठ महीने पहले ही शादी हुई थी। बीएमडब्ल्यू कार से रौंदे जाने के बाद उनके रिश्तेदार और कॉलोनी के लोग जे-5 शास्त्री नगर पुलिस स्टेशन में कार्रवाई की मांग को लेकर जमा हो गए। जब पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज चेक की तो पता चला कि कार बीएमआर (बीडा मस्तान राव) ग्रुप की थी और पुडुचेरी में रजिस्टर्ड थी। माधुरी को गिरफ्तार तो कर लिया गया, मगर पुलिस स्टेशन से ही उसे जमानत मिल गई।

## हरियाणा में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका

## एमएलए किरण चौधरी अपनी बेटी के साथ बीजेपी में हुई शामिल

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** हरियाणा के पूर्व सीएम चौधरी बंसीलाल की पुत्रवधु व भिवानी के तोशाम से रूरू किरण चौधरी और उनकी पूर्व सांसद बेटी श्रुति चौधरी बीजेपी में शामिल हो गई हैं। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने उन्हें भाजपा की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। किरण चौधरी और श्रुति ने बीते कल ही को कांग्रेस पार्टी छोड़ी थी। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को इस्तीफा भेजा है। जिसमें किरण ने लिखा कि यहां पार्टी को निजी जागीर की तरह चला रहे हैं। मुझे बेइज्जत किया गया।

किरण चौधरी लोकसभा चुनाव में अपनी बेटी श्रुति चौधरी की भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से टिकट कटने के बाद से ही नाराज दिख रही थी। किरण ने खुलकर मीडिया के सामने कई बार राजनीतिक तौर पर उन्हें खत्म करने की साजिश रचने के आरोप लगाए। किरण चौधरी को भाजपा हरियाणा से राज्यसभा भेज सकती है। श्रुति चौधरी को तोशाम से विधानसभा चुनाव लड़ाया जा सकता




है। लोकसभा चुनाव में हरियाणा में कांग्रेस ने 10 में से 5 सीटें जीती थी। इसके अलावा 90 विधानसभा में से 46 पर कांग्रेस और 44 भाजपा जीती थी। ऐसे में 3 महीने बाद विस चुनाव में कांग्रेस के लिए माहौल अच्छा माना जा रहा था लेकिन अब पूर्व सीएम बंसीलाल परिवार का भाजपा में जाना कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

**जताया आभार** | मुख्यमंत्री योगी ने नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का लोकार्पण करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जताया आभार

## शिक्षा जगत में भारत के पुरातन गौरव को पुन: स्थापित करेगा नालंदा विश्वविद्यालय का आधुनिक स्वरूप: सीएम योगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को

- **देशवासियों को बधाई देते हुए सीएम योगी ने इसे भारतीय शिक्षा और संस्कृति के उद्भव का 'अमृतकाल'करार दिया**
- **नया परिसर प्रधानमंत्री जी की भारत के सांस्कृतिक विरासतों के संरक्षण और शैक्षिक उन्नयन के प्रति प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण: सीएम योगी**

बिहार में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए देशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय के इस आधुनिक स्वरूप को शिक्षा जगत में भारत के पुरातन गौरव को पुनः स्थापित करने वाला और भारतीय शिक्षा और संस्कृति के उद्भव का 'अमृतकाल'करार दिया है।

सीएम योगी ने एक्स पर की गई अपनी पोस्ट में लिखा,"बिहार में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन प्रधानमंत्री जी की भारत के सांस्कृतिक विरासतों के संरक्षण और शैक्षिक उन्नयन के प्रति प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है। भारत की अतुल्य मेधा, अपरिमित ज्ञान, उत्कृष्ट शिक्षा और समृद्ध संस्कृति के गौरवशाली अतीत और विरासत को संजोए नालंदा विश्वविद्यालय का यह आधुनिक स्वरूप शिक्षा जगत के मानचित्र पर भारत के पुरातन



गौरव को पुनर्स्थापित करेगा। यह भारतीय शिक्षा और संस्कृति के उद्भव का 'अमृतकाल' है। देश वासियों को बधाई एवं आपका हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने 17 देशों के सहयोग से राजगीर के पास नालंदा विश्वविद्यालय का नया कैंपस बनाया है। नालंदा यूनिवर्सिटी का नया कैंपस कई मायनों में खास है। इसमें परंपरा को बनाए रखते हुए छात्र-छात्राओं को अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान की गई हैं। नालंदा विश्वविद्यालय के उद्घाटन के मौके पर पीएम मोदी ने कहा, 'नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है। नालंदा उद्घोष है इस सत्य का कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं, लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं।'

# अवैध रूप से वाहनों पर काली फिल्म, हूटर, पुलिस व अन्य प्रकार के स्टीकर लगाकर चलने वाले वाहनों के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** नगर में अवैध रूप से वाहनों पर काली फिल्म पुलिस व अन्य प्रकार के स्टीकर लगाकर चलने वाले वाहनों के

**वाहन चालकों में मचा हड़कंप वाहनों पर हूटर लगे वाहनों के खिलाफ अभियान शुरू : सीओ**

खिलाफ पुलिस में अभियान चलाया। पुलिस के अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। नगर में हूटर बजाने वाले वाहनों पर पुलिस प्रेस या फिर उत्तर प्रदेश सरकार लिखवाने वालों के खिलाफ शिकारपुर पुलिस ने अभियान शुरू कर दिया है दो दिन में पाँच वाहनों से हूटर उतरवाए जबकि सात पुलिस और प्रेस लिखे वाहनों के चालान किए। हूटर का प्रयोग पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की गाड़ियों व फायर ब्रिगेड एवं एंबुलेंस में ही किया जा सकता है। लेकिन क्षेत्र की सड़कों पर वाहन चालक अपने हूटर बजाने से बाज नहीं आ रहे है जो पुलिस और यातायात विभाग के लिए चुनौती बने हुए है। इन पर अंकुश लगाने के लिए शिकारपुर पुलिस ने अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस की कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। इस दौरान क्या ही वाहनों पर कार्रवाई की गई। सीओ शोभित कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश चतुर्वेदी, ने बताया कि इस अभियान में उन वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी जिन पर हूटर, पुलिस, प्रेस, या फिर उत्तर प्रदेश सरकार लिखा है हर चौराहे पर रोक कर चैक किया जाएगा ।



# किसान नेता पिन्टू प्रमुख का मनाया गया जन्मदिन, दीघार्यु की कामना की गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**शिकारपुर ।** नगर की जहांगीराबाद चूंगी के निकट किसान भवन पर किसान मजदूर संगठन कार्यकर्ताओ ने किसान नेता पिन्टू प्रमुख, का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई पिन्टू प्रमुख, ने केक काटकर खुशी मनाई , पिंटू प्रमुख की दीघार्यु की कामना की गई ।किसान नेता को जन्मदिन की बधाई व्हाट्सएप, सोशल मीडिया, फेसबुक, के माध्यम से दी कार्यकताओं ने किसान नेता, को किसी ने फूलों का गुलदस्ता दिया तो किसी ने स्मृति चिन्ह देकर जन्मदिन की बधाई दी ।इस मौके पर कुलदीप चौधरी, रिंकू चौधरी, फरमान खांन, बबलू कुमार, सोनू कुमार, लीलू प्रधान, अंकित चौधरी, जोनी प्रधान, बॉबी चौधरी, संजीव डरूया, विपिन चौधरी, सचिन, सुरेन्द्र हजरतपुर, पिन्टू चौधरी हजरतपुर, अंकित चौधरी, सहित काफी लोग मौजूद रहे ।

# जिला रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा क्षय रोग से पीड़ित 21 बच्चो को गोद लिया एवं किट वितरित की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर ।** रेड क्रॉस सोसाइटी जिला बुलंदशहर के द्वारा जिला चिकित्सालय में एक शिवर का आयोजन किया गया जिसमें क्षय रोग से ग्रस्त 21 बच्चों को भोजन एव दवाएं की किट आदि वितरित की गई ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनय कुमार सिंह ने की और बतया की क्षय रोग को दूर करने के लिए उपाय बताएं तथा कहा कि 6 माह तक दवाएं सेवन करने की पौष्टिक आहार खाने से यह बीमारी अवश्य दूर हो जाएगी इसलिए पूरा ध्यान रखते हुए इसका इलाज करना चाहिए। जिला रेड क्रॉस सोसाइटी बुलंदशहर के कोषाध्यक्ष अजय कुमार वर्मा ने बताया आगामी 6 माह तक प्रत्येक माह में इसी प्रकार के शिविर लगाकर क्षय रोग से पीड़ित बच्चों को यह किट वितरित की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर बसंत जिला कुष्ठ अधिकारी, जिला कोषाध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाइटी अजय कुमार वर्मा, कैलाश कुमार सिंघल, विपिन गर्ग, आदित्य शर्मा , अजय कुमार शर्मा, आदि का विशेष योगदान रहा।



# कांग्रेसियों ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन, प्रधानमंत्री बनने की कामना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर ।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और रायबरेली सांसद राहुल गांधी के बुधवार को 54वें जन्मदिन पर कांग्रेस कार्यकताओं ने कार्यालय पर हनुमान चालीसा का पाठ किया और केक काटकर व जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित कर उनके दीघार्यु होने की कामना की। जिला कांग्रेस कार्यालय में पूर्व विधायक प्रत्याशी शिकारपुर, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष जियाउर्रहमान एड और शहर अध्यक्ष प्रशांत बाल्मिकी के नेतृत्व में भजन कीर्तन के साथ ही हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। कार्यकताओं ने केक काटकर खुशी का इजहार किया और ईश्वर से राहुल गांधी के दीघार्यु होने और देश का प्रधानमंत्री बनने की कामना की ।जिला अस्पताल में कार्यकताओं ने मरीजों को फल वितरित किए ।युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व विधायक प्रत्याशी जियाउर्रहमान ने कहा कि पूरे जिले में राहुल गांधी जी का जन्मदिन कार्यकर्ता मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि नफरत भरे राजनीति के दौर में राहुल गांधी जी ने मोहब्बत और अभयता, निडरता का नया आयाम गढ़ा है। उन्होंने कहा कि देश के किसान, नौजवान, गरीब, मजदूर प्रधानमंत्री से ज्यादा राहुल गांधी पर भरोसा करते हैं ।



शहर अध्यक्ष प्रशांत बाल्मिकी ने कहा कि भाजपा और आरएसएस राहुल गांधी से डरते हैं । उन्होंने कहा कि आम आदमी की लड़ाई राहुल गांधी लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों में राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री होंगे ।

युवा जिलाध्यक्ष इसराइल गहलोत ने बधाई देते हुए कहा कि एकजुट होकर 2027 में यूपी में कांग्रेस की सरकार बनाएंगे ।उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश की आवाज हैं। इस अवसर पर शिकारपुर विधानसभा से प्रत्याशी रहे जियाउर्रहमान एड, शहर अध्यक्ष प्रशांत बाल्मिकी, युवा अध्यक्ष इसराइल गहलोत, शुभम कौशिक, डॉ शुजात अली, डॉ इरफान, विवेक ठाकुर, सुरेंद्र उपाध्याय, साहिल शाह, किशन सिंह, राजेंद्र कुमार, नरेश शर्मा, चिराग ठाकुर, ओम ठाकुर, शिवा, वैभव जादौन, उत्कर्ष कौशिक, मुनाजिम सोनू, मुजीब

# शातिर वाहन चोर उमेश गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल व अवैध चाकू बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी)।** थाना अगौता पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान गढिया चौराहे के पास से एक अभियुक्त को चोरी की 01 मोटरसाइकिल व एक अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना अगौता मुअसं-140/24 धारा 411/420/482 भादवि व 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बरामद मोटरसाइकिल को वर्ष 2017 में जनपद हापुड के थाना धौलाना क्षेत्र से चोरी किया गया था जिसके सम्बन्ध में थाना धौलाना पर मुअसं-520/17 धारा 379 भादवि पंजीकृत है ।



**गिरफ्तार करने वाली टीम**

संदीप कुमार थानाध्यक्ष अगौता, उ0नि0 अंकित चौधरी, उ0नि0 यू0टी0 अनिल कुमार, का0 सोमवीर सिंह।

# काग्रेंसी कार्यकर्ताओ ने दानगढ़ में राहुल गांधी का 54.वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**डिबाई (केपीसिंह चौहान)।** विधानसभा क्षेत्र के गांव दानगढ़ में पूर्व काग्रेंस अध्यक्ष एवं सासंद राहुल गांधी का 54 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। विपुल कौशिक प्रदेश महासचिव आउटरीच काग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कार्यकताओं द्वारा भीषण गर्मी में ठंडे शरबत का वितरण एवं चॉकलेट बिस्कुट बांटे और सभी काग्रेंसी कार्यकर्ताओ ने राहुल गांधी की दीघार्यु व स्वस्थ जीवन की कामना की। विपुल कौशिक ने कहा कि राहुल गांधी सत्य, अहिंसा,जन संघर्ष के प्रतीक, युवाओं, किसानों के हक की लड़ाई लड़ने वाले कर्मयोद्धा को सभी काग्रेंस पार्टी के कार्यकर्ताओ का जनसमर्थन मिलता रहेगा। जन्मदिन मनाते समय काग्रेसीजन धीरज गुप्ता,विजय राघव, प्रफुल्ल भारद्वाज, संतोष कुमार,ज्ञानी सिंह ठाकुर,यासीन खान, मुकेश तोमर,सोनपाल वर्मा, कुलदीप राघव, कपिल राघव, लकी गुप्ता, भव्य कौशिक, कपिल वर्मा, दिनेश कुमार नेता आदि लोग उपस्थित रहे।



# जिलाधिकारी द्वारा पेपरलेस ई ऑफिस प्रणाली का किया गया शुभारंभ

बुलन्द सेंदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (सैय्यद मजहर)।** कलेक्ट्रेट सभागार में चन्द्र प्रकाश सिंह जिलाधिकारी के द्वारा पेपर लैस ई-ऑफिस प्रणाली का शुभारम्भ किया गया।

इस कार्य हेतु टी०एफ०सी० पटल की पत्रावली जिसका विषय वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु पं0 दीन दयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजनान्तर्गत निकायों का चयन किए जाने से सम्बंधित है, उक्त पत्रावली का पत्राचार ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से गो-लाइव प्रदर्शित किया गया।

ई-ऑफिस हेतु अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) नोडल अधिकारी, मयंक गोयल उप निदेशक (आई0टी0)/ जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, एन०आई०सी० बुलंदशहर एवं अनुराग चन्द्र सारस्वत वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी/ (ई०एम०डी० मैनेजर, राजस्व विभाग) ने समस्त आवश्यक कार्यवाही समयान्तर्गत पूर्ण कराते हुए ई-ऑफिस प्रणाली का शुभारम्भ कराया, ई0एम0डी0 मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने में जनपद बुलंदशहर ने उत्तर प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। ई-ऑफिस प्रणाली का शुभारम्भ करते समय जिलाधिकारी के साथ कुलदीप मीणा मुख्य विकास अधिकरी, अभिषेक कुमार सिंह अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), प्रशांत कुमार भारती अपर जिलाधिकारी (प्रसाशन), शंकर प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक नगर, सी0पी0 प्रियदर्शी नगर मजिस्ट्रेट, मयंक गोयल जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, अनुराग चन्द्र सारस्वत वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, योगेन्द्र कुमार मिश्रा प्रशासनिक अधिकारी, पीयूष चौधरी ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सहित कलेक्ट्रेट कार्यालय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।



# केक काटकर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन कैंप कार्यालय पर केक काटकर मनाया, तथा राहुल गांधी की दीघार्यु की कामना की गई। बुधवार को पार्टी के कैंप कार्यालय पर कांग्रेसियों ने शिवकुमार शर्मा लाल लेर वाले के नेतृत्व में राहुल गांधी सांसद एवं नेता प्रतिपक्ष 54 वां जन्मदिन केक काटा गया तथा राहुल गांधी की दीघार्यु की कामना की गई। इस अवसर पर सभी सम्मानित कांग्रेसियों मौजूद रहे जिनमें कैप्टन अनोखे लाल शर्मा, शिव कुमार शर्मा लालनेर , दिनेश पंडित प्रदीप कुमार एडवोकेट, रंजन त्यागी, संजय शर्मा, बबलू सभासद सैनी, जय किशन, आदि लोग मौजूद रहे।



# शिवसेना के 58 वे स्थापना दिवस के अवसर पर मीठा शरबत बांटा और गौशाला में चारा भिजवाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी )।** शिवसेना जिला कार्यालय पर शिवसेना का 58 वा स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें जिला कार्यालय पर रूह अफजा ठंडा पानी वितरण किया गया और गौशाला में गौ माता के लिए चारा भिजवाया गया सभी पदाधिकारी कार्यकताओं को सर्वेश राणा जिला अध्यक्ष ने बहुत जल्द पार्टी का विस्तार किया जाएगा और बालासाहेब ठाकरे जी के विचारों को गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा हिंदुत्व के सच्चे हितेषी और डंके की चोट पर बोलने वाले सिर्फ बाला साहेब ठाकरे जी थे आज के नेता हिंदुत्व के नाम पर वोट लेकर हिंदुत्व को ही कमजोर कर रहे हैं हिंदुओं को एक को भय दिखा कर हमसे वोट ले लेते हैं और कहते कि हिंदू खतरे में है बालासाहेब ठाकरे जी ने कभी ऐसा नहीं कहा हिंदू ना कभी खतरे में था ना कभी रहेगा शिवसेना हिंदुत्व के लिए कट्टर हिंदूवादी संगठन है हम लोग 20% राजनीति और 80% समाज की सेवा करते हैं मुझे आज गर्व है कि मैं बालासाहेब ठाकरे जी का सिपाही हूं इस अवसर पर सर्वेश राणा जिला अध्यक्ष शिवसेना राजकुमार गिरी प्रदेश सचिव सुधीर सैनी जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा जसवंत सिंह जिला प्रवक्ता मनोज सैनी ब्लॉक अध्यक्ष बुलंदशहर सरोज रानी जिला महासचिव महिला मोर्चा उषा राजपूत जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा अशोक कुमार जिला सचिव काशी अली जिला अध्यक्ष अल्प संघ मोर्चा सलीम ठाकुर राजेंद्र सिंह सोनू सुमित कुमार प्रदीप कुमार अभिषेक राणा विशाल राणा सहित लोग मौजूद रहे।



**हत्या**

## किशोरी की मां ने लगाया दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप

# घास लेने गई किशोरी की गला रेत कर हत्या

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू ।** पहासू थाना क्षेत्र के एक गांव में 13 वर्षीय किशोरी की गला रेत कर हत्या कर दी। दिन दहाड़े किशोरी की हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के गांव में सुबह घास लेने गई किशोरी के दोपहर तक वापस नहीं आने पर ढूंढने गए परिजनों को किशोरी का शव गांव के रास्ते के पास मक्का के खेत मे मिलने से चीख-पुकार मच गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने किशोरी का खून से सना शव देखकर पुलिस को सूचना दी। हत्या की सूचना क्षेत्र में फैलने से मौके पर काफी भीड़ एकत्र हो गई।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है तथा परिजनों की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। गांव में रहकर मजदूरी करने वाले परिवार की 13 वर्षीय कक्षा पांच की बेटी बुधवार सुबह घास लेने निकली,लेकिन 12 बजे तक घर वापस नही आने पर परिजनों को मक्का के खेत मे मृत अवस्था मे अर्ध नग्न अवस्था मे मिली। किशोरी की मां ने दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप लगाते हुए हत्या करने का आरोप लगाया है। मर्डर की सूचना पर पहुंचे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों और ग्रामीणों से जानकारी ली,तथा पास के सीसीटीवी कैमरों की जांच के निर्देश दिए। पुलिस ने पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।





किशोरी की गर्दन पर चोट के निशान हैं। दुष्कर्म का मामला नही है।मामले की पूरी जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

**श्लोक कुमार,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बुलंदशहर....**

# बिजली विभाग ने की घोषणा, रहेगा लाइन का शटडाउन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** मेरठ-बदायूं मार्ग पर धतूरी से भीकमपुर दौराहा पर हाईवे चौड़ीकरण में बाधक 33 के.वी.11 के.वी.एच.टी. लाइनों को शिफ्ट करने के लिए 33 के.वी. के शटडाउन के लिए दिनांक 20 जून से दिनांक 22 जून तक सुबह करीब 7:00 से 10:00 तक 33 के.वी. लाईन शिकारपुर टाउन के शटडाउन की आवश्यकता पड़ेगी उक्त कार्य नासिर ट्रेडर्स सुल्तानपुर द्वारा किया जा रहा है उक्त समय में ही सालासर कम्पनी द्वारा आर.डी.एस.एस.योजना के अन्तर्गत ओपेन एल.टी. लाइनों को बदलने में जर्जर ए.बी. केबलों के जगह नए ए.बी. केवल डालने का कार्य भी किया जाएगा यह जानकारी शिकारपुर एसडीओ रामआशीष यादव ने दी है ।

# नोएडा में 21 लोगों की मौत, 3 दिन में 41 हुए काल के शिकार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा**। एनसीआर में चल रही प्रचंड गर्मी के चलते कई लोगों की मौत हो गई है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना सेक्टर-113 क्षेत्र सोरखा गांव में रहने वाले राहुल पुत्र रघुवीर उम्र 33 वर्ष को आज उनके परिजनों ने बिसरख स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना फेस-वन क्षेत्र के हरौला गांव में रहने वाले सलीम 65 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि गिझौड़ गांव में रहने वाले सुहेल मलिक उम्र 42 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के सेक्टर-61 के पास एक 32 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। मीडिया प्रभारी ने बताया कि सदरपुर कॉलोनी में रहने वाले अर्जुन 50 वर्ष की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि सेक्टर-63 में क्षेत्र में एक 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस को मिला है। उन्होंने बताया कि खोड़ा कॉलोनी के रहने वाले अर्जुन 25 वर्ष को उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई है। मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस को मिला है। उन्होंने बताया कि थाना दनकौर क्षेत्र में एक 40 वर्षीय अज्ञात शव पुलिस को मिला है। उन्होंने बताया कि थाना फेस-वन क्षेत्र में रहने वाले सोनू सेन उम्र 39 वर्ष की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई है। थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र में रहने वाले कौशलेंद्र पुत्र विनोद कुमार उम्र 27 वर्ष की संदीप परिस्थितियों में मौत हो गई है। थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में रहने वाले साधु पुत्र करीमन उम्र 48 वर्ष की संदीप परिस्थितियों में मौत हो गई है। थाना फेस तीन क्षेत्र में आज सुबह को एक 26 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस को मिला है। थाना फेस 2 क्षेत्र में रहने वाले साबिर पुत्र नजर अली शाह उम्र 40 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। थाना सेक्टर- 126 क्षेत्र में आज सुबह को एक 42 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। थाना फेस वन क्षेत्र में आज सुबह को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। उन्होंने बताया कि थाना एक्सप्रेस वे क्षेत्र में रहने वाले श्याम पुत्र वीरेन बंसल उम्र 45 वर्ष की गर्मी के चलते मौत हो गई है। मीडिया प्रभारी ने बताया कि अनिल कुमार नामक व्यक्ति की गर्मी के चलते मौत हो गई है। उसकी उम्र 40 वर्ष है। वहीं थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में रहते थे। उन्होंने बताया कि थाना ईकोटेक-तीन क्षेत्र में रहने वाले की 41 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की मौत गर्मी के चलते हो गई है। उन्होंने बताया कि थाना फेस-दो क्षेत्र में रहने वाले मंगल सिंह 32 वर्ष की मौत गर्मी के कारण हो गई है। उन्होंने बताया कि थाना बीटा-दो क्षेत्र में रहने वाले हरे राम शर्मा 40 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि थाना सेक्टर-142 क्षेत्र में रहने वाले शिवकुमार उम्र 47 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मालूम हो कि कल 12 से ज्यादा लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी जबकि सोमवार को आठ लोगों की मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि प्रचंड गर्मी के चलते लोग चलते-चलते सडक पर गिर जा रहे हैं। घरों में सोते समय मौत के शिकार हो रहे हैं यहां रहने वाले लोगों कहना है कि प्रचंड गर्मी और बिजली की आंख में मिचैली के चलते लोगों का जीना दूभर हो गया है।

# विश्व संगीत दिवस पर नन्हें संगीतकारों को सलाम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा**। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज स्टडीज (आईएमएस) नोएडा के सामुदायिक रेडियो सलाम नमस्ते 90.4 में विश्व संगीत दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में नन्हें संगीतकारों ने संगीत के प्रति अपनी साधना को रेडियो के माध्यम से जाहिर किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक संगीतकारों ने जनजागरूकता के लिए स्वरचित गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए आईएमएस नोएडा के महानिदेशक प्रो.(डॉ.) विकास धवन ने कहा कि संगीत केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह मानसिक शांति और सृजनात्मकता को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संगीत को बच्चों की शिक्षा का एक अभिन्न हिस्सा बनाया जाना चाहिए, ताकि वे न केवल शैक्षणिक रूप से बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी समृद्ध हो सकें। वहीं बचपन से ही संगीत के शौकीन एवं गीतकार रुचि भैराली ने बताया कि संगीत ऐसा होना चाहिए जो समाज में सकारात्मक बदलाव की प्रेरणा बने। समाज में सकारात्मक सोच के लिए संगीत एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में संगीत को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि बच्चे अपनी रचनात्मकता को निखार सके और समाज में एक सकारात्मक बदलाव ला सकें। सलाम नमस्ते की स्टेशन हेड बर्षा छबारिया ने बताया कि विश्व संगीत दिवस पर आयोजित आज के कार्यक्रम का उद्देश्य युवा एवं प्रतिभावान संगीतकार को प्रयोगात्मक संगीत के लिए प्रेरित करना है। वहीं आज के कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न संगीत वाद्यों पर अपने हुनर का प्रदर्शन किया, जिसमें तबला, बांसुरी, गिटार, जैसे वाद्य शामिल थे। इसके अलावा, बच्चों ने शास्त्रीय और आधुनिक संगीत का संगम प्रस्तुत करते हुए गीत भी गाए। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सामुदायिक रेडियो सलाम नमस्ते की टीम को भी बधाई दी गई, जिन्होंने इस कार्यक्रम को प्रसारित कर नन्हें संगीतकारों की आवाज को व्यापक स्तर पर पहुँचाया।







# यमुना प्राधिकरण में जापानी सिटी बसाने की तैयारी, सेक्टर 5 में बसेगी सिटी,जापान की कई कम्पनियों से हुई बातचीत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा**। यमुना प्राधिकरण 2041 के मास्टर प्लान में मल्टीप्ल लैंड स्कीम लेकर आ रही है। अभी इसे केवल इंडस्ट्री के लिए ही लाया जाएगा। इसमें 70% में केवल इंडस्ट्री बनेगी वहीं 30% में कॉमर्शियल ग्रुप हाउसिंग, प्लाट, वर्करों के रहने की जगह, अस्पताल स्कूल, माल, प्लाजा यह सब बनाए जाएंगे। इससे एक इंटीग्रेटेड इंड्रस्टी का सारा स्टैब्लिशमेंट एक जगह पर ही होगा। यमुना प्राधिकरण एक जापानी सिटी और कोरियन सिटी बसाने की तैयारी कर रहा है। यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 5 अ में जापान की एक जापनीज सिटी बसाने की योजना है। यह करीब 1000 एकड़ में बसाई जाएगी। इसको लेकर जेक्टो से भी बातचीत चल रही है।

वहीं, यमुना प्राधिकरण के अधिकारी जापान भी गए थे और इसको लेकर कई कंपनियों से बातचीत भी हुई। यमुना प्राधिकरण मल्टीप्ल लैंड यूज स्कीम में इनको जमीन देगा, जिससे कि बड़े-बड़े क्लस्टर यहां ले जाएं। यमुना प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि बाहर की बड़ी-बड़ी इंडस्ट्री की परेशानी यही रही है कि उनके वर्कर दूर-दूर से आते हैं, उनके वर्कर की रहने की जगह नहीं होती। अगर वह बाहर की कंपनियां है तो उनके कल्चर के लिए कोई जगह नहीं होती है। उनके सेंटर नहीं होते, उनके मतलब का उन्हें खाना नहीं मिलता। उनकी भाषा में कोई स्कूल नहीं होते, उनके अपने अस्पताल भी नहीं होते इन्हीं चीजों को ध्यान में रखकर मल्टीपल लैंड यूज की स्कीम लाई गई है। इससे इंडस्ट्री या जिस देश की इंडस्ट्री जहां पर बसेगी वहां पर उनके हिसाब से ही उस जगह को तैयार किया जाएगा।

# विश्व संगीत दिवस पर नन्हें संगीतकारों को सलाम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा**। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज स्टडीज (आईएमएस) नोएडा के सामुदायिक रेडियो सलाम नमस्ते 90.4 में विश्व संगीत दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में नन्हें संगीतकारों ने संगीत के प्रति अपनी साधना को रेडियो के माध्यम से जाहिर किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक संगीतकारों ने जनजागरूकता के लिए स्वरचित गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए आईएमएस नोएडा के महानिदेशक प्रो.(डॉ.) विकास धवन ने कहा कि संगीत केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह मानसिक शांति और सृजनात्मकता को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संगीत को बच्चों की शिक्षा का एक अभिन्न हिस्सा बनाया जाना चाहिए, ताकि वे न केवल शैक्षणिक रूप से बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी समृद्ध हो सकें। वहीं बचपन से ही संगीत के शौकीन एवं गीतकार रुचि भैराली ने बताया कि संगीत ऐसा होना चाहिए जो समाज में सकारात्मक बदलाव की प्रेरणा बने। समाज में सकारात्मक सोच के लिए संगीत एक सशक्त माध्यम है।

# नगर में जल्द चलेगा अतिक्रमण पर पीला पंजा: ईओ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर**। नगर में अतिक्रमण से जूझ रहा बाजार नगर की कई गलियों में तो हालत यह है कि आम आदमी खाली भी नहीं निकल सकता जैसे कि खुर्जा अड्डा, चैनपुरा चौराहा, इमली बाजार, जहांगीराबाद चुंगी, पेंठ बाजार, सहित आदि स्थानों पर नगर में अतिक्रमण जमा हुआ है जब इस सम्बन्ध में बुधवार को शिकारपुर एसडीएम प्रियंका गोयल, से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया है कि इस मामले में ईओ से वार्ता हुई है जल्द ही मिलकर नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा।

**नगर के व्यापारी बंधुओं से अतिक्रमण स्वयं हटाने की अपील अन्यथा होगी सख्त कार्रवाई : एसडीएम**

उधर एसडीएम, ने नगर के व्यापारियों से अपील की है कि रास्ते में अपना कोई भी सामान ना रखें और नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू होने से पहले ही अपने सामानों को व्यवस्थित जगह पर स्थापित करें अन्यथा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ जुमार्न की सख्त कार्रवाई की जाएगी शिकारपुर नगर पालिका ईओ नीतू सिंह, से अतिक्रमण पर चर्चा करने पर उन्होंने बताया है कि नगर में अतिक्रमण की शिकायतें लगातार मिल रही हैं जिस पर तत्काल संज्ञान लिया गया और जल्द ही नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा जिन लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है वह अपना सामान स्वयं हटा लें अन्यथा उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी ।



# फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा में 55 वर्षीय मरीज की किडनी से 6 से.मी.टेनिस बॉल के आकार के बराबर कैंसरग्रस्त ट्यूमर को रोबोटिक सर्जरी से सफलतापूर्वक निकाला गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा**। नोएडा फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा के डॉक्टरों ने 55 वर्षीय मरीज के गुर्दे से टेनिस बॉल आकार के 6 से.मी. कैंसरग्रस्त ट्यूमर को रोबोट की मदद से सफलतापूर्वक निकाला। अस्पताल के डॉ शैलेंद्र कुमार गोयल, डायरेक्टर यूरोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट, फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने इस चुनौतीपूर्ण सर्जरी को मात्र 30 मिनट में अंजाम दिया। प्रीवेंटिव हेल्थ चेक अप और शीघ्र डायग्नॉसिस ने मरीज के सफल उपचार में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। यह भारतीय मरीज दुबई के रहने वाले हैं जो छुट्टियों में भारत आए थे और इस दौरान उन्होंने प्रीवेंटिव हेल्थ चेकअप कराया। उनकी अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन रिपोर्टों से पता चला कि उनके दाएं गुर्दे में स्टेज 1 का कैंसरग्रस्त ट्यूमर था, जिसे निकालने के लिए तत्काल सर्जरी की आवश्यकता थी। समय पर सर्जरी नहीं करने पर कैंसर शरीर के अन्य भागों में फैल सकता था और जीवनघाती कंडीशन पैदा हो सकती थी। इसलिए, डॉक्टरों की टीम ने इस मामले में रोबोटिक पार्शियल नेफ्रेक्टॅमी की, इस प्रक्रिया में गुर्दे में से कैंसरग्रस्त ग्रोथ को हटाया गया और साथ ही, हेल्दी पार्ट को सुरक्षित रखा गया। रोबोटिक असिस्टेंस से की जाने वाली इस सर्जरी से अधिकतम सटीकता और कम समय का लाभ डॉक्टरों को मिला। साथ ही, सर्जरी के दौरान कम खून बहा जिसके परिणामस्वरूप मरीज की रिकवरी में कम समय लगा और उन्हें अस्पताल से भी जल्दी छुट्टी मिल गयी। इस मामले की जानकारी देते हुए, डॉ शैलेंद्र कुमार गोयल, डायेक्टर झ्र यूरोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट, फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा ने कहा, ह्लइस मामले में कई रिस्क फैक्टर थे क्योंकि मरीज पहले से ही अन्य कई रोगों से ग्रस्त थे, उनका वजन 90 किलोग्राम था और वह अनियंत्रित डायबिटीज (ल्हइअ1उ 11.2) से पीड़ित थे तथा उनका क्रिटनाइन लेवल भी अधिक (1.8) था। सर्जरी से पहले, हमने इंसुलिन और अन्य दवाओं की मदद से उनकी डायबिटीज को कंट्रोल किया। इसके अलावा, उन्हें डायबिटीज, हाइपरटेंशन और मोटापे की वजह से ब्लड थिनर्स की रेग्युलर डोज भी दी जा रही थी। इस सर्जरी में रीनल आर्टरी को बांधा गया था ताकि किडनी की ब्लड सप्लाई बंद की जा सके। इस वजह से हमारे पास ट्यूमर को निकालने और किडनी टिश्यूज तथा यूरिनरी ट्रैक्ट को रिपेयर करने के लिए केवल 30 मिनट का ही समय था ताकि यूरीन लीकेज की समस्या पैदा न हो पाए।

# गाजियाबाद जेल में रंगदारी के आरोपी की मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद**। डासना जेल में बंद संपूर्णानंद उर्फ काले अनेजा की बुधवार को मौत हो गई। मौत की सही वजह अभी पता नहीं चल सकी है। शव की वीडियोग्राफी कराते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। डासना जेल के वरिष्ठ अधीक्षक ने बताया- अनेजा को उल्टी और पेट दर्द की शिकायत पर 15 जून को जेल के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। देर रात उसकी हालत ज्यादा बिगड़ी तो जेल अस्पताल से संजयनगर के संयुक्त जिला अस्पताल में शिफ्ट किया गया। यहां आज सुबह साढ़े 5 बजे उसकी मौत हो गई। 22 सितंबर 2022 को गाजियाबाद की सिहानी गेट थाना पुलिस ने लाल क्वार्टर निवासी काले अनेजा को गिरफ्तार किया था। उस पर कार व्यवसायी से 20 लाख रुपए की रंगदारी मांगने का आरोप था। पुलिस ने रंगदारी मांगने में इस्तेमाल रिवॉल्वर और होंडा सिटी कार जब्त की थी। आरोप है कि काले अनेजा ने 12 जुलाई को कार व्यवसायी की कार में बैठे प्रदीप शर्मा व अमित चौधरी के साथ मारपीट की। इसके बाद रिवाल्वर तानकर 20 लाख रुपए मांगे और रकम न देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद 19 सितंबर को बाइक सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने काले अनेजा के नाम पर फिर से 20 लाख रुपए मांगे। इसी मामले में काले अनेजा 22 सितंबर 2022 से डासना जेल में बंद था। संपूर्णानंद उर्फ काले अनेजा के कई बीजेपी नेताओं से संबंध सामने आए थे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उसकी सबसे ज्यादा फोटो पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं गाजियाबाद के पूर्व सांसद वीके सिंह के साथ थे। इतना ही नहीं, एक पोस्टर में उसने मंत्री का भी फोटो प्रयुक्त करके खुद के पार्षद का चुनाव लड़ने का संदेश भी दिया था। हालांकि बाद में जनरल वीके सिंह के पीए कुलदीप चौहान ने इन फोटो को लेकर सफाई देते हुए कहा- बहुत लोग आए दिन पैर छूते हैं और फोटो खिंचवाते हैं।

# किसान से रिश्वत मांगने पर करप्शन फ्री इंडिया का हल्ला बोल प्रदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सूरजपुर**। सदर तहसील में तैनात कानूनगो एवं ड्राइवर के द्वारा मुवावजे की फाइल पास कराने के नाम पर तहसीलदार, लेखपाल आदि के नाम से रिश्वत में लाखो रुपए मांगने का ऑडियो सामने आने पर करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कार्यकताओं ने बुधवार को उपजिलाधिकारी वेद प्रकाश सिंह को ज्ञापन सौंपा।

करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय व आलोक नागर ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के इमलिया गांव निवासी वीर सिंह अपने मूल मुवावजे की फाइल पर हस्ताक्षर करने के लिए सदर तहसील में तैनात कानूनगो कुंवरपाल यादव उर्फ केपी यादव के पास पहुंचा तो उसने फाइल आगे बढ़ाने के लिए मना कर दिया और कह दिया कि लेखपाल के ड्राइवर अशोक से मिल लीजिए। बेचारे किसान ने ड्राइवर से बात की तो उसने बताया कि कानूनगो साहब मुआवजे की फाइल पर हस्ताक्षर करने की आवाज में ढाई लाख रुपए मांग रहे हैं। ऑडियो में सदर तहसील के कानूनगो एवं लेखपाल के ड्राइवर अशोक के बीच में ढाई लाख रुपए किस तरह बांटने हैं उसकी चर्चा में कानूनगो ने स्वीकार किया है कि 100000 मुझे चाहिए 50000 लेखपाल को 5 0 0 0 0 तहसीलदार को और 50000 ड्राइवर अशोक को दे देना। प्रवीण भारतीय ने कहा कि गौतम बुध नगर में अधिकतर किसानों के साथ मुआवजे की फाइल के नाम पर लेखपाल कानूनगो एवं अन्य अधिकारी ऐसे ही परेशान कर अपने ड्राइवर या प्राइवेट आदमियों से फाइल पर हस्ताक्षर करने के नाम पर मोटी रकम वसूल कर हमारे साथ भ्रष्टाचार कर रहे हैं। कोर कमेटी सदस्य मास्टर दिनेश नागर ने कहा कि भ्रष्टाचार को बिल्कुल भी करप्शन फ्री इंडिया संगठन बर्दाश्त नहीं करेंगा उन्होंने बताया की इस प्रकरण के ऑडियो की आज उपजिलाधिकारी वेद प्रकाश सिंह को ज्ञापन सौंपकर तत्काल जांच कर दोषी पाए जाने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को सस्पेंड करते हुए तत्काल जेल भेजने की मांग की तथा मास्टर दिनेश नागर ने कहा कि अन्यथा करप्शन फ्री इंडिया संगठन व क्षेत्र के लोग इस भ्रष्टाचार के खिलाफ जिला मुख्यालय पर भूख हड़ताल करेंगे। इस दौरान मास्टर दिनेश नागर, राकेश नागर ,यतेंद्र नागर, गौरव भाटी, श्रवण नागर, राम नागर, बालेश्वर हवलदार, कपिल, प्रिंस, बिल्लू नागर,बीर सिंह, सरजीत, रोशन, सरताज, कपिल कसाना, तेजवीर चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।




**सम्मान** 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तत्वाधान में बनाए योगासन में 10 विश्व रिकॉर्ड


# मोती महल लान में सजी योग की शानदार महफिल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ**। मोती महल वाटिका लखनऊ में योगासन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड काउंसिल के तत्वाधान में जश्ने आजादी ट्रस्ट व भारतीय आदर्श योग संस्थान द्वारा आमंत्रित 10 प्रतिभागियों ने अपने-अपने आसनों में एकल रूप से 10 विश्व रिकॉर्ड स्थापित किए।इस कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्रा जी ने दीप प्रज्वलन कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सामान्य प्रोटोकॉल का अभ्यास कर शुभारंभ किया।इस अवसर पर डॉ आनंदेश्वर पांडे,चेयरमैन योगासन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड काउंसिल,यूएई अध्यक्ष सैय्यद रफत जुबेर रिजवी, काउंसिल के सीईओ आचार्यश्री डॉ यश पाराशर,चीफ एडिटर मालविका वाजपेई ने सभी 10 विश्व कीर्तिमान घोषित किए।लखनऊ से आरना खुराना ने सुप्त तितिभासन 33 मिनट 06 सै. पदम चक्रासन में 02 मिनट 31 सै. विश्व रिकॉर्ड बनाया।उन्नाव से भूमि तिवारी ने तीन आसनों में रामदूतासन 35 मिनट 27 सै. कमरमरोड़ आसन मे 12 मिनट 35 सै. व राजकपोतासन 05 मिनट 26 सै. तक रुक कर रिकॉर्ड अपने नाम किया।सौम्या ओझा कानपुर ने परिवर्तित जानू शीर्षासन मे 23 मिनट 34 सै. और तिम्यासन में 07 मिनट 15 सै. रुक कर विश्व कीर्तिमान अपने नाम किए।रायबरेली से सृष्टि सोनकर ने पदपुत्र परिवर्तित जानू शीर्षासन में 33 मिनट 06 सै. कर विश्व रिकॉर्ड बनाया।कानपुर से डॉ भावना श्रीवास्तव ने वज्रआसन में 45 मिनट 03 सै. करके विश्व रिकॉर्ड बनाया। गाजियाबाद से अंजलि भारद्वाज ने शशांकासन में 39 मिनट 11 सेकंड तक रुककर विश्व रिकॉर्ड बनाया। लखनऊ की दिया आहूजा ने 9 महीने की गर्भावस्था में चार कठिन आसनों जिसमें वॉरियर पोज, टाइगर पोज, सेतुबंध आसन और वृक्षासन में विश्व रिकॉर्ड बनाएं।मालविका जी के निर्देशन में बने ये चारों आसन के लिए मालविका ने बताया की ऐसी परिस्थिति में ये कारनामा करने वाली दिया पहली योगिनी है और पूरी महिला वर्ग के लिए एक प्रेरणा है। अतिथियों द्वारा सभी चारों रिकॉर्ड से दिया को सम्मानित किया गया।दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम महिला सशक्तिकरण को सार्थक करते हुए सभी विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले सभी प्रतिभागी महिलाएं थी।इस कार्यक्रम के आयोजक मुरलीधर आहूजा व कृष्ण दत्त मिश्रा जी ने सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई प्रेषित की व मीडिया का भी आभार प्रकट किया साथ ही प्रोटोकॉल के लिए शहर से आए सभी योगाभ्यासियों को 21 जून की शुभकामनाएं प्रेषित की।इस अवसर पर समाजसेवी अब्दुल वहीद,अजीज सिद्दीकी,डॉक्टर आदर्श त्रिपाठी,डॉक्टर राधेश्याम, मुतुर्जा अली, शहजादे कलीम,कुदरत उल्ला खान,साकेत शर्मा,परवेज अख्तर,आरिफ मुकीम,शालू सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

**मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने दीप प्रज्वलन कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सामान्य प्रोटोकॉल के अभ्यास का किया शुभारंभ**





# नोएडा-गाजियाबाद और फरीदाबाद के कारोबारियों की बल्ले बल्ले: FNG एक्सप्रेसवे बनने से इनको सीधा फायदा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। गाजियाबाद नोएडा : नोएडा, और फरीदाबाद के बीच में (FNG) मार्ग के बनने से एनसीआर के इन तीनों प्रमुख जिलों के लोगों को उद्योग में सबसे ज्यादा लाभ मिलने वाला है। इस मार्ग के बन जाने से तीनों शहरों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल पाएगी। इन्हें एक नया मार्ग मिल सकेगा और सामान ले जाने और लाने में आसानी रहेगी। प्रतिदिन कच्चे और निर्मित उत्पादों के आदान-प्रदान कम समय में हो सकेगा। गाजियाबाद और नोएडा की छोटी छोटी इकाइयों से फरीदाबाद काफी तादात में कच्चा माल भेजा जाता है। दोनों के बीच सबसे अधिक इंजीनियरिंग गुड्स और फोर्जिंग का कारोबार होता है। इसके अलावा भी कई उत्पादों का कारोबार किया जाता है। ऐसे में एफएनजी परियोजना पूरी होने का सीधा फायदा इन कारोबारियों को होगा। गाजियाबाद और फरीदाबाद के बीच की दूरी, आपको बता दें कि गाजियाबाद से फरीदाबाद को सीधे सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए एफएनजी परियोजना तैयार की गई थी। इस परियोजना में गाजियाबाद की कोई भागीदारी नहीं है, लेकिन यह सड़क मार्गराष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) नौ पर नोएडा के



छिजारसी कट तक तैयार होगी। इस कारण एफएनजी से आने वाले वाहन सीधेएनएच नौ सेजुड़ जाएंगे। वाहन चालकों को दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा। साथ ही जाम की समस्या से भी छुटकारा मिल सकेगा। यह परियोजना तैयार होने का फायदा लाखों लोगों को होगा। नए मार्ग के तैयार होने से लोग कम समय और जाम की समस्या से बच तेहुए आसानी से अपने गंतव्य पर पहुंच सकेंगे। वह इस मार्ग के जरिये सीधे फरीदाबाद और गाजियाबाद आ-जा सकेंगे। इस मार्ग के तैयार होने से गाजियाबाद और फरीदाबाद के बीच की दूरी भी कम हो जाएगी। समय से पहुंचेगा सामान फरीदाबाद में बड़े उद्योग लगे हुए हैं। ऐसे में गाजियाबाद की छोटी-छोटी इकाइयों से फरीदाबाद काफी तादात में कच्चा माल भेजा जाता है। दोनों के बीच सबसेअधिक इंजीनियरिंग गुड्गुड्स और फोर्जिंग का कारोबार होता है। इसके अलावा भी कई उत्पादों का कारोबार किया जाता है। ऐसे में एफएनजी परियोजना पूरी होने का सीधा फायदा इन कारोबारियों को होगा। इन्हें एक नया मार्ग मिल सकेगा और सामान ले जाने और लाने में आसानी रहेगी। छात्रों को भी फायदा मिलेगा गाजियाबाद और नोएडा मेंकाफी तादाद में शैक्षिक संस्थान है, जिनमें लाखों छात्र पढ़ते हैं। एफएनजी एक्सप्रेसवे तैयार होने का फायदा छात्रों को भी होगा। छात्र फरीदाबाद समेत आसपास के क्षेत्रों से आसानी से गाजियाबाद पहुंच सकेंगे। इसके अलावा फरीदाबाद में कार्यरत लोगों को इस मार्ग के आसपास आवासीय विकल्प खरीदनेया किराये पर लेने की सुविधा मिल सकेगी। लोगों की मांग है कि सरकार इस परियोजना को जल्द सिरेचढ़ाए। इससे शहर के सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिल सकेगा। कम किराया देना पड़ेगा एफएनजी शुरू होने से नोएडा और फरीदाबाद की औद्योगिक इकाइयों को सहूलियत मिलेगी। नोएडा में ही 11 हजार,औद्योगिक इकाइयां काम कर रही हैं। प्रतिदिन कच्चे और निर्मित उत्पादों के आदान-प्रदान कम समय में हो सकेगा। वर्तमान में दोनों शहरों के सामान को लानेऔर ले जाने के लिए दिल्ली के सरिता विहार सेजाना पड़ता है, जिससे समय ज्यादा लगने के साथ ही किराया भी अधिक देना पड़ता है।

# लोहा मंडी में अतुल जैन द्वारा आधार कार्ड,आय प्रमाण पत्र और राशन कार्ड बनवाने हेतु लगाया जाएगा निशुल्क कैंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के तत्वावधान में 20 जून को 108 लोहा मंडी पर एक निशुल्क कैंप कर्मचारीयों मजदूरों, गरीबों और जरूरतमंदों के लिए आधार कार्ड,आय प्रमाण पत्र और राशन कार्ड बनवाने हेतु लगाया जाएगा जिससे लोहा मंडी क्षेत्र और अन्य क्षेत्रों के जरूरतमंदों को सुविधा मिल सके। गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ.अतुल कुमार जैन ने बताया कि इस तरह की जन कल्याणकारी योजनाओं का का लाभ जरूरतमंदों और गरीबों तक पहुंच सके इस तरह के कार्य संस्था लगातार करती रहती है और राज्य और केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लिए जागरूकता बढ़ाने हेतु लगातार कार्य करती है आगे भी स्वास्थ्य संबंधी कैंप और अन्य लाभकारी योजनाओं के लिए कैंप का आयोजन किया जाएगा।

# गाजियाबाद रेलवे लाइन के नीचे नाले की सफाई कराने हेतु कर्मचारियो के साथ नाले में खुद उतर कर शास्त्री नगर पार्षद अमित त्यागी ने निरीक्षण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। गाजियाबाद महिंद्रा एंक्लेव पार्षद अमित त्यागी ने कर्मचारियों के साथ मिलकर अपनी देखरेख में सफाई अभियान चलाया वह बारिश के मौसम के देखते हुए मौके पर खड़े होकर सफाई अभियान चलाया पार्षद अमित त्यागी ने बताया कि रेलवे लाइन पर विवेकानंद नगर फ्लाईओवर के नीचे रेलवे नाले की सफाई रेलवे द्वारा मशीन से नहीं करने दी जाती है। इस कारण मैनुअल तरीके से खुदाई कर लाइन के नीचे की तरफ से मिट्टी और सिल्ट निकालने का कार्य नगर निगम के द्वारा आज से शुरू किया गया है । इस स्थान पर रेलवे लाइन के नीचे 10 से 12 फूट तक नाले में सिल्ट जमा है और एक जगह पर रेलवे लाइन के नीचे पड़े गाटर के कारण पानी निकलने का नाले में रास्ता केवल 2 फुट का बचा है । जिसके कारण राजनगर , कविनगर और शास्त्री नगर में बरसात में भारी जलभराव हो जाता है ।शास्त्री नगर से पार्षद अमित त्यागी लगातार इस विषय से महापौर और निगम अधिकारियों को अवगत करा रहे थे । आज पार्षद अमित त्यागी और निगम अधिकारियों ने खुद जाकर नाले में उतर कर नाले में जमा सिल्ट निकालने के कार्य को रेलवे लाइन के नीचे और आसपास शुरू करवाया ।





# गर्मी का कहर : गाजियाबाद-नोएडा में 60 की मौत, सड़कों पर बेहोश हो रहे हैं लोग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद/नोएडा** ।वैसे तो उत्तर प्रदेश में प्रचंड गर्मी का कहर जारी है। यूपी की बात करें तो दो सौ लोगों के आसपास मौत हो गई है। वहीं गाजियाबाद और नोएडा में भी गर्मी का कहर जारी है। लोग सडकों पर चलते-चलते बेहोश हो रहे हैं तो वहीं जिस तरह कोरोना में श्मशान घाटों पर शवों के अंबार थे ठीक उसी तरह गर्मी में भी यही हाल है। जो अस्पताल में आ गये हैं उनके शवों का पोस्टमार्टम हो रहा है। 24 घंटे के अंदर गाजियाबाद और नोएडा में 60 लोगों की मौत हो गई है। 36 घंटों का आंकड़ों देखें तो ये संख्या और भी बढ़ सकती है।

**कोरोना की तरह श्मशान घाटों पर शवों का अंबार 24 घंटे के अंदर गाजियाबाद और नोएडा में 60 लोगों की मौत हो गई है। 36 घंटों का आंकड़ों देखें तो ये संख्या और भी बढ़ सकती है।**

गाजियाबाद में बीते ३६ घंटे में गर्मी से जिले में बीस लोगों की मौत हो गई है। जिसमें दो बच्चे भी शामिल है। बेहोश हो जाने के बाद अस्पताल ले जाने के रास्ते में ही लोग दम तोड़ रहे हैं। ऐसे १२ लोग अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ चुके थे और पांच की मौत उपचार के दौरान हुई थी। बताया जा रहा है कि अधिकतर की मौत हीट स्ट्रोक के चलते हुई है। मौसम विभाग ने 19 जून तक हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। सूरज की तपिश से तापमान इस बार लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। अस्पतालों में



हीट वेव, डायरिया के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जयप्रकाश, सिद्धार्थ विहार निवासी अवनीश पांडे, अमन कॉलोनी निवासी मोहम्मद रफीक, वसुंधरा सेक्टर निवासी मोहम्मद इम्तियाज, विजयनगर निवासी सावित्री, देव नारायण, परी, रमेशचंद्र, देवेश, राजवती, अनिल सिंह को जिला अस्पताल व संयुक्त अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। चार अज्ञातों को भी सडक से बेहोशी की हालात में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन सभी की मौत हो गई। अन्य अस्पतालों में भी मरीजों की भीड लगातार बढ रही है। गर्मी से बेहाल लोग तमाम उपाए अपना रहे हैं, इसके बावजूद गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। संयुक्त अस्पताल के सीएमएस डॉ.विनोद चंद्र पांडेय ने बताया कि हीट स्ट्रोक के अधिकतर मरीज इमरजेंसी में बेहोशी की हालात में पहुंच रहे हैं। कई मरीज अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड चुके हैं। आज सुबह भी संयुक्त अस्पताल में दो मौत हो चुकी हैं जिसमें एक अज्ञात है। वहीं जिला अस्पताल की बात करें तो पिछले २४ घंटे में ही यहां १२ लोगों की मौत हीट स्ट्रोक व गर्मी के कारण हो चुकी है। अधिकतर लोगों को अस्पताल में बेहोशी की हालात में ही लाया गया था। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि ओपीडी में आने वाले मरीजों को भी अनिवार्य रूप से ओआरएस का घोल दिया जा रहा है ताकि वह गर्मी की चपेट में आने से बच सकें।

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक सम्पन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। गाजियाबाद महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता समिति

**योजनाओं का क्रियान्वयन अधिक सुगमता एवं सरलता से किया जा सके, इसके लिए लें जनता का फीडबैक: जिलाधिकारी**

की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डॉ.सीमा ज़िला पूर्ति अधिकारी द्वारा समिति के समस्त की विभागीय कार्यों की प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराया गया, जिस पर समिति के समस्त सदस्यों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि जिला स्तरीय सतर्कता समिति इसलिए गठित की जाती हैं कि समिति के सदस्यों द्वारा आम जन का सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं विभागों द्वारा कैसा कार्य हो रहा हैं इसकी फीडबैक मिलें, जिससे की कार्यों में और अधिक सुधार व सरलता हो सके। आप सभी समिति के सदस्यों को दायित्व है कि आप लोगों से उनका फीडबैंक लें, जिससे की योजनाओं का क्रियान्वयन और अधिक सुगमता एवं सरलता से किया जा सके। बैठक में मुख्य रूप से जिला पूर्ति अधिकारी डॉ.सीमा वार्ष्णेय, जिला विकास अधिकारी प्रज्ञा श्रीवास्तवा, बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।



# जिलाधिकारी ने सुनी जन शिकायतें, पेयजल समस्या को लेकर खोड़ा निवासी मिले

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय पर जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक कार्यदिवस में सुबह 10:00 से जन सुनवाई की जाती हैं। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के समक्ष प्रतिदिन की तरह राजस्व, विकास कार्य, जीडीए, नगर निगम से सम्बंधित अनेक शिकायतें आई जिन्हें जिलाधिकारी द्वारा सम्बंधित अधिकारी को भेजते हुए निर्देशित किया गया कि उक्त शिकायत का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण समयान्तराल में किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ खोड़ा रेसिडेंट्स एसोसिएशन रजि. के अध्यक्ष दीपक जोशी के नेतृत्व में पेयजल के सम्बंध में जिलाधिकारी से मिलें। जिलाधिकारी ने महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में उनके साथ बातचीत की और एसोसिएशन द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन भी प्रेषित किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी महोदय ने उपस्थित लोगों को अवगत कराया कि प्रमुख सचिव द्वारा फरवरी माह में ही इस परियोजना को स्वीकृति मिल चूकी हैं जिसकी कुल लागत 185.50 करोड़ रुपए हैं और कार्य लागत 140 करोड़ रुपए हैं। सम्भवतः इस माह के अन्त तक मुख्य सचिव से स्वीकृति प्राप्त हो जायेगी और अगले दो माह तक निविदा होने के पश्चात भूतल पर कार्य शुरू हो जायेगा। सभी लोगों द्वारा जिलाधिकारी का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद प्रेषित किया गया।





# श्रीकृष्ण योगधाम ट्रस्ट शिवशक्ति धाम लगाएगा 500 पौधा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** गाजियाबाद मानसून शुरू होने वाला है। शासन स्तर से मानसून के दौरान पौधारोपण की तैयारियां की जा रही हैं। श्रीकृष्ण योगधाम ट्रस्ट शिव शक्ति धाम डासना की ओर से इस मानसून में आश्रम में 500 पौधे लगाने का निर्णय लिया

**पौधे लगाने के साथ ही उनके संरक्षण भी ट्रस्ट उठाएगा जिम्मेदारी**

गया है। शिव शक्ति धाम डासना की संस्था श्रीकृष्ण योगधाम ट्रस्ट के महामंत्री छोटे नरसिंहानंद अनिल यादव ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से पौधे लगाने से लेकर उनकी सिंचाई और संरक्षण की पूरी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि देश भर में और विशेष रूप से गाजियाबाद में हरियाली बेहद तेजी से कम हो रही है। वन और खेत खत्म हो रहे हैं, जिससे प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है। इससे ज्यादा गर्मी पड़ने के साथ ही भूजल की स्थिति भी खराब होती जा रही है। लोगों को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए। एक घर में जितने लोग हों कम से कम उतने पौधे लगाएं और उन्हें संरक्षित भी करें। यदि जिले की आबादी के अनुसार प्रति व्यक्ति एक पौधा लगाकर उसे संरक्षित करता है तो जिले में लोगों को प्रचुर ऑक्सीजन मिलेगी। इसका प्रभाव पर्यावरण पर भी पड़ेगा और भूजल स्तर में भी सुधार होगा। छोटे नरसिंहानंद अनिल यादव ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से यह अभियान शुरू किया जा रहा है। इसके पहले चरण में आश्रम में पौधा रोपण किया जाएगा। ट्रस्ट की ओर से फलदार पौधे लगाए जाएंगे। पौधों को रोपने के लेकर उनके बड़े होने तक उनका पूरा ध्यान रखा जाएगा। पौधे को भी संरक्षण की जरूरत होती है। हमें पेड़, पौधों को मित्र बनाना चाहिए और उनका पूरा ध्यान रखना चाहिए। जिस तरह से एनसीआर में कंक्रीट का जंगल बन गया है उसकी प्रतिकूलता सभी को महसूस हो रही है। एनसीआर में प्रदूषण की गंभीर समस्या बन गई है। जिससे कई तरह की बीमारियां भी फैल रही हैं। सभी को पौधे लगाने और उन्हें संरक्षित रखने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि आश्रम से इस अभियान को करके पूरे गाजियाबाद और एनसीआर में चलाया जाएगा। ट्रस्ट का प्रयास रहेगा कि गाजियाबाद और एनसीआर में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर उन्हें संरक्षित भी किया जाए। पेड़ों की अधिकता से ही प्रदूषण और तेज गर्मी से निजात मिल सकती है।



# अप्रैल में बीस लाख रुपये देने की बात कहकर श्रीकांत त्यागी खुद चुनाव आचार संहिता उल्लंघन में फंसे: डॉ.बीपी त्यागी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। गाजियाबाद राष्ट्रवादी नव निर्माण दल के पूर्व नेता व डॉ. बीपी त्यागी ने दावा किया कि आठ माह पूर्व बनाये गये राजनीतिक दल को अभी तक चुनाव

**चुनाव आयोग से राष्ट्रवादी नव निर्माण दल की मान्यता रदद् करने की मांग करेंगे**

चिन्ह नहीं मिला है और न ही अभी तक पार्टी का खाता खुला है। पार्टी में अब तक 70 लाख से अधिक की फंडिंग हुई है। डॉ. बीपी त्यागी ने यहां बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वे इस पार्टी के अध्यक्ष श्रीकांत त्यागी से पूछना चाहते हैं कि आखिर इस धन का उपयोग किस मद में और किसने किया। उन्होंने कहा कि श्रीकांत त्यागी ने मीडिया के बातचीत में कहा है कि वे अप्रैल में बीस लाख?रुपये उनके (डॉ.बीपी त्यागी) के घर पर रखकर गये थे। डॉ.बीपी त्यागी ने कहा कि अप्रैल में चुनाव आचार संहिता लागू थी और इस दौरान बीस हजार रुपये से अधिक की नकदी रखने की इजाजत नहीं थी। तो क्या श्रीकांत त्यागी यह बताएंगे कि जिन बीस लाख रुपये को वे उनके घर पर रखने का दावा कर रहे हैं, वह धनराशि उन्हें कहां से मिली। क्या इतनी धनराशि का नकद लेना या रखना चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन नहीं था। उन्होंने कहा कि वे इस मामले की शिकायत चुनाव आयोग से करेंगे और राष्ट्रवादी नव निर्माण दल की पंजीयन को निरस्त करने की मांग करेंगे। डॉ. त्यागी का कहना है कि बहुत जल्द ही राष्ट्रवादी नव निर्माण दल के 60 फीसदी पदाधिकारी अपने पदों से इस्तीफा देंगे। यह घोषणा समाज के लोगों की एक बड़ी बैठक करके की जाएगी और पार्टी?छोड़ने का कारण भी बताये जाएंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि श्रीकांत त्यागी राष्ट्रवादी नव निर्माण दल का निर्माण ही समाज से लूट खसोट करने के लिए बनाया है। अब लोग उनकी नीयत को समझ गये हैं, इसलिए वे इससे किनारे करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ?लोग उनमें व श्रीकांत त्यागी में समझौता करने का प्रयास कर रहे हैं। वे भी मामले के आगे नहीं बढाना चाहते लेकिन जिस तरह से पार्टी के पदाधिकारी उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके जबाव में वे जल्द ही पार्टी से जुड़े कई और मामलों को उजागर करेंगे।



शुभारम्भ

## अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाना चाहिए: अभिनव गोपाल

# सी0आई0एस0एफ0 के डी0आई0जी0 एवं मुख्य विकास अधिकारी ने किया योग कार्यक्रम का शुभारम्भ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 के अन्तर्गत 15 जून से 21 जून 2024 तक मनाये जाने वाले योग सप्ताह के पंचम दिवस पर आज प्रातः 6 बज से 7 बजे तक सी०आई०एस०एफ० ग्राउण्ड इन्दिरापुरम गाजियाबाद में जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा आयोजित योग अभ्यास कार्यक्रम का बृहद रूप से सफल आयोजन किया गया, आज के कार्य कम उदघाटन सी०आई०एस०एफ० के डी०आई०जी० एवं मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल जी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया, इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने अपने सम्बोधन में योग एवं आयुर्वेद की दैनिक जीवन में उपयोगिता एवं उससे होने वाले लाभों के बारे में विस्तृत प्रकाश डाला तथा उपस्थित योग साधकों से अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने का आवाहन किया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में सी०आई०एस०एफ० के अधिकारियों एवं जवानों के साथ-साथ जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ-साथ आयुर्वेद विभाग के समस्त चिकित्साधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। योग कार्यक्रम में साधकों को आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक, अंकित त्यागी एवं सारिका सिंह द्वारा योगाभ्यास कराया गया।






कार्यक्रम के अन्त में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, डा० अशोक कुमार राना ने उपस्थित अतिथियों, अधिकारियों एवं योग साधकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी से योग एवं आयुष विधा को अपनाने एवं दिनाँक 21 जून 2024 को रामलीला मैदान कविनगर गाजियाबाद में होने वाले मुख्य योग कार्य कम में (प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक) सम्मिलित होने का आवाहन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सी० आई० एस० एफ० के कमान्डैन्ट, डिप्टी कमान्डैन्ट का विशेष योगदान रहा, कार्यक्रम में मंच संचालन पूनम शर्मा द्वारा किया गया।

# पंजाबी सभा समिति ने छबील लगाकर मीठे शरबत का वितरण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** निर्जला एकादशी के पावन पर रेलवे रोड स्थित गुरुद्वारा श्री कलगीधर सिंह सभा के बाहर पंजाबी सभा समिति



द्वारा छबील लगाकर दूध शरबत प्रसादी का वितरण किया गया। ठंडा शरबत पीकर लोगों को भयंकर गर्मी से राहत मिली।

पंजाबी सभा समिति के अध्यक्ष संजय कुमार डावर ने सेवा शिविर के लिए सभी सहयोगियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि पंजाबी सभा समिति समय-समय पर इस प्रकार के सामाजिक कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर पंजाबी सभा समिति के पूर्व अध्यक्ष हरीश ग्रोवर,सौरभ गाबा,डॉ अशोक ग्रोवर,डॉ मनमोहन कक्कड़,सरजीत सिंह चावला,कमलदीप अरोड़ा, सरदार कमलजीत सिंह,सरदार जसबीर सिंह,श्याम सुंदर खन्ना,जगदीश माकन, अशोक सोढ़ी,विजय डावर, नवीन सचदेवा,राकेश कालड़ा,गुलशन माकन, यशपाल तनेजा,संजय सेठी, लेखराज, अनेजा, विनोद थापर,हरीश सूरी,कालू खरबंदा,कपिल मुंजाल,रोहित कालड़ा आदि उपस्थित थे।

# जिले में 1800 ई-रिक्शा पर 2.25 करोड़ का टैक्स बकाया: एआटीओ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद में संचालित सहित 4600 वाहन स्वामियों पर 18 करोड़ का टैक्स बकाया है। जिसमें सबसे अधिक ई- रिक्शा पर 2.25 करोड़ का टैक्स बकाया है। जिसे जमा करने के लिए फोन के माध्यम से वाहन स्वामियों को सूचना भी दी गयी,लेकिन उनके कानों

- जिले में 4600 वाहन मालिकों पर 18 करोड़ टैक्स बकाया,आरसी जारी
- अब राजस्व कर्मियों द्वारा टैक्स वसूल किया जायेगा
- विभाग ने फोन के माध्यम से भी टैक्स जमा करने की सूचना दी
- शहर में जाम लगने से कारण बनती जा रही है,ई-रिक्शा
- एक ई-रिक्शा पर प्रतिवर्ष 1800 रुपये का रोड टैक्स निर्धारित है

पर जूँ तक नहीं रेंगी। परिवहन विभाग ने टैक्स वसूलने के लिए आरसी जारी कर दी है। अब राजस्व कर्मियों द्वारा वाहन चालकों से टैक्स वसूल किया जायेगा।

आपको बता दें,कि जनपद में करीब छह हजार




गिरीश त्यागी



संजय डाबर



शहर में ई-रिक्शा के कारण लगे जाम का नजारा



छवि सिंह

से अधिक ई-रिक्शा परमिट लेकर विभिन्न मार्गों पर संचालित हो रही है। जिनमें से 1800 ई-रिक्शा पर 2.25 करोड़ का टैक्स बकाया है। जिले में ई-रिक्शा सहित 4600 वाहन स्वामियों पर 18 करोड़ का टैक्स बकाया है। जिसे जमा करने के लिए विभाग द्वारा फोन के माध्यम से भी सूचित किया। लेकिन उनके कानों पर जूँ तक नहीं रेंगी है। अब विभाग द्वारा टैक्स वसूलने के लिए आरसी जारी की गयी है। अब राजस्व कर्मियों द्वारा वाहन स्वामियों से टैक्स वसूल किया जायेगा।

वहीं दूसरी ओर जनपद में वैध के साथ-साथ काफी संख्या में अवैध रूप से ई-रिक्शाओं का संचालन हो रहा है। जिससे सरकार को प्रतिमाह राजस्व की हानि होने के साथ-साथ ई-रिक्शा शहरों में जाम लगने का कारण भी बनती जा रही है। अब जनता के इनके खिलाफ कार्यवाही करने की मांग उठा रही है। जिससे शहर में जाम की स्थिति उत्पन्न नहीं हो।

**अवैध ई रिक्शा का संचालन बंद होना चाहिए**

समाज सेवी गिरीश त्यागी का कहना है,कि शहर में अवैध ई-रिक्शाओं का संचालन बंद होना चाहिए। वैध ई-रिक्शाओं के संचालन हेतु मार्ग निर्धारित कर दिये जाये। जिससे शहर में जाम की स्थिति में सुधार होगा।

**शहर में जाम लगने का कारण बन रही है,ई रिक्शा**

समाज सेवी व पंजाबी सभा समिति के अध्यक्ष संजय डाबर का कहना है,कि मुख्य चौराहों पर जाम लगने का कारण ई-रिक्शा बनती जा रही है। इनके चौराहों पर जाने पर रोक लगनी चाहिए। ऐसा होने से शहरों में जाम की स्थिति में काफी सुधार होगा।

**जिले में 6 हजार से अधिक ई रिक्शा संचालित**

परिवहन विभाग में करीब 6 हजार से अधिक ई रिक्शा पंजीकृत है। जिनमें से 1800 ई रिक्शा के स्वामियों से टैक्स जमा नहीं किया है। टैक्स जमा नहीं करने से सीज करने की कार्यवाही भी की जायेगी।

**जिले में वाहनों पर बकाया टैक्स**

वसूली पत्र 1997 डीएम को प्रेषित-5.84 लाख
मांग पत्र प्रेषित 1022 बकाया -194.94 लाख
1800 ई रिक्शा पर बकाया -2.25 करोड़
ट्रक,मोटर,जेसीबी व अन्य पर बकाया-3.50 करोड़

**विभाग ने टैक्स जमा कराने को दी सूचना**

जिले में 4600 वाहन स्वामियों पर 18 करोड़ का टैक्स बकाया है। जिसे जमा करने के लिए फोन के माध्यम से विभाग द्वारा सूचित भी किया गया। लेकिन वाहन स्वामियों के कानों पर जूँ तक नहीं रेंगी।

**एआरटीओ प्रशासन का कहना**

एआरटीओ प्रशासन छवि सिंह का कहना है,कि जिले में ई-रिक्शा सहित 4600 वाहन स्वामियों पर 18 करोड़ का टैक्स बकाया है। जिसे वसूलने के लिए आरसी जारी की गयी है। अब राजस्वकर्मियों द्वारा वाहन स्वामियों से टैक्स वसूल किया जायेगा।

# नाला सफाई अभियान...अपर जिलाधिकारी ने नाला सफाई का किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** आगामी बरसात में मद्देनजर जनपद की सदर नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में नाला सफाई अभियान

- बरसात में शहर में जल भराव की स्थिति उत्पन्न नहीं हो: संदीप कुमार
- शहर के 47 नालों की सफाई का कार्य पूर्ण: मनोज
- जनता से अपील नाले व नाली में पालीथीन नहीं डाले

चलाया जा रहा है। बुधवार को अपर जिलाधिकारी ने नाला सफाई का निरीक्षण कर निर्देशित किया,कि बरसात में शहर में जल भराव की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। अभियान में शहर के 47 नालों की सफाई का कार्य पूरा हो गया है।





आपको बता दें,कि शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर छोटे बड़े 49 नाले हैं। नगर पालिका परिषद द्वारा अभियान चलाकर बरसात शुरू होने से पूर्व नगर पालिका परिषद द्वारा नालों की सफाई कराई जा ही हैं। शहर के मुख्य नाला सिकन्दर गेट व शिवगढ़ी नाले की सफाई भी करा दी गयी है। बुधवार की सुबह अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार ने नगर पालिका परिषद के सफाई निरीक्षक राजकुमार के साथ शहर में नाला सफाई का निरीक्षण किया। जिसके उपरांत उन्होंने निर्देशित किया,कि बरसात में शहर में जल भराव की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। नगर पालिका परिषद के कार्यवाह ईओ,डिप्टी कलेक्टर मनोज कुमार सिंह ने कहा कि बरसात में शहर में जल भराव की समस्या उत्पन्न नहीं होगी। सभी नालों की सफाई जेसीबी मशीन से कराई जा रही हैं। बरसात शुरू होने से पूर्व नालों की सफाई का कार्य पूर्ण हो जायेगा। बुधवार तक शहर के 47 नालों की सफाई का कार्य पूरा हो गया है।

मुख्य सफाई निरीक्षक आवेश कुमार ने शहर की जनता से नाले नालियों में पालीथीन नहीं डालने का आह्वान किया हैं। मानसून आने से पूर्व शहर के सभी छोटे बड़े 49 नालों की सफाई का कार्य पूर्ण हो जायेगा। जिससे बरसात के दिनों में शहर में जल भराव की समस्या उत्पन्न नहीं होगी।

# देश भर में बिना आरबीआई लाइसेंस के संचालित हो रही है फाइनेंस कंपनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** देश भर में हजारों कंपनिया लोन बाटने का काम कर रही है ।इसमें काफी कंपनी ऐसी है जो मानकों के विरुद्ध कार्य कर लोन देने के नाम पर लोगो को ठग रही है। यही नहीं लोन ब्याज के नाम पर पूरा साहूकारी ब्याज लगाते हुए लोगो की मूल संपत्ति पर कब्जा कर रहे है

**आरबीआई से आरटीआई द्वारा मांगी गई जानकारी के बाद हुआ खुलासा, शुभम सहित दर्जनों कंपनियों के पास नही है आरबीआई का वित्तीय व्यापार लाइसेंस**

। जिसके विरोध में जनता सरकार मोर्चा ने अभियान छेड़ा हुआ है ।जनता सरकार मोर्चा के वरिष्ठ कार्यकर्ता के मुताबिक हमने आरबीआई से आरटीआई के द्वारा कई कंपनियों के लोन वितरण और वित्तीय व्यापार का रजिस्टर्ड लाइसेंस मांगा तो पता चला की शुभम डेवलपमेंट हाउसिंग सोसायटी गुरुग्राम साहिर इन सभी कंपनियों के पास आरबीआई द्वारा कोई रजिस्ट्रड लाइसेंस तक नही है ।ये सभी कंपनियां बिना आरबीआई के लाइसेंस के अवैध और कानून के विरुद्ध वित्तीय व्यापार कर रही है ।जो भारत के वित्तीय कानून का खुला मजाक जैसा है ।जनता सरकार मोर्चा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी वीरेन्द्र शिशोदिया




ने बताया की अधिकांश फाइनेंस कंपनी बिना रजिस्टर्ड लाइसेंस के संचालित है जिनके पास आरबीआई का कोई प्रमाण पत्र नही होता। यही नहीं ये कंपनी और बैंक लोन के नाम पर लोगो को फर्जी करेंसी देते है उसके बाद इस फर्जी करेंसी का मोटा साहूकारी ब्याज वसूलते है ।जिससे व्यक्ति इनके चंगुल में फसकर बरबाद हो जाता है और अपने जल जंगल जमीन से विमुख हो जाता है ।जनता सरकार मोर्चा ने पूरे भारत को कर्जा मुक्त करने का संकल्प लिया है। जिसके सार्थक परिणाम सामने आ रहे है ।लोग जागरूक हो रहे है ।उन्होंने लोगो से अपील की इन अवैध फाइनेंस कंपनियों के झांसे में नहीं आए ।यदि किसी ने इन फाइनेंस कंपनियों से लोन लिया हो तो उसे चुकता नही करे और ना ही साहूकारी ब्याज दे ।क्योंकि इन फाइनेंस कंपनियों ने आपको फर्जी करेंसी दी है ।जनता सरकार मोर्चा ने अब तक बैंक और इन फाइनेंस कंपनियों पर फर्जी करेंसी देने का आरोप लगाते हुए आठ हजार आवेदन लगाए है ।लेकिन आज तक किसी भी फाइनेंस कंपनियों ने कोई जवाब नही दिया है ।इसलिए इन कंपनियों से जिसने भी फर्जी करेंसी ली हो वो चुकता नही करे। इनके खिलाफ जल्द ही एससी में पीआईएल डाली जाएगी ।देश को कर्ज मुक्त कराने के संकल्प को मूर्त रूप देना होगा ।

# सांसद राहुल गांधी का जन्मदिवस पौधे लगाकर मनाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश की लोकसभा रायबरेली से निर्वाचित सांसद राहुल गांधी का जन्मदिवस कांग्रेस

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सांसद की दीघार्यु की कामना की**

कार्यकर्ताओ ने पौधे लगाकर मनाया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मिथुन त्यागी ने बताया कि सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा पेड़ पौधे लगा कर मनाया गया। जिससे ये संदेश देने का प्रयास है,पृथ्वी को बचाने तथा बढ़ते तापमान को रोकने के लिए पेड़ पौधे बहुत ही महत्वपूर्ण है।



लू और गर्मी से लोगों की हो रही मौतों की वजह से कांग्रेस कार्यकर्ता सादगी के साथ तथा संदेश प्रेरक तरीके से राहुल गांधी का जन्मदिन मना रहे है। राहुल गांधी खुद सादगी की मिसाल तथा देश के 140 करोड़ लोगो की आवाज हैं। जिला महासचिव बिजेंद्र सिंह बंटी ने कहा कि राहुल गांधी करोड़ों नौजवानों, किसानों, पीड़ित, वंचित, शोषित के नायक तथा उनके नेता है। इस मौके पर विकास भारद्वाज, कृष्ण प्रजापति, राकेश शर्मा उपस्थित रहें।

# दादरी, गाजियाबाद, नोएडा, हापुड़ से बांग्लादेशी और रोहंगिया घुसपेठियो को तत्काल खदेड़ा जाये : वेद नागर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** भाजपा नेता व संस्थापक अध्यक्ष गौ रक्षा हिन्दू दल वेद नागर के नेतृत्व मे दादरी उपजिलाधिकारी महोदय को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम प्रेषित ज्ञापन सोपा

- प्रधानमंत्री संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा
- हमारे ग्राम और शहरों का मूल स्वरूप बदल रहे है ये घुसपैठिए

गया ।लिखे ज्ञापन में मांग की गई की दादरी , हापुड़ , गाजियाबाद, नोएडा, मेरठ , सहित पुरे एनसीआर मे आसाम से आये हूये सभी बांग्लादेशी व रोहिंगिया घुसपैठिए को तत्काल वापिस खदेड़ा जाए । वेद नागर ने बताया दादरी एक छोटा शहर है जिसमें लगभग 10 हजार से ज्यादा आसाम की आईडी बनाकर घुसपैठिए मुसलमान अलग अलग झुग्गियों में रह रहे हैं ।इन लोगों का कोई व्यवसाय नहीं होता ये सभी घुसपैठिए सभी मुसलमान है ।ये सभी पिन्नी चुगने के बहाने रैगिंग करके महिलाओं की चैन लूटना, गाड़ी चोरी करना , घरों में डकैती डालकर लूट करना, लोगों को लूटपाट कर धारा धार हत्यार आदि से जान लेवा हमला कर हत्या कर देना इनके लिए आम हो चला है ।साथ साथ ये लोग गौ हत्या आदि कर मठ मन्दिरों में लूटपाट आदि का घटनाओं को नियमित अंजाम देते आ रहे है ।ये सभी लोग पूरी रात रोड़ों व कालोनियों में घूमते रहते हैं ।जिसके चलते हिन्दू समाज बहूत ही दहशत में अपने आप को महसूस कर रहा है ।जिसके चलते कोई भी बड़ी घटना दादरी समेत एनसीआर मे घट सकती है। हमारी माँग है तत्काल इन देशद्रोही घुसपेठियों यहा से खदेड़ दिया जाए । नही तो आगे की रणनीति बनाकर इनको खदेड़ा जायेगा ।इसलिये हम माननीय प्रधानमंत्री जी के नाम सज्ञान मे लिखित पत्र से अवगत करा रहे हैं की आप तत्काल पत्र की गम्भीरता व हिन्दू लोगों के जीवन को देखते हूये कोई भी बिना देरी किए ।एनसीआर से तत्काल आसाम से आये बांग्लादेशी व रोहिगिया घुसपैठिए को खदेड़कर वापिस भेजने का आदेश देने का कष्ट करें ।हिन्दू समाज आपका हमेशा आभारी रहेगा। इस मौके पर उनके साथ में अनिल मावी, अशोक भाटी, लखन गूर्जर , बन्टी भाटी , योगी पंडित, भूरा त्यागी, विजय कुमार , समेत काफी लोग मौजूद रहे।




11वें योग दिवस की तैयारी शुरू

## जिले में विभिन्न स्थानों शिविर लगाकर योगाभ्यास शुरू किया

# इस वर्ष योग दिवस की थीम योग स्वयं और समाज के लिए है

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़/गढ़मुक्तेश्वर।** आगामी 21 जून को होने वाले 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की जनपद में तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके लिए जनपद में जगह-जगह में योग शिविर लगाकर योगाचार्य व योगा शिक्षकों द्वारा योगाभ्यास कराया जा रहा है।





मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार,जिला होम्योपैथिक चिकित्सा धिकारी डा.शैलेन्द्र कुमार गुप्ता एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्साधिकारी डा अशोक कुमार राणा के दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय आयुष मिशन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योग वेलनेस सेंटर राजकीय होम्योपैथिक चिकित्साल सिखैडा के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा शर्मिलिराज योग प्रशिक्षक मनीष शर्मा द्वारा 21 जून को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के चलते प्रतिदिन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया जा रहा है। जिसके चलते बृजघाट गंगा किनारे योगाभ्यास कराया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम योग स्वयं और समाज के लिए है। इस मौके पर बृजघाट की योग सहायक जयवीर सिंह ,कुमारी मोनिका का सहयोग रहा।

# जिस BF साथी के लिव इन मे 10 साल गुजारें उसी को नये प्रेमी संग मिलकर मार डाला



बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद यूपी मे आगरा के मलपुरा मे हुई गाज़ियाबाद के ब्रजवीर की हत्या उसी की एक्स ग्र्ल्फ्रेंडने अपने नए प्रेमी और दोस्तों संग मिलकर की थी। अब सब पकडे गए। कविता और ब्रजवीर 10 साल तक लिव इन रिलेशन मे रहे। अब कविता ने नया प्रेमी सुरेन्द्र चाहर को हायर किया हुआ था। मगर ब्रजवीर से भी बात करती थी।

2019 मे ब्रजवीर ने सुरेन्द्र के कपडे के शोरूम मे आग लगा दी थी। कविता की गवाही पर उसे तब सजा भी हुई थी। अब कविता उससे पीछा छुड़ाना चाहती थी। कविता ने ब्रजवीर को गाज़ियाबाद से मधुर मुलाकात के नाम पर बुलाया। शराब पिलाकर हत्या कर दी। अब कविता,सुरेन्द्र, अतुल, रोहित और राजा पकडे गए। लाश नहर से रिकवर हो गई है।

## नाम परिवर्तन

मैं रुस्तम पुत्र बाबू खान निवासी निकट पेठ का चबूतरा धौलाना (जिला हापुड़) मकान नंबर 862 मेरा नाम रुस्तम खान को चार्ज किया गया है । भविष्य में मुझे Rustam Khan रुस्तम खान के नाम से जाना जाए ।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# उम्मीदवारों का चयन सही साबित हुए



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

अचानक कहीं कुछ नहीं होता, अंदर ही अंदर कुछ घिस रहा होता है, कुछ पिस रहा होता है इइन पंक्तियों में कवि ने इस बात पर इशारा किया है कि किसी भी काम का विपरीत अंजाम आने पर हमें ऐसा क्यों लगता है कि ऐसा कैसे हो गया? जबकि उसके पीछे के कारणों पर कोई ध्यान नहीं देता। ऐसा ही कुछ हुआ 2024 के उत्तर प्रदेश में लोक सभा चुनाव परिणाम के बाद। यहां बीजेपी को पहले के मुकाबले इस बार बहुत कम सीटें मिलीं। ऐसा क्या कारण था कि भाजपा का प्रदर्शन इतना बुरा रहा? अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण। अनुच्छेद 370 का हटाना। तीन तलाक को खत्म करना। ये ऐसे कुछ मुद्दे थे जिन पर भाजपा को पूरा विश्वास था कि वह 'अबकी बार 400 पारइ के अपने नारे को सच कर दिखाएंगे, परंतु ऐसा न हो सका। ऐसा माना जाता है कि दिल्ली की गद्दी का रास्ता लखनऊ से होकर जाता है। इस बार के चुनाव में उत्तर प्रदेश का जो परिणाम रहा उसने सत्तारूढ़ दल को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि ऐसी कौन सी कमी उनकी नीति में थी जो वोटरों को अपनी ओर आकर्षित करने में विफल रही? ऐसा क्या हुआ कि पार्टी कार्यकताओं में वो उत्साह नहीं था जो पिछले दो लोक सभा चुनावों में देखा गया? क्या संगठन के काम करने के ढंग या उनके द्वारा लिये गए गलत फैसलों ने जमीनी कार्यकताओं को हतोत्साहित किया? क्या उत्तर प्रदेश में या अन्य राज्यों में, जहां भाजपा का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था वहां पर उम्मीदवारों के चयन में गलती हुई? हिंदुओं के लिए पूजनीय अयोध्या, रामेरम में मिली हार और प्रधानमंत्री को वाराणसी में पिछली बार के मुकाबले बहुत कम अंतर से मिली जीत भी सवालों के घेरे में है। इन नतीजों के बाद सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का 'अहंकारइ की ओर इशारा करना भी क्या इस बुरे प्रदर्शन का कारण बना? सूत्रों के अनुसार इस बार के चुनाव में कम सीट आने के पीछे भाजपा में अंदरूनी कलह ने भी एक बड़ी भूमिका निभाई। जिस तरह केंद्र के नेतृत्व द्वारा राज्य की सरकारों व राज्यों के नेताओं की उपेक्षा की गई और वो फिर जनता के सामने आई वह भी इन नतीजों का कारण बनी। भाजपा और संघ के बीच हुए मतभेदों को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। यदि केंद्र और राज्य के नेतृत्व में कोई मतभेद थे तो उन्हें समय रहते एक मयार्दा के तहत हल किया जाना चाहिए था। भाजपा और संघ के कार्यकताओं का इस बार के चुनावों में सक्रिय योगदान नहीं दिखाई दिया उससे देश भर में एक संदेश गया है कि राष्ट्रीय नेतृत्व जमीन से कट गया है। इस बार के चुनाव को इतने चरणों में बांटने से भी कार्यकताओं की सहभागिता में कमी नजर आई। कार्यकताओं को इस बात का पूर्ण विश्वास था कि पिछले दस वर्षो में देश में ऐसे कई बदलाव आए हैं, जो तीसरी बार भी मोदी सरकार को पूर्ण बहुमत दिलाएंगे। इसी के चलते भी कार्यकताओं में उतना उत्साह दिखाई नहीं दिया। वहीं दूसरी ओर देखें तो समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव और उनके कार्यकताओं ने जिस तरह उत्तर प्रदेश के चप्पे-चप्पे पर अपनी नजर बनाए रखी और भागदौड़ की वो काफी फायदेमंद रहा। सपा के उम्मीदवारों का चयन और 'इंडियाइ गठबंधन के घटक दलों का उन पर भरोसा, दोनों ही इन चुनावों में सही साबित हुए। यदि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता इसी ऊर्जा और रणनीति से अभी से जुटे रहेंगे तो 2027 के विधान सभा चुनावों में भी उनका प्रदशर्न बढ़िया रहेगा। उत्तर प्रदेश के अगले विधान सभा चुनाव में यदि सही रणनीति और सही उम्मीदवारों का चयन हो, यदि वहां की जनता की समस्याओं के समाधान की एक ठोस योजना हो तो उन मतों को भी अपने पाले में लाया जा सकता है जो बुनियादी मुद्दों से भटका दिये गए हैं। इतना ही नहीं, जिस तरह समाजवादी पार्टी को एक विशेष वर्ग के लोगों की पार्टी माना जाता था, उसका भी भ्रम इस बार के चुनावों में टूटा है ।सभी हिंदू तीर्थ स्थलों में सपा ने भाजपा को शिकस्त दी है। समाजवादी पार्टी ने जिस तरह 'एम-वाईइ फैक्टर को नए रूप में पेश किया वह भी काम कर गया है। जिस तरह भाजपा हर समय चुनावी मूड में रहती है यदि विपक्षी पार्टियां भी उसी मूड में रहें तो भाजपा को कड़ी टक्कर दे पाएंगी। इसके साथ ही सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों को ही इस बात पर भी तैयार रहना चाहिए कि यदि किसी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिलता है तो गठबंधन की सरकार ही विकल्प होता है।

# अयोध्या में एक और सियासी मुकाबले के लिये बिछ रही है बिसात



संजय सक्सेना, लखनऊ

प्रभु श्री राम की नगरी और अयोध्या लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के हाथों हार का सामना करने वाली भाजपा अपनी शर्मनाक हार का बदला लेने के लिए एक बार फिर समाजवादी पार्टी को अयोध्या अंतर्गत आने वाली मिल्कीपुर विधान सभा के उप चुनाव में पटकनी देने के लिये रणनीति बना रही है। ताकि आम चुनाव में मिली हार के दर्द को कुछ कम किया जा सके। इसके लिये बीजेपी काफी सोच विचार के बाद यहां प्रत्याशी तय करने में लगी है।बता दें मिल्कीपुर विधान सभा क्षेत्र के विधायक अवधेश प्रसाद के सांसद चुने जाने के बाद उनकी यह सीट रिक्त हो गई है,जहां जल्द ही उप-चुनाव होने हैं। वैसे तो चुनाव लड़ने के लिए भाजपा के कई दावेदार सामने आ गए हैं,लेकिन अभी तक किसी का नाम फायनल नहीं हो पाया है।दावेदारों में पूर्व विधायक से लेकर जिला पंचायत सदस्य और प्रधान तक शामिल हैं। पासी समाज से सबसे ज्यादा नाम सामने आए हैं। यदि सपा ने भी अपनी इस सीट को दोबारा हासिल करने के लिए पासी समाज से उम्मीदवार उतारा तो बीजेपी किसी अन्य जाति के प्रत्याशी पर विचार कर सकती है।

बता दें उत्तर प्रदेश में अगले कुछ महीनों में विधान सभा के लिये उप चुनाव होने वाले हैं।यह वह सीटें हैं जहां के विधायक सांसद बन चुके हैं। ऐसी 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए हलचल अभी से शुरू हो गई है. वहीं सूबे के जिन 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं, उसमें फैजाबाद (अयोध्या) लोकसभा की मिल्कीपुर विधानसभा भी शामिल है।फैजाबाद से लोकसभा चुनाव हारने के बाद यह सीट भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है। जानकारी के मुताबिक अयोध्या की हार से उबरने के लिए बीजेपी मिल्कीपुर की सीट के लिए अपना ट्रंपकार्ड खेलेगी। यहां से भाजपा प्रत्याशी का नाम चौंकाने वाला हो सकात है। बीजेपी यह सीट किसी भी कीमत पर जीतना चाहेगी है जिससे फैजाबाद में मिली हार को बैंलेस किया जा सक।

गौरतलब हो, अवधेश प्रसाद के फैजाबाद लोकसभा सीट से सांसद निर्वाचित होने के बाद यहां अब उप चुनाव होना तय है। अब निर्वाचन आयोग को उप चुनाव की घोषणा करनी है। इसी के साथ लोकसभा चुनाव में हार का सामना करने वाली भाजपा में इस सीट पर एक बार कब्जा जमाने के मकसद से हलचल शुरू हो गई है। पूर्व विधायक रहे बाबा गोरखनाथ अपनी उम्मीदवारी तय मानकर चल रहे हैं। यह अलग बात है कि पार्टी ने अभी कुछ फाइनल नहीं किया है। वैसे भी गोरखनाथ को वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा के अवधेश प्रसाद ने 12,923 वोटों से पराजित किया था। इस लोकसभा चुनाव में गोरखनाथ लल्लू सिंह को इस सीट पर नहीं जिता सके। भाजपा को यहां पर 7,733 मतों से हार का सामना करना पड़ा था। गोरखनाथ वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में 28,076 वोटों से जीतकर पहली बार विधायक चुने गए थे। इस बीच गोरखनाथ के अलावा टिकट के दावेदारों के रूप में जो नाम सामने आए हैं, उनमें पूर्व विधायक रामू प्रियदर्शी, नीरज कनौजिया, आरएसएस की पृष्ठभूमि से जुड़े रहे जिला महामंत्री कांशीराम रावत, राधेश्याम त्यागी, चंद्रभानु पासवान, लक्ष्मी रावत और जिला पंचायत सदस्य बबलू पासी प्रमुख हैं। इसमें से कई पासी समाज से आते हैं। इस समाज से कई दावेदारों के चलते पार्टी के लिए एक नाम का चयन करना थोड़ा मुश्किल होगा। ऐसे में किसी अन्य बिरादरी से जुड़े चेहरे को भी आजमाया जा सकता है। फिलहाल संगठन ने सभी नामों पर विचार करते हुए दावेदारों की जीत और हार की संभावनाओं को खंगालना शुरू कर दिया है। प्रत्याशी के बारे में अंतिम फैसला स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लेगें।

बता दें 2022 के विधानसभा चुनाव में फैजाबाद लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाली पांच में से चार विधानसभा सीटों दरियाबाद, रूदौली,अयोध्या और बीकापुर में भाजपा को जीत मिली थी। वहीं मिल्कीपुर सुरक्षित सीट से सपा के अवधेश प्रसाद जीते थे। यहां तीसरी बार उपचुनाव होगा। 1998 में यहां से सपा के मित्रसेन यादव विधायक थे, जो चुनाव जीतकर सांसद बने थे, 2004 में सपा विधायक आनंदसेन ने विधायकी से इस्तीफा देकर बसपा का दामन थाम लिया था. उपचुनाव में सपा के रामचंद्र यादव विधायक बने. यहां से अवधेश प्रसाद दूसरे ऐसे नेता होंगे जो मिल्कीपुर से लोकसभा जाएंगे। जातीय आकड़ां की बात करें तो यहां कुल वोटर करीब 3 लाख 40 हजार हैं. जिसमें 18 लाख 24 हजार पुरुष जबकि 15 लाख 83 हजार महिला मतदाता हैं. अनुमानित आंकड़े देखें तो यहां 55 हजार पासी, 60 हजार ब्राह्मण, 55 हजार यादव, 30 हजार मुस्लिम, 25 हजार दलित, 25 हजार ठाकुर, कोरी 20 हजार, चौरसिया 18 हजार, वैश्य 12 हजार, पाल सात हजार, मौर्य पांच हजार, अन्य 28 हजार हैं।

फैजाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा की हार से पूरे देश में तमाम सवाल उठ रहे हैं। राम मंदिर बनने के बाद यहां पहला लोकसभा चुनाव हुआ और उसमें भाजपा को असफलता मिली। अब मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र की चर्चा है,जहां चुनाव प्रस्तावित हैं।वैसे मिल्कीपुर के बारे में कहा जाता है कि वह अपने अलग अंदाज के लिये जाना जाता है। यहां सामंतशाही, हिंसा और गरीबी का राज है। वक्त के साथ कुछ कम तो हुआ है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी जड़ें अभी भी मजबूत हैं। कभी इन्हीं जड़ों को हिलाने की कोशिश करने वाले मित्रसेन यादव को दलित-पिछड़े वर्ग के लोगों का साथ मिला था। उन्हें विधायक और सांसद भी बनाया लेकिन 2015 में उनकी मृत्यु के बाद इस वोट बैंक को बचाने और पीड़ितों को अपनी आवाज उठाने वाले की दरकार है। फैजाबाद जिला( अब अयोध्या) की राजनीति में जाति, हिंसा और सामंतशाही हमेशा प्रभावी रही है। मिल्कीपुर विधानसभा भी अछूती नहीं रही। चुनावी रंजिश में कई लोगों की जान जा चुकी है। प्रत्याशियों पर भी जानलेवा हमले हुए हैं। मिल्कीपुर में जाति, राजनीति और प्रशासन का समन्वय विषय पर पीएचडी करने वाले लखनऊ यूनिवर्सिटी के समाज शास्त्र विभाग के प्रोफेसर राम गणेश का कहना है कि मिल्कीपुर में एससी-एसटी व ओबीसी की आबादी अधिक है, लेकिन हिंसा और सामंतशाही के कारण राजनीति व समाज में उनका कोई स्थान नहीं था। आपातकाल के समय मित्रसेन यादव, शीतला सिंह, विंध्याचल सिंह और राजबली ने कम्युनिस्ट पार्टी के सहारे काम शुरू किया। प्रोफेसर रामगणेश का कहना है कि मित्रसेन और उनके साथी दबे-कुचले लोगों में राजनीतिक चेतना पैदा करने के लिए गांवों ड्रामा किया करते थे।

मित्रसेन यादव पहली बार 1977 में यहां से विधान सभा चुनाव जीते। इसके बाद 1980, 1985, 1993, 1996 में विधायक बने। हंसिया-बाली छोड़कर मित्रसेन मुलायम सिंह यादव के साथ हो गए। मित्रसेन वर्ष 1989, 1998 व 2004 में सांसद भी रहे। इनके बेटे आनंद सेन भी सपा से 2002 में, बसपा से 2007 में चुनाव जीते। वर्ष 2012 में मिल्कीपुर सीट सुरक्षित हो गई और सपा के अवधेश प्रसाद जीते।

## मानव होना या न होना

काश मैं मान० ना होता,
तो शायद इतनी दुर्गति ना होती,
छल कपट द्वेष,
हीनता प्रभुता,
इन सब से परे होता,
कोयल सा कूकता ,
गायों से रंभाता ,
सिंह सा गरजता ,
जात और विद्वेष,
की सीमाओं को लांघ कर ,
अपने परायों की गंध से दूर,
विचरता स्वच्छंद,
कानून के मायनों से दूर,
मानव रोष से अज्ञान,
सांस्कृतिक सज्जन प्रकृति,
के ज्ञान में गोता लगाते,
प्रकृति से पाठ पढता,
बंदरों सा उछलता,
लोभ कामना स्पृहा ,

से दूर, नन्हे नन्हे,
पीठ पेट पर लटके,
मासूमों को सिखाता
वात्सल्य की बातें,
हाथियों से तब सीखता,
पीठ पर वार न करना,
पर्वतों से दृढ़ प्रतिज्ञा,
नदियों से निश्छलता,
दूध से कोमलता,
सफेद झिरती वर्षा से
स्नेह , नन्ही मछलियों से चंचलता,
कंगारू से लावन्य ,
तब शायद मानव बन कर,
सिखा पाता,पते की बात ,
जीवन के मूल्य ,संस्कार की बातें,
संवेदना , भोले ज्ञान के मायनें ,
तोतली बोली में भाषा का मतलब ,
निर्दोष आंखों में ज्ञान के मायने,
कोमल स्पंदित दिलों में,
प्यार की निर्झरिणी,

सामाजिक विडंबना से परे,
उड़ेल पाता प्रकृति के

ज्ञान का भंडार,
उन सब पर जो शायद मानव हैं,
काश मैं मानव ना होता?




संजीव ठाकुर

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# बारहवीं कक्षा के बाद सफलता के लिए आवश्यक कौशल



विजय गर्ग

कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण करना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो स्कूल के संरक्षित वातावरण से वयस्कता के विशाल विस्तार तक आपके संक्रमण को चिह्नित करता है। यह परिवर्तन स्वयं को आवश्यक जीवन कौशल से लैस करने की मांग करता है जो एक कम्पास के रूप में काम करेगा, जो उच्च शिक्षा, कार्यबल और जीवन के उतार-चढ़ाव के माध्यम से आपका मार्गदर्शन करेगा। 1. निर्णय लेनाः आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान की शक्ति विकल्पों से भरी दुनिया में, सूचित निर्णय लेने की क्षमता सर्वोपरि है। आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान कौशल प्रभावी निर्णय लेने की आधारशिला हैं। कई दृष्टिकोणों से स्थितियों का विश्लेषण करने, फायदे और नुकसान का आकलन करने और अपनी पसंद के दीर्घकालिक प्रभावों पर विचार करने की आदत विकसित करें। यह कौशल आपको जटिल परिस्थितियों से निपटने और आपके लक्ष्यों और मूल्यों के अनुरूप तर्कसंगत निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाएगा। 2. वित्तीय साक्षरताः वित्तीय स्वतंत्रता का द्वार खोलना वित्तीय साक्षरता में महारत हासिल करना आज की दुनिया में गेम-चेंजर है। बजट, निवेश रणनीतियों और लागत-बचत तकनीकों को समझने से आपको बोर्ड परीक्षा और उसके बाद ठोस वित्तीय निर्णय लेने का ज्ञान प्राप्त होगा। धन प्रबंधन के बारे में सीखना शुरू करना कभी भी जल्दी नहीं होगा, क्योंकि यह लंबे समय में वित्तीय स्वतंत्रता और सुरक्षा का मार्ग प्रशस्त करेगा। 3. डिजाइन सोच कौशलः अपनी रचनात्मकता और समस्या-समाधान प्रक्रिया को उजागर करना तेजी से विकसित हो रही दुनिया में, रचनात्मक रूप से सोचने और समस्याओं को हल करने की क्षमता एक अत्यधिक मांग वाला कौशल है। डिजाइन सोच आपको मानव-केंद्रित दृष्टिकोण से चुनौतियों का सामना करने, सहानुभूति, विचारशीलता और नवीन समाधानों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करती है। इस मानसिकता को अपनाएं, और आप जटिल समस्याओं को सुंदरता और सरलता से निपटने के लिए तैयार हो जाएंगे। 4. संचार और वाद-विवाद कौशलः अनुनय और स्पष्टता की कला प्रभावी संचार व्यक्तिगत और व्यावसायिक सफलता की आधारशिला है। अपने विचारों को लिखित और मौखिक दोनों रूपों में स्पष्टता और सटीकता के साथ व्यक्त करने की अपनी क्षमता को निखारें। इसके अतिरिक्त, बहस करने की कला विकसित करें, जहां आप प्रेरक तर्क बनाना सीखते हैं और सम्मानपूर्वक विरोधी दृष्टिकोण से जुड़ते हैं। ये कौशल अकादमिक प्रवचन, पेशेवर सेटिंग और रोजमर्रा की बातचीत में आपकी अच्छी सेवा करेंगे। 5. विविधता प्रबंधन कौशलः सहयोग, टीम वर्क और सहानुभूति हमारी तेजी से परस्पर जुड़ी हुई दुनिया में, विविध टीमों के साथ प्रभावी ढंग से काम करने की क्षमता आवश्यक है।

## गुरुवार का राशिफल

**मेष** — नवदंपति का जीवन सुखमय होगा, प्रतियोगी परीक्षा की उत्तम तैयारी होगी, व्यापार का कर्ज उतरेगा, ट्रेडिंग, औषधि, वनस्पति तेल व्यवसाय चलेगा। भाग्य प्रतिशत-80

**वृषभ** — मेहनत का स्तर बढ़ेगा साथ ही बाधा दूर होगी, जल्दबाजी से बचना होगा, ज्यूडिशियल सेवा में ट्रांसफर हो सकता है, ठेकेदारी कार्य से लाभ होगा। भाग्य प्रतिशत-73

**मिथुन** — मोतियाबिंद,माइग्रेन, माहवारी में समस्या आ सकती है, सरकार का कड़ा आदेश मिल सकता है, पाचनतंत्र का ध्यान रखें, शहर से बाहर जाना होगा। भाग्य प्रतिशत-53

**कर्क** — हृदय की गति बढ़ सकती है तनावमुक्त रहने का प्रयास करे, किसी कार्य में एकदम निवेश ना करे पैसे वापिस नहीं मिलेंगे, टैक्स आदि के कागज बनवा सकते है। भाग्य प्रतिशत-48

**सिंह** — शिक्षा का लाभ करियर में मिल जाएगा, प्रेम समबन्ध को विवाह की मंजूरी मिलेगी,मित्र या पड़ोसी की मदद कर सकते है।
भाग्य प्रतिशत-65

**कन्या** — कार्य को करने के लिए रिस्क ना ले जिससे आर्थिक संघर्ष बढ़े, किसी केस में गवाही से बचें,पीएचडी के रिसर्च पेपर तैयार करेंगे। भाग्य प्रतिशत-54

**तुला** — नौकरी में अपनी दक्षता का प्रदर्शन करेंगे,किराये के घर को बदलना पड़ सकता है, अकाउंट सम्बन्धित कोई कोर्स कर सकते है। भाग्य प्रतिशत-67

**वृश्चिक** — तर्क क्षमता अच्छी होगी, पत्रकार, वकील, अध्यापक की बातों का प्रभाव बढ़ेगा, संगीत इंस्ट्रूमेंट, फूड लाइन, आर्टिफिशल ज्वेलरी सम्बन्धित व्यवसाय में उन्नति करेंगे। भाग्य प्रतिशत-76

**धनु** — लेखन, कवि, विज्ञापन, टेक्सटाइल सम्बन्धित क्षेत्र में उन्नति करेंगे, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी अच्छी होगी, हार्मोन बिगड़ सकते है ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-62

**मकर** — तनाव बढ़ेगा, सेहत के लिए समय ठीक नहीं है कार्यक्षमता पर असर पड़ेगा, केटरिंग, सैलून, मिठाई, स्ट्रीट फूड, आर्ट सम्बन्धित कार्य के लिए अच्छा समय है। भाग्य प्रतिशत-60

**कुंभ** — फैसले सोच समझकर करें, अधिक रिस्क लेने वाले काम छोड़ दे मुश्किल में आ सकते है, संतान रोगग्रस्त, क्रोधी हो सकती है ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-50

**मीन** — फैशन डिजाइनिग, कारीगरी, ब्युटी पार्लर कार्य में सफलता मिलेगी, पुरुष से विवाद से बचे, बोलने से पहले विचार करें। भाग्य प्रतिशत-62



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# वायनाड से प्रियंका की जीत को भाजपा आसानी से नहीं दे सकती वाक ओवर !


लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के अच्छे प्रदर्शन के बाद सबकी नजर इस पर थी कि राहुल गांधी किस सीट से लोकसभा में जाएंगे। राहुल इस बार उत्तर प्रदेश की रायबरेली और केरल की वायनाड संसदीय सीट से चुनाव जीते थे। ऐसे में उन्हें एक सीट छोड़नी थी। राहुल ने वायनाड सीट से इस्तीफा देते हुए रायबरेली सीट से अपनी सांसदी बनाए रखी। वायनाड से इस्तीफा देने के साथ ही कांग्रेस ने यह भी ऐलान कर दिया कि वायनाड सीट पर होने वाले उपचुनाव में प्रियंका गांधी वाड्रा उम्मीदवार होंगी। प्रियंका अगर वायनाड से चुनाव जीतती हैं तो संसद में गांधी-नेहरू परिवार एक नया कीर्तिमान रच देगा।लंबे इंतजार के बाद साल 2019 में प्रियंका गांधी जब सक्रिय राजनीति में आईं तभी से उनके चुनाव लड़ने को लेकर तमाम तरह के कयास लगाए जाने लगे थे। कभी उनके लिए उत्तर प्रदेश की परंपरागत अमेठी सीट, तो कभी मां सोनिया गांधी की रायबरेली सीट तो कभी वाराणसी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के दावे किए जाने लगे। लेकिन वह कभी भी चुनावी समर में नहीं उतरीं।

हालांकि अब पार्टी ने प्रियंका गांधी वाड्रा को वायनाड सीट से उपचुनाव में उतारने का ऐलान कर दिया। अब तक खुद को चुनाव प्रचार तक सीमित रखने वाली प्रियंका अब पहली बार चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमाएंगी। प्रियंका अब अगर अपनी पहली चुनावी बाधा को पार कर लेती हैं तो संसदीय इतिहास में यह ऐतिहासिक क्षण होगा।यदि प्रियंका गांधी वायनाड से लोकसभा उपचुनाव जीत लेती हैं, तो यह पहली बार होगा कि जब गांधी-नेहरू परिवार से मां, बेटा और बेटी एक साथ संसद में होंगे। सोनिया गांधी इस समय राज्यसभा सांसद हैं तो राहुल गांधी रायबरेली से चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे हैं।

हालांकि इससे पहले कई बार इस गांधी-नेहरू परिवार के कम से कम 2 सदस्य एक समय में संसद में रहे हैं। पंडित जवाहर लाल नेहरू के प्रधानमंत्री रहने के दौरान उनके दामाद फिरोज गांधी लोकसभा सांसद रहे थे। फिरोज गांधी पहले 1952 में फिर 1957 में रायबरेली लोकसभा सीट से सांसद चुने गए थे। इस दौरान पीएम नेहरू भी लोकसभा सांसद (फूलपुर सीट) थे। इंदिरा गांधी पहली बार 1964 में राज्यसभा की सदस्य बनने के साथ अपने संसदीय करियर की शुरूआत की थी। जबकि उन्होंने 1967 में पहली बार लोकसभा चुनाव जीता था।

1980 के चुनाव में इंदिरा गांधी सांसद चुनी गईं थी तब उनके बेटे संजय गांधी भी अमेठी सीट से लोकसभा सांसद चुने गए थे। संसद में पहली बार गांधी-नेहरू परिवार से मां-बेटे की जोड़ी सांसद बनी थी। लेकिन कुछ महीने बाद एक विमान हादसे में संजय की मौत हो गई। ऐसे में यहां पर कराए गए उपचुनाव कराया गया। संजय गांधी के बड़े भाई राजीव गांधी ने 1981 में अमेठी सीट पर हुए उपचुनाव में अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत की और लोकसभा पहुंचे। तब इंदिरा गांधी भी लोकसभा सांसद थीं और उनके बेटे भी सांसद चुने गए थे।

फिर साल 2004 में गांधी-नेहरू परिवार से मां-बेटे की जोड़ी फिर से संसद पहुंची। सोनिया गांधी रायबरेली से सांसद चुनी गईं और उनके बेटे राहुल गांधी ने अमेठी से अपने राजनीतिक करियर की



अशोक भाटिया

शुरूआत करते हुए अपनी पहली चुनावी बाधा पार की।फिरोज और इंदिरा की दूसरी संतान संजय गांधी का परिवार भी लगातार राजनीति में बना हुआ है। संजय की पत्नी मेनका गांधी और उनके बेटे वरुण गांधी की जोड़ी भी संसद में 3 बार बनी रही। वरुण गांधी ने अपने चुनावी करियर की शुरूआत 2009 में पीलीभीत सीट से चुनाव जीतकर की। तब आंवला सीट से मेनका गांधी से सांसद चुनी गई थीं। 2014 में वरुण सुल्तानपुर से सांसद बने तो मां मेनका पीलीभीत से लोकसभा पहुंचीं। 2019 में वरुण पीलीभीत से तीसरी बार सांसद चुने गए तो मेनका ने सुल्तानपुर से जीत हासिल की।
हालांकि 2024 में मेनका कड़े संघर्ष के बाद चुनाव हार गईं जबकि उनके बेटे को बीजेपी ने मैदान में नहीं उतारा था। दूसरी ओर, 2004 से लेकर अब तक सोनिया और राहुल के रूप में मां-बेटे की यह जोड़ी संसद में बनी हुई है। लेकिन इस समय सोनिया लोकसभा की जगह राज्यसभा की सदस्य हैं।अब ठीक 20 साल बाद 2024 में मां-बेटे की यह बेमिसाल जोड़ी एक कदम आगे बढ़ाते हुए अपने साथ एक बेटी को भी शामिल करने जा रही है। अगले 6 महीने के अंदर वायनाड सीट पर उपचुनाव कराया जाएगा। उपचुनाव में अगर प्रियंका जीत हासिल करती हैं तो 6 महीने बाद सोनिया गांधी के परिवार के 3 सदस्य एक साथ संसद में दिखेंगे तो मेनका के परिवार का कोई सदस्य संसद में नहीं दिखेगा।

पर इन सब बातों में एक पेच भी है ।वायनाड से प्रियंका को उम्मीदवार बना कर कांग्रेस इस जीत को आसान समझ रही है पर भाजपा इतनी आसानी से वाक ओवर भी नहीं देने वाली । भले ही गांधी परिवार का साउथ से भी पुराना रिश्ता रहा है। इंदिरा गांधी 1978 का उपचुनाव कर्नाटक के चिकमगलूर से जीतीं थीं। इसके बाद 1980 में इंदिरा ने आंध्र के मेडक सीट से जीत हासिल की। 1999 में सोनिया गांधी ने भी अपना राजनीतिक करियर दक्षिण से किया था। वे 1999 में अमेठी और कर्नाटक की बेल्लारी सीट से चुनाव लड़ी थीं और दोनों सीटों पर जीत हासिल की थी। हालांकि, बाद में बेल्लारी सीट उन्होंने छोड़ दी थी

वायनाड से प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने के फैसले के बाद सोशल मीडिया समेत राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है कि इस सीट से बीजेपी किसे उम्मीदवार बनाएगी। चर्चा ये भी है कि बीजेपी तेज तर्रार नेता स्मृति ईरानी को वायनाड सीट से उतार सकती है। भले ही स्मृति ईरानी इस बार अमेठी से के एल शर्मा के सामने लोकसभा चुनाव हार गई हों, लेकिन 2019 में वे कांग्रेस के गढ़ अमेठी से राहुल गांधी को हरा चुकी हैं। ऐसे में बीजेपी उन्हें इस सीट से उतार कर मुकाबला दिलचस्प बना सकती है। गौरतलब है कि बीजेपी टिकटों को लेकर पहले भी चौंकाने वाले फैसले करते आई है। 1999 में जब सोनिया गांधी के बेल्लारी से डेब्यू करने की बात सामने आई थी, तब बीजेपी ने इस सीट से सुषमा स्वराज को टिकट देकर चुनावी मुकाबले को दिलचस्प बना दिया था। सुषमा ने इस सीट पर सोनिया गांधी को कड़ी टक्कर दी थी। हालांकि, वे इस चुनाव में हार गई थीं। सोनिया गांधी को 414000 वोट मिले थे। जबकि सुषमा स्वराज ने साढ़े तीन लाख से ज्यादा वोट हासिल किए थे। सोनिया गांधी इस चुनाव में करीब 56000 वोट से चुनाव जीत पाई थीं। एक चर्चा में माधवी लता का भी नाम आ रहा है । माधवी लता एक अभिनेत्री होने के साथ-साथ राजनीतिज्ञ भी हैं। उन्होंने तेलुगु और तमिल फिल्मों में अभिनय किया है। माधवी ने 2008 की फिल्म 'नचावुले' में मुख्य भूमिका में अपनी शुरूआत की। फिल्म व्यावसायिक रूप से सफल रही और तीन नंदी पुरस्कार जीते। बाद में उन्होंने स्नेहीटुडा (2009), अरविंद 2 (2013), और अंबाला (2015) जैसी फिल्मों में अभिनय किया। 2018 में वह भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं और 2019 आंध्र प्रदेश विधान सभा चुनाव में गुंटूर पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ा। हाल ही में 2024 के चुनाव में वह खूब चर्चा में रही पर वह चुनाव हार गई ।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता,पुलिस ने की गुमशुदगी दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया पीड़ित परिजनों ने थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई है, पुलिस तलाश में जुटी हुई है। बुधवार को गांव असदपुर जिडाना निवास से जगमेहर ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसका 22 वर्षीय पुत्र राहुल कस्बे की बड़ी नहर के निकट बिजली की दुकान पर कार्य करता है। सवेरे वह घर से दुकान के लिए निकाला था मगर दोपहर तक भी बिजली की दुकान पर नहीं पहुंचा। परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका कहीं सुराग नहीं लग रहा। पीड़ित परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस ने लापता युवक की गुमशुदगी दर्ज करते हुए तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र शर्मा का कहना है कि लापता युवक की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई हैं, जल्दी बरामद कर परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# भीषण गर्मी पर वार करेगा ला-नीना, तेज हवाओं संग जल्द दस्तक देगा मानसून, अच्छी बारिश के संकेत

**मेरठ (आरएनएस )।** इस बार रिकॉर्ड तोड़ भीषण गर्मी ने जीना मुहाल कर दिया, लेकिन अब समुद्र तट और आकाश गंगा से मानसून के दृष्टिगत शुभ संकेत मिल रहे हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि ला-नीना के कारण ही इस बार भीषण गर्मी और लू का प्रकोप रहा। यही ला-नीना बेहतर मानसून का भी सबब बनने जा रहा है। बीते दिनों आई आंधी ने ला-नीनो के आगमन का इशारा कर भी दिया था। मानसून के 25 जून के आसपास आने की संभावना थी, लेकिन मध्यम रफ्तार के कारण जुलाई के शुरूआत में आने के आसार हैं। सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. यूपी शाही का कहना है कि जिस वर्ष ला-नीना का असर होता है। उस वर्ष भारत में गर्मी अधिक रहती है और आंधी-तूफान भी आते हैं। उनका मानना है कि ला-नीना का असर फिर से सक्रिय हो गया है। इसी वजह से दिन का तापमान सामान्य ऊपर चल



रहा है। ला-नीना का असर मेरठ समेत समूचे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी दिखाई दे रहा है। इसके चलते मौसम बदल रहा है। कई बार आंधी भी आई है। आकाश गंगा के महारथियों ने इस साल धरती को तर-ब-तर करने की तैयारी कर ली है। कुछ दिन बाद आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश के दौरान सूर्य की हरी झंडी मिल जाएगी और ग्रह-नक्षत्रों के सरमायेदार बादलों के कपाट पूरी तरह खोलने का आदेश जारी कर देंगे। नतीजतन, अच्छी बारिश होने के संकेत मिल रहे हैं। मेदिनी ज्योतिष के मर्मज्ञों के अनुसार, इस वर्ष विधि ने ग्रहों का गठन इस प्रकार किया है कि इंद्रदेव के कार्यक्षेत्र में बाधा उत्पन्न नहीं होगी। अच्छी बारिश से किसानों के चेहरे भी खिल जाएंगे।

**बिहार से पहले ही भटक गया मानसून**

इस बार केरल में भी समय से दो दिन पहले 30 मई को ही मानसून ने दस्तक दे दी थी। ऐसे में लग रहा था कि 20 जून के बाद मानसून कभी भी दस्तक दे सकता है, लेकिन रफ्तार बीच में धीमी हो गई। बिहार आने से पहले मानसून भटक गया। मौसम विशेषज्ञ डॉ. एन. सुभाष का कहना है कि मानसून बिहार से पहले ही अटका हुआ है। साइक्लोन के कारण जो रफ्तार मानसून ने पकड़ी थी, वह धीमी है। मानसून जुलाई के प्रथम सप्ताह में ही आने की संभावना है। अगर रफ्तार बढ़ती है तो कुछ पहले भी आ सकता है। 19 और 20 जून को वेस्ट यूपी के सभी जिलों में हल्की बारिश होने के आसार हैं। ला-नीना स्पेनिश भाषा का शब्द है। इसका अर्थ है शिशु यानि छोटा बालक। वैज्ञानिक अर्थ में ला-नीना प्रशांत महासागर के भूमध्यीय क्षेत्र की उस समुद्री घटना का नाम है जो दक्षिण अमेरिका के पश्चिमी तट पर स्थित इक्वाडोर और पेरू देशों के तटीय समुद्री जल में कुछ वर्ष के अंतराल पर घटित होती है। इससे समुद्र के सतही जल का तापमान सामान्य से अधिक हो जाता है। ला-नीना के रहने से भारतीय भू-भाग में आंधी और तूफान की संभावना अधिक रहती है। डॉ. यूपी शाही ने बताया कि समुद्र का तापमान वैश्विक स्तर पर बढ़ने से ला-नीना की स्थिति बनती है। इस समय पेरू के समुद्र में अल-नीनो का असर है। इसीलिए इस बार गर्मी अधिक है और मानसून भी सामान्य रहेगा। वैज्ञानिकों के अनुसार ला-नीना से मौसम का चक्र प्रभावित होता है। इससे बरसात में बारिश और सर्दी का मौसम भी प्रभावित होता है।

# बच्चा चोरी के शक में पकड़ी महिला, निकली मानसिक रूप से बीमार

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल में महिला के तांत्रिक होने एवं बच्चा चोर की सूचना पर पहुंची पुलिस महिला को थाने ले आई थी, महिला कुछ भी जवाब नहीं दे पाई बुधवार को पुलिस ने महिला को वन स्टॉप सेंटर भेज दिया है पुलिस महिला का नाम एवं पता करने की जानकारी में जुटी हुई है। मंगलवार की रात्रि कस्बे के मोहल्ला खेल में मोहल्ले के लोगों ने शोर मचा दिया कि एक नलकूप पर बैठी महिला तांत्रिक क्रिया कर रही है, और बच्चा चोर भी हो सकती है,जो कि किसी बच्चे की बलि देने की फिराक में है। शोर मचाने पर मौके पर आसपास की दर्जनों महिला पुरुषों की भीड़ भी जमा हो गई और सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भीड़ के चुंगल से महिला को थाने ले आई थी। बुधवार को पुलिस ने महिला का नाम एवं पता जानकारी करने का प्रयास किया मगर महिला ने अपना नाम पता बताने में असमर्थ रही। बुधवार को महिला द्वारा कोई भी जानकारी नहीं दिए जाने पर पुलिस ने महिला को वन स्टॉप सेंटर भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र शर्मा का कहना हैं, कि महिला मानसिक रूप से बीमार दिख रही है। महिला का नाम और उसके पते की जानकारी की जा रही हैं, फिलहाल महिला को वन स्टॉप सेंटर पर भेज दिया है।

# पानी की समस्या से जूझ रहे मोहल्ले वासियों का प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला रायजादगान में लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। शिकायत के बाद भी पालिका प्रशासन इस गंभीर समस्या की और कोई ध्यान नहीं दे रहा है। पीड़ित मोहल्ले वासियों ने पालिका के खिलाफ प्रदर्शन किया। समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। लगभग डेढ़ माह से आसमान से आग बरस रही है, गर्मी ने लोगों का बुरा हाल कर रखा है। डाक्टर और सरकार लोगों को घरों से कम से कम निकलने की सलाह दे रहे हैं। डाक्टर लोगों ने थोड़ी थोड़ी दूर में पानी पीने की सलाह दे रहे हैं। ऐसे में कस्बे के मोहल्ला रायजादगान के लोग पिछले करीब एक महीने से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। आरोप है कि मोहल्ले में पालिका की पानी की टंकी में



पानी नहीं आ रहा है। लोग घंटों तक पानी आने का इंतजार करते हैं। अगर कहीं पानी आता भी है, तो बहुत कम मात्रा में। ऐसे में मोहल्ले वासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि मोहल्ले के लोग पिछले काफी समय से पानी न आने का रोना उनके सामने रो रहे हैं। पालिका प्रशासन को इस समस्या से अवगत करा दिया गया था, आरोप है कि अवगत कराने के बाद भी पालिका प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। जिसके चलते मोहल्ले के लोगों में पालिका प्रशासन के खिलाफ रोष बना हुआ है। बुधवार को मोहल्ले के दर्जनों लोग बाल्टी लेकर घरों से बाहर निकले। लोगों ने पालिका प्रशासन के खिलाफ मुदार्बाद के नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया। आरोप है लोगों को दूसरे मोहल्लों से पानी लाना पड़ रहा है। प्रदर्शन करने वालों में मुस्तकीम, इंतजार, भुरु, राशिद, दीनू, अब्दुल सलाम, रोहतास, अनीस, गुलजार और पप्पू सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे। पालिकाध्यक्ष नजमुल इस्लाम का कहना है कि मोहल्ले में पानी नहीं आने की जानकारी नहीं मिली है। शीघ्र ही मोहल्ले के लोगों की समस्या को दूर किया जायेगा।

# विद्युत सप्लाई नहीं आने से किसानों का बिजली घर पर धरना

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव डांगरोल बिजली घर पर दर्जनों किसानों ने विद्युत सप्लाई नहीं आने पर विद्युत विभाग के विरुद्ध प्रदर्शन करते हुए घंटों धरना दिया, सूचना पर पहुंचे एसडीओ कांधला ने किसानों को समझा बूझकर धरना समाप्त कराया ,इस दौरान दर्जनों किसान मौजूद रहे। बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव डांगरोल सहित जनपद मुजफ्फरनगर के गांव रायपुर गढी के दर्जनों किसानों ने बिजली घर पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप हैं, कि कई दिनों से बिजली घर पर मशीन फूंक जाने के कारण विद्युत सप्लाई नहीं आ रही है। जिस कारण विद्युत सप्लाई नहीं आने से किसानों की खेतों की फसल सूख रही हैं, शिकायत के बावजूद भी विद्युत विभाग इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा। बुधवार को ट्रैक्टर ट्रालियों में सवार होकर दर्जनों किसानों ने बिजली घर पर पहुंचकर धरना दे दिया। किसानों ने कहां की जब तक विद्युत सप्लाई नहीं आएगी तब तक किसानों का धरना जारी रहेगा। सूचना पर एसडीओ शौरव कुमार मौके पर पहुंचे, आक्रोशित किसानों ने एसडीओ का घेराव करते हुए उन्हें धरने पर ही घंटों धूप में बैठा लिया। घंटों के धरना प्रदर्शन के बाद एसडीओ ने किसानों को आश्वासन दिया कि जब तक मशीन ठीक नहीं होती तब तक 6 घंटे बिजली सप्लाई किसानों को मिलती रहेगी। किसानों के द्वारा 6 घंटे की बिजली सप्लाई मिलने के आश्वासन के बाद अपना धरना समाप्त किया और चेतावनी दी कि अगर जल्दी उन्हें पूर्ण विद्युत सप्लाई नहीं मिलती तो जल्दी एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा इस दौरान दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# मेरठ में डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने में हर वर्ष18 करोड़ का नुकसान,भ्रष्टाचार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ ।** मेरठ नगर निगम में न नियम मान्य और न ही काम कराया जाता, नतीजा करोड़ों रुपये का घाटा। शहर से डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने वाली कंपनी, 2415 अस्थायी कर्मचारियों का ठेका, पार्किंग या फिर होर्डिंग का ठेका हो। जिनमें कंपनी के ठेकेदारों का करोड़ों का लाभ और निगम को हानि हो रही है।

इसकी जानकारी नगर निगम अधिकारियों को भी है, लेकिन इन कंपनी से निगम के दूसरे काम कराए जाते है। शायद यही वजह है कि स्वच्छ सर्वेक्षण में फिसड्डी, कर्मचारियों में नाराजगी, पार्किंग में भ्रष्टाचार, होर्डिंग में माफिया राज के आरोप बार-बार लगते हैं, जिससे निगम की छवि धूमिल हो रही है। राज्यमंत्री, सांसद, विधायक और 90 पार्षद भी निगम की बोर्ड बैठक या फिर कार्यकारिणी की बैठक में इन्हीं मुद्दों पर बहस होते है। जिसका समाधान करने में निगम के अधिकारी बेबस नजर आते हैं।

**डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने का अनुबंध**

महानगर के 90 में से 73 वार्डों का डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने के लिए 5 जनवरी 2022 को नगर निगम और बीवीजी कंपनी का तीन साल के लिए अनुबंध हुआ था।

## संक्षिप्त समाचार

### एसपी के आदेश पर महिला की शिकायत पर छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव हुरमंजपूर निवासी एक महिला ने गांव के एक युवक पर मारपीट करते हुए छेड़छाड़ करने का आरोप लगाकर अभियोग दर्ज कराया है, पुलिस ने अभियोग दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव हुरमंजपूर निवासी एक 32 वर्षीय महिला ने कई दिन पुर्व एसपी अभिषेक झा को शिकायती पत्र देते हुए बताया था कि गांव के एक युवक ने पीड़िता के साथ छेड़छाड़ करते हुए मारपीट की थी और विरोध करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया था। पीड़िता ने मामले की जानकारी चौकी पुलिस और फिर थाने पर जाकर की थी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने कोई भी कार्रवाई नहीं की थी। पुलिस द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं होने पर पीड़िता ने एसपी से शिकायत की थी। एसपी ने पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस को तुरंत अभियोग दर्ज करने के निर्देश दिए थे। एसपी के आदेश पर पुलिस ने गांव के ही सोनू पुत्र विनोद के विरुद्ध गंभीर धाराओं में अभियोग दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत, पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे पर अलग-अलग सड़क हादसों में हुई दो लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने पीड़ित परिजनों की तहरीर पर अभियोग दर्ज करते हुए अज्ञात वाहन व चालक की तलाश शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित महादेव होटल के निकट गत सोमवार की रात्रि अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी थी, पुलिस द्वारा अस्पताल में ले जाते समय घायल व्यक्ति की मौत हो गई थी। जेब में मिले आधार कार्ड से मृतक की शिनाख्त कमलकांत पुत्र नेमीचंद निवासी जयपुर राजस्थान के रूप में हुई थी, बुधवार को मृतक के भाई सोनू ने थाने पहुंचकर अज्ञात वाहन व चालक के विरुद्ध अभियोग दर्ज कराया है।

दूसरी और मंगलवार की दोपहर को गांव जसाला निवासी 50 वर्षीय महिला लक्ष्मी -पत्नी राजकुमार के गांव पंजोखरा के निकट रॉयल प्लेस के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई थी। महिला के पति राजकुमार की तहरीर पर पुलिस ने अभियोग दर्ज किया है। पुलिस ने दोनों पीड़ितों की तहरीर पर अभियोग दर्ज करते हुए अज्ञात वाहन व चालक की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र शर्मा का कहना है कि अभियोग दर्ज कर लिया हैं, जल्दी अज्ञात वाहन चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

### दो पक्षों के बीच हुआ पथराव पुलिस ने पांच आरोपियों का किया चालान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** क्षेत्र के इदरीश बैंग बिहार कॉलोनी में मामूली कहासुनी के बाद दो पक्षों के बीच मारपीट व पथराव हो गया जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, पुलिस ने झगड़े में शामिल पांच लोगों को मौके से गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर दिया है। कस्बे की इदरीश बैग बिहार कालोनी निवासी आस मोहम्मद और इंजमाम आपस में रिश्तेदार है, दोनों रिश्तेदारों के बीच विवाद चल रहा है। मंगलवार की देर शाम दोनों पक्ष आपस में समझौता करने के लिए बैठे हुए थे, आरोप है कि तभी दोनों पक्षों के लोगों के बीच मामूली कहासुनी हो गई। तब तो लोगों ने दोनों पक्षों का निपटारा करा दिया मगर, उसके बाद दर्जनों लोगों ने सलीम के मकान के ऊपर लाठी डंडों सहित पथराव कर दिया। झगड़े में एक और से सलीम और आस मोहम्मद गंभीर रूप से घायल हो गए। झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर मौके से फारूक, इंजमाम,रमीज, तैय्यब और बासिद को गिरफ्तार कर लिया। और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पुलिस ने पकड़े गए पांचों आरोपियों का चालान कर दिया। दूसरी और मोहल्ला खेल निवासी सरवेज पुत्र मुकीम ने बताया कि उसके पड़ोस के व्यक्ति पर मजदूरी के रुपए थे जब उसने रुपए मांगे तो आरोपी ने पीड़ित के सर में डंडा मार कर घायल कर दिया पीड़ित ने डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोपी के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है।

# आम के बाग में घुसकर रखवाली कर रहे दो लोगों के साथ मारपीट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव पंजोखरा में एक बाग से आम तोड़ने से मना करने पर आधा दर्जन से अधिक युवकों ने बाग रखवाली कर रहे दो लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ितों ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोपितों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कस्बा निवासी दानिश पुत्र महताब और आशु पुत्र अजमल ने क्षेत्र के गांव पंजोखरा में आम का बाग ठेके पर ले रखा है। बुधवार को दोनों युवक बाग में चारपाई पर बैठे हुए थे। इस दौरान बाइकों पर आधा दर्जन युवक आए। आरोप है कि उक्त युवकों ने बाइकों को सड़क किनारे हाइवे पर खड़ा कर दिया, और आम के बाग में घुस गए। आरोप है कि युवकों ने आम तोड़ने शुरू कर दिए। शोर-शराबा होने पर पीड़ित दोनों युवक उनके पास पहुंच गए। दोनों युवकों ने आम तोड़ने का विरोध किया, तो आरोपितों ने उन पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में दोनों युवक घायल हो गए। पीड़ितों के शौर मचाने पर खेतों पर काम कर रहे किसान मौके पर गए। किसानों को आता देख आरोपी युवक मौके से फरार हो गए। पीड़ितों ने मामले की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद पीड़ितों ने आरोपियों के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# सुगम्य पुस्तकालय दिव्यांगों के लिए वरदान साबित होगा: कमिश्नर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर में आज देर शाम स्टेशन रोड स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र के पास मंडल आयुक्तआंजनेय कुमार सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी सुमित कुमार यादव ने फीता काटकर सुगम्य पुस्तकालय ऑन लाइन लाइब्रेरी का उद्घाटन किया उन्होंने कहा कि यह लाइब्रेरी दिव्यांग बच्चों के लिए







वरदान साबित होगी' पुस्तकालय जिसमें नेत्रहीनों, कम दृष्टि वाले लोगों विकलांगता वाले व्यक्तियों के लिए किताबें उपलब्ध होगी। लाइब्रेरी का शुभारंभ करने के लिए अधिकारियों को आज के बुधवार की दोपहर को आना था लेकिन अधिकारी 6:00 बजे करीब पहुंचे ' इस अवसर पर मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) बुद्ध प्रिय सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ अजीत कुमार, एसडीम विनय कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार आदि मौजूद थे ' कार्यक्रम को सफल बनाने में इंचार्ज प्रधान अध्यापक उदयवीर सिंह, वंदना बिश्नोई, बदर जहां, पारुल जैन सोनी, स्वाति शेखावत, नीरू रस्तोगी, अनुदेशक सुमन कुमार, कविता रानी आदि का सहयोग रहा' इस अवसर पर अधिकारियों ने ब्लॉक संसाधन केंद्र में पौधारोपण भी किया।

**बैठक** | योग दिवस पर जनपद स्तर पर किया जाये वृहद कार्यक्रम का आयोजन: सेल्वा कुमारी जे0

# आयुक्त की अध्यक्षता में संपन्न हुयी विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक

**मेरठ (आरएनएस )।** आज आयुक्त सभागार में आयुक्त सेल्वा कुमारी जे0 की अध्यक्षता में गत बैठक से वर्तमान तक जारी शासनादेश एवं उनकी प्रगति, मा0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से विभिन्न विभागो की योजना/परियोजनाओ की मंडलीय समीक्षा, रू0 50 लाख से अधिक लागत की परियोजना, मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणाओ की मंडलीय समीक्षा बैठक आहूत की गयी।

बैठक में शासनादेश एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रम तथा रू0 50 लाख से अधिक की लागत की परियोजनाओ की बिन्दुवार समीक्षा करते हुये आयुक्त ने कहा कि समस्त मंडलीय एवं जिला स्तरीय अधिकारी विभागीय निमार्णाधीन योजना एवं लाभार्थीपरक जनकल्याणकारी योजनाओ में जनपद स्तर पर समीक्षा करते हुये प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जो भी परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी है उनको क्रियाशील किया जाये। उन्होने कहा कि विभागीय स्तर पर नई योजनाओ की कार्ययोजना तैयार करते हुये भेजी जाये तथा किसी भी योजना में आ रही समस्याओ का जनपद स्तर पर अंतर्विभागीय बैठक कर उसका निस्तारण किया जाये।

सभी अधिकारियो से आईजीआरएस के तहत आने वाली शिकायतो का शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश दिये गये। आयुक्त ने योग दिवस को प्रत्येक जनपद स्तर पर भव्यता के साथ मनाये जाने हेतु निर्देशित किया कि जनपद से लेकर ब्लॉक, ग्रामीण स्तर तक कार्यक्रमो का आयोजन किया जाये तथा जनपद स्तर पर एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया जाये व अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करें। प्रत्येक विभाग द्वारा अपने स्तर पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाये और उपलब्ध कराये गये पोर्टल पर फोटो, वीडियो अपलोड की जाये। योग दिवस के संबधं में अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाये। वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के संबंध में उन्होने कहा कि इससे संबंधित जो भी योजनाएं भू-जल संरक्षण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वृक्षारोपण इत्यादि पर शीघ्रता से कार्यवाही की जाये तथा समस्त विभागो को जिम्मेदारी देते हुये कार्यवाही की जाये। लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि सडक नवनिर्माण, चौडीकरण एवं सुदृढीकरण की कार्ययोजना विधानसभावार बनाते हुये जनप्रतिनिधि एवं जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुये कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

स्वास्थ्य एवं पशुपालन विभाग की समीक्षा के अंतर्गत पीएम जन आरोग्य, आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, हैल्थ एवं वेलनेस सेंटर, करते हुये निर्देशित किया कि विभागीय स्तर पर चल रही योजनाओ की गहनता से समीक्षा कर कार्यवाही की जाये। उन्होने कहा कि गर्मी के दृष्टिगत गौशाला में पशुओ के बचाव हेतु पानी, भूसा, टीकाकरण इत्यादि व्यवस्थाएं देखी जाये तथा उन्होने कहा कि ब्लॉक स्तर पर कम से कम एक गौशाला का संतृप्तीकरण हो गया है तो दूसरी गौशाला निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढाया जाये।

उन्होने बाल स्वास्थ्य योजना, गौ-संरक्षण, मत्स्य पालन, गन्ना मूल्य भुगतान, आयुष्मान भारत के तहत गोल्डन कार्ड, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, एफआरयू पर प्रसव की स्थिति, दवाओ की उपलब्धता, टीकाकरण, जननी सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, एमएसएमई, मुख्यमंत्री आवास योजना, नहरो में टेल तक पानी छोडा जाना, सिंचाई, जल जीवन मिशन, ऑपरेशन कायाकल्प, सामुदायिक शौचालय आदि की समीक्षा करते हुये कार्यो में प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये।

# निशान यात्रा श्री श्याम सरकार आश्रम गवाँ पहुंची

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/ बहजोई ।** गवाँ में श्री श्याम सरकार आश्रम गवाँ के लिए श्याम प्रेमी सुरेश अग्रवाल व अमन वार्ष्णेय श्याम प्रेमियों की टोली निशान यात्रा के साथ पहुंची । निशान यात्रा ने बबराला से विधिवत पूजा संपन्न कर प्रस्थान किया ' बाबा श्याम के जयकारे लगाते हुए निशान यात्रा गवाँ के बबराला बस स्टैंड

### जगह-जगह किया गया पुष्प वर्षा कर स्वागत

पर पहुंची जहां सर्वप्रथम संतोष गिरि, अमरसिंह, ललित भारद्वाज एवं आशुतोष भारद्वाज ने संयुक्त रूप से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया ' निशान यात्रा का स्वागत विनय वर्मा ने पुष्प वर्षा कर किया । यह निशान यात्रा बबराला चौराहे से मुख्य मार्ग से होती हुई श्री श्याम सरकार आश्रम निकट बंगाली बाबा आश्रम पहुंची जहां श्याम सेवक राधानंद दीक्षित महाराज एवं श्याम प्रेमी संतोष गिरि, अमरसिंह,मुनेश यादव, आदि ने निशान यात्रा का स्वागत किया । बारी-बारी से श्याम प्रेमियों ने बाबा श्याम को निशाना चढ़ाएं, उसके बाद राधानंद दीक्षित महाराज ने सभी का तिलक कर श्री श्याम नाम का पटका ओढ़ाकर स्वागत किया । वहीं सभी श्याम प्रेमियों ने एक एक करके महाराज जी का आशीर्वाद लिया । राधानंद दीक्षित महाराज ने एकादशी के अवसर पर सभी श्याम प्रेमियों को आशीर्वाद दिया। और कहा बाबा श्याम आप सभी भक्तों का कल्याण करें,आप पर सदैव उनकी कृपा बनी रहे ' श्याम प्रेमी सुरेश अग्रवाल एवं अमन वार्ष्णेय ने कहा की कस्बा गवाँ में बाबा श्याम का भव्य धाम श्याम प्रेमियों के सहयोग से बनाया जाएगा,यहां आने वाले भक्तों के दुख दूर हो रहे हैं,और सैकड़ो की संख्या में श्याम प्रेमी श्री श्याम



सरकार आश्रम गवाँ से जुड़ चुके हैं । और सभी को श्याम कृपा का लाभ मिल रहा है । सभी के दुख राधानंद दीक्षित महाराज के द्वारा श्याम कृपा से दूर हो रहे हैं ' इसलिए आज हम और श्याम प्रेमी निशान यात्रा को लेकर बाबा के दरबार मे गवाँ आयें हैं ' एकादशी के अवसर पर श्री श्याम सरकार आश्रम पर सुंदर संकीर्तन का आयोजन किया गया । आयोजन में पंडित प्रमोद कुमार शर्मा कथावाचक, पंडित प्रवेश कुमार शर्मा कथावाचक, ओम प्रकाश गिरी, आदि ने भगवान श्याम का सुंदर गुणगान किया ' इस मौके पर अमन वार्ष्णेय, सुरेश अग्रवाल, रिंकू यादव, बॉबी वार्ष्णेय, विकास गिरि, यश, गोलू, शिवम, प्रेम सिंह, संतोष गिरि, अमरसिंह, आशुतोष, संतोष शर्मा, वीरेश शर्मा, आदेश गिरि, अरविंद यादव, आदि श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

# नगर पालिका सीमा विस्तार योजना बनी मील का पत्थर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नजीबाबाद। (महताब खान चांद)।** नजीबाबाद नगर जो कि उत्तर प्रदेश उत्तराखंड राज्य की सीमा पर बसा हुआ है और उत्तराखंड राज्य को खाद्यान्न विशेष रूप से सब्जी फल अनाज यही से जाता है इसलिए बढ़ती आबादी और क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने नगरपालिका नजीबाबाद की सीमाओं का विस्तार करने को कहा था लेकिन वर्ष 2017से शासन स्तर पर सीमा विस्तार मांगी गई थी और सर्वे कराकर प्रस्ताव नगर विकास विभाग को भेज दिया गया था और शासन की मोहर भी लग गई थी लेकिन अभी तक स्वीकृति नहीं मिली है जबकि वर्तमान में आबादी एक लाख से अधिक है और नगर पालिका क्षेत्र से लगें ग्राम हरसुवाडा राजाराम पुर लालू वाला धनौरा शेखपुर गढ़ू जालमपुरगुदड बशीर पुर मौअज्जम पुर तुलसी जो अब नगरी आबादी से मिल चुका है और नगरीय सुविधाएं भी ले रहे हैं दर्जनों आवासीय कालोनी बसी हुई है जो कहने को तो शहर से लगीं हुईं हैं मगर ग्राम पंचायत की सुविधा उन्हें मिल रहा है क्योंकि कि शहर में धनी आबादी से बचने के लिए बड़ी संख्या में कालोनी बन गई है और लोग खुले में जीवन व्यतीत कर रहे हैं जबकि सरकार की मंशा है कि पंचायत स्तर पर बजट सीमित रहने से समुचित विकास नहीं हो रहा है इस लिए सरकार का प्रयास है कि नगर पंचायत ग्राम पंचायत से सटे हुए क्षेत्र को नगरपालिका नजीबाबाद मैं शामिल कर लिया जाए और विकास को गति प्रदान किया जाए क्योंकि अभी तक जो कालोनी कटी हुई है वहां विकास नाम की कोई चीज नहीं है सड़कें उबड़-खाबड़ बिजली पानी सफाई व्यवस्था कुछ नहीं है क्योंकि सीमा मामला है लेकिन आबादी से बाहर निकल कर लोगों ने फिर भी मकान दुकान बना लिया है जबकि आदर्श नगर हिमालयन कालोनी रेलवे कालोनी सिंचाई कालोनी सत्य विहार जय नगर सिद्ध बली विहार आरसी पुरम लक्ष्मी नगर शान्ति विहार आकाशवाणी कालोनी कुसुम विहार गीता नगरी कमल कुटीर सुभाष नगर गोविंद नगर सावित्री कालोनी पारस एन्क्लेव सन्तोष एन्क्लेव आदि नगर सीमा पर बसे हुए हैं इसलिए अगर समय रहते सरकार इस मामले में गम्भीर हो तो नगर व आसपास क्षेत्रों में रहने वाली जनता को राहत मिलेगी और सीमा विस्तार से नगर पालिका क्षेत्र में बहुआयामी विकास को गति प्रदान होगी।

# एडवोकेट यूनिटी द्वारा किया गया शरबत वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** बुधवार को नगर के शक्ति नगर रोड स्थित न्यायालय परिसर चंदौसी के गेट पर साक्षी चंदौसी एडवोकेट यूनिटी द्वारा ज्येष्ठ माह के अवसर पर यूनिटी के सभी सदस्यो द्वारा आते जाते राहगीरों को तपती गर्मी में शरबत वितरित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एड. रंजना शर्मा (प्रदेशाध्यक्ष - साक्षी सेवा समिति) ने कहा की ज्येष्ठ माह में तपती गर्मी में आमजन को शीतल पेय पिलाना तो शुभ माना जाता है। एडवोकेट यूनिटी अध्यक्ष एड.नकुल प्रताप सिंह ने कहा कि यूनिटी द्वारा समय समय पर निर्धन लोगों की निशुल्क परामर्श उपलब्ध कराना व असहाय लोगों को सहायता प्रदान करना,




अधिवक्ताओं के हितों में कार्य करना यूनिटी की प्राथमिकता रहती है। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित रहे। एड. दीपक राठौर, एड.संजय शर्मा एड. अमित सक्सैना, एड. राजेश कुमार,एड. संजीव शर्मा,एड.विभोर बंसल,एड. सचिन गोयल, एड.कविता सिंह,एड.रीता सिंह, एड.विनयपाल सिंह, एड.पीयूष वार्ष्णेय,एड. राहुल मिश्रा, एड. अजय सक्सैना,अमरपाल मुंशी प्रशिक्षु यशिका पराशरी आदि का विशेष सहयोग रहा।कार्यक्रम की अध्यक्षता एड नकुल प्रताप सिंह ने ओर संचालन एड राजेश कुमार ने किया।

# बिजली-पानी को लेकर जनता में हाहाकार मचा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नजीबाबाद।** आसमान से बरसती आग और जमीन दीवारों से हीटर की तरह निकल रही आग से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त सा हो गया है वहीं पिछले तीन दिनों से बिजली कटौती कम वोल्टेज ड्रामा और कुछ स्थानों पर बिजली की सप्लाई ठप्प होने पर जनता बेहाल हो गयी है ।

और हर तरफ हाहाकार मचा हुआ है कि आखिर कैसे कटेगी ज़िन्दगी क्यों कि आसमान से बरसती आग चिलचिलाती धूप में ज़िन्दगी ठहर सी गई है वहीं बीते तीन दिनों से जो हालात हैं वो बद से बद्तर हो गया है एक तरफ बिजली आपूर्ति का नहीं होना और बिजली से ही जलापूर्ति सुनिश्चित होती है इसलिए ना बिजली ना पानी तो क्या करें जिंदगानी तो आखिर कार जन आक्रोश फूट पड़ा और पहले लोग सड़कों पर आकर अपना विरोध प्रदर्शन किया और बीती रात नगर पालिका अध्यक्ष के निवास पर जाकर हंगामा किया और कहा कि कब तक ऐसे जीवन व्यतीत होगा जब बिजली पानी सफाई व्यवस्था नहीं है लेकिन मात्र आश्वासन देकर जनता को टरका दिया गया जबकि जनता में जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भारी आक्रोश है क्योंकि वोट लेने वाले आराम से धरो मैं कैद है और वोट देने वाली जनता सड़कों पर रात बिताने को मजबूर हैं वहीं भीषण गर्मी से जमीन का जलस्तर नीचे चला गया है और इंडिया मार्का हैंडपंप समरसैबिल भी शो पीस बनकर रह गए हैं जिसके चलते पानी की भारी समस्या पैदा हो गई है और प्यास बुझाने के लिए पानी भी उपलब्ध नहीं है तो गरीब लोगों को बर्फ.का सहारा बचा है वह भी बिजली सप्लाई नहीं होने के कारण फैक्ट्री में कम मात्रा में बन पा रहा है जिसके चलते बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी है ताकि किसी तरह प्यास बुझाने से काम चलें लेकिन बर्फ के दाम पचास रुपए प्रति किलो तक पहुंच गया है अब जब कि गर्मी के कारण कारोबार ठप्प है तो गरीब जनता पर भारी बोझ पड़ रहा है इसी भीषण गर्मी से अनेक बीमारी जन्म लें रहीं हैं तो जनता हर तरफ से परेशान नजर आ रही है।

# सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने लगाई जन चौपाल, अजमद अली को अल्पसंख्यक जिला महासचिव नियुक्त किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी/संभल (मयंक सक्सेना)।** बुधवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी जनपद संभल के जिलाध्यक्ष प्रेम शंकर मौर्य ने ग्राम खजरा खाकम में जन चौपाल लगाई जिसमें केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाएं के बारे में बताया प्रेम शंकर मौर्य ने बोलते हुए कहा कि मा राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर पिछड़ा दलित अति पिछड़ा अति दलित अल्पसंख्यक लोगों की बात करते हैं और हमेशा करते रहेंगे कुछ लोगों ने नेताजी ओमप्रकाश राजभर के विचारों से प्रसन्न होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की ओर जिलाध्यक्ष प्रेम शंकर मौर्य ने अजमद अली को अल्पसंख्यक जिला महासचिव नियुक्त किया ओर उन्हें विश्वास दिलाया कि



सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का एक एक कार्यकर्ता आपके साथ कंधे से कंधे मिलाकर हमेशा खड़ा रहेगा इस बीच रोशनलाल कुशवाहा जिला प्रभारी,हर चरण कुशवाहा विधानसभा अध्यक्ष असमोली, भूपेंद्र कुशवाहा ब्लॉक अध्यक्ष बहजोई, दीपक मौर्य जिला मीडिया प्रभारी,बोबी,छनवीर कुमार, प्रणवीर कुमार, सोमवीर,ललतेश, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दारू लड्डू मांगी दरोगा निलंबित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मंडावर।** कस्बे के इंचार्ज को एक भाजपा नेता से काम के बदले दो शराब की बोतल और लड्डू मांगना महंगा पड़ गया हुआ यूं कि कस्बे से नगर पंचायत का चुनाव लड चुके एक मुस्लिम नेता जो जनता के काम करने के लिए थाने आते जाते हैं इसी बीच कस्बा इंचार्ज ने काम के बदले दो रैड नाइट शराब की बोतल और लड्डू की दावत के लिए कहा जिसे रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया और खबर बस्ती में फैल गई और पुरे मामले को लेकर भाजपा नेता पुलिस अधीक्षक बिजनौर से मुलाकात करने जिला मुख्यालय पर जाकर पुरा प्रकरण बताया जिसे गम्भीरता पूर्वक लेते हुए न्याय प्रिय पुलिस अधीक्षक ने दरोगा धर्मेंद्र गिरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया और मामले की जांच पुलिस क्षेत्राधिकारी को सौंप दिया इस पुरे मामले में जहां पुलिस अधीक्षक बिजनौर की प्रसंशा हों रहीं हैं क्योंकि की पहले भी काफी मामले में गम्भीर होकर पुलिस कर्मियों के निलंबन की कार्यवाही हो चुकी है वहीं कस्बा इंचार्ज की फजीहत हो रही है कि जब जनता के काम के नाम पर जनप्रतिनिधियों के साथ ऐसा होगा तो आम आदमी की सुनवाई कैसे होगा।

# ईद पर नगर पालिका की सफाई व्यवस्था की खुली पोल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नजीबाबाद।** ईद उल अजहा पर नगर पालिका अध्यक्ष ने शान्ति समिति के बैठक और नगर पालिका में बैठकर बहुत लम्बे चौड़े वायदे किए थे लेकिन सभी वायदे हवा हवाई साबित हुए क्यों कि ईद के दिन जलापूर्ति सुचारू रूप से नहीं होने से जनता को सड़कों पर आना पड़ा वहीं नलकूप ट्यूब वेल शो पीस बनकर रह गए इतना ही नहीं नगर की सभी मस्जिदों के बाहर कोई सफाई व्यवस्था नहीं किया गया जबकि अधिकतर मस्जिदों में सवेरे नमाज अदा कराईं गई वहीं ईदगाह को जानें वाले रास्ते पर भी सफाई व्यवस्था नहीं किया गया था और चूना जो कीटनाशक होता है उसे नालियों



किनारे डाला जाता है लेकिन कूड़े के ढेर पर ही चूने की जगह मार्बल पाउडर डाला गया जों हवा में उड़ गया वहीं बाल्मीकि बस्ती दलित बस्ती से लोग मुस्लिम आबादी के बीच होकर आते जाते हैं वहीं भी कूडियो पर गन्दी भरीं हुईं थीं और भीषण गर्मी के चलते बदबू उठ रही थी साथ ही मुख्य बाजार और मस्जिदों के बाहर भी कूड़े से बदबू नगर पालिका अध्यक्ष के सभी दावों की पोल खोल रही थी वहीं नगर पालिका के एक कर्मचारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि चूना महंगा और मार्बल पाउडर सस्ता है इसलिए यह सब काम सफाई के नाम पर हुआ वहीं कूड़ा अवशेष उढाने वाली गाड़ियों पर चार की जगह तीन लोगों को लगाया गया तो सफाई व्यवस्था कैसे हो जबकि मामूली खेल में जनता के जीवन से गर्मी मैं खिलवाड़ किया गया।

# कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष का मनाया जन्मदिन,बांटा शरबत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवम लोकसभा सांसद राहुल गांधी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर युवा कांग्रेस संभल जिला अध्यक्ष काजी हम्माद मुबीन के नेतृत्व में युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने गुन्नौर नेहरु चौक पर शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया।साथ ही मासूम बच्चों के बीच में केक काटकर जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया इस मौके पर युवा कांग्रेस संभल जिला अध्यक्ष काजी हम्माद मुबीन ने कहा कि संविधान व लोकतंत्र पर जब जब खतरा मंडराया तो एक रक्षक की तरह उसकी ढाल बने, मासूमों पर जब



अत्याचार हुआ तो एक अभिवाहक की तरह सहारा दिया महिलाओं के साथ जब अत्याचार हुआ तो एक परिवार के सदस्य की तरह उनकी सुरक्षा में खड़े रहें युवाओं के अधिकारों को जब कुचला गया तो उसे बचाने के लिए योद्धा की तरह लड़े सत्ता संरक्षित पूंजीपतियों द्वारा किसानों, श्रमिकों के अधिकारों के हनन पर उनके बीच पहुंचकर यह संदेश दिया कि "मैं हूं" ऐसे ही धैर्य, त्याग, साहस की प्रतिमूर्ति हम सबके लीडर जननायक राहुल गांधी सदैव स्वस्थ, दीघार्यु रहें और इसी तरह देश की जनता के हक की आवाज को बुलंद करते रहें।

इस दौरान मौजूद रहे कसीम खान, मजहर खान,साकिब खान ,मुबीन अली, बिलाल अली,जैद, अब्दुल्लाह काजी, कैफ खान,शानू खान, रिहान अंसारी,तरुण यादव, भूपेंद्र, शानू,आदि युवा कांग्रेस कार्यकर्ता।

# फ्लाई ओवर निर्माण के कार्य में देरी होने को लेकर उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** बुधवार को अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय के नेतृत्व में उपजिलाअधिकारी चंदौसी नीतू रानी से मिले और एक ज्ञापन सौपा ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया की फ्लाई ओवर निर्माण का कार्य अभी शुरू तक नहीं हुआ है।

नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा जब तहसील में सेतू निगम के जिम्मेदार व्यक्ति ने लिखित तौर पर तीन दिन का समय मांगा था कहा कि तीन दिन में फ्लाई ओवर का कार्य शुरू हो जायेगा जो अभी तक तस का मस है जानत के धैर्य की परीक्षा ली जा रही है अगर ऐसे ही सेतु निगम की मनमानी चलती रही है जनता इनको सबक सिखाना भी जानती है। जनता के धैर्य की परीक्षा नही ली जाये तत्काल कार्य शुरू किया जाए।

प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी ने कहा कि शहर की प्रमुख समस्या 36 इ



फ्लाई ओवर का लोकार्पण होने के बाद भी कार्य शुरू नही हुआ जबकि निर्माण पूरा करने की अवधि 12 महीने की है 4 महीने निकल जाने के बाद अभी तक सभी कार्य कागजी ही हुए है। ऐसा ढीला रवैया सेतु निगम ने अपना रखा है ।अतः फ्लाई ओवर का कार्य 10 दिन के अंदर शुरू नही होता है तो शहर की जनता को साथ ले कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा । इस दौरान ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से मौजूद रहे।सभसाद अन्ना खान, नवकान्त शर्मा, इरफान मंसूरी, अतुल कश्यप, आशीष ,मनोज, राजीव शर्मा आदि मौजूद रहे।

# तेज गर्मी में बच्चे भी नहीं रहे पीछे,किया शरबत वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** बुधवार को नगर के आवास



विकास में भी तेज गर्मी के चलते बच्चे भी पीछे नहीं रहे और दोपहर होते ही शरबत वितरण करना शुरू कर दिया इस दौरान आते जाते राहगीरों ने भी ठंडा शरबत पीकर गर्मी के मौसम में राहत ली। इस समय तापमान अपने उच्चतम डिग्री पर है, ऐसे में सभी लोगों को जगह जगह ठंडे पानी या शराबत का वितरण करना चाहिए जिससे लोगों को इस भीषण गर्मी में राहत मिल सके । साथ ही सभी को समय समय पर समाजहित और राष्ट्रहित में अपनी सेवाएं प्रदान करते रहना चाहिए। इस समय शरबत वितरण का कार्य बहुत ही सराहनीय कार्य है इससे लोगों को गर्मी के मौसम में राहत मिलेगी । इस दौरान छोटे बड़े बच्चों में मौजूद रहे। आरव राघव,टुकटुक राघव,अक्षांश यादव, कौशल यादव, रोशनी, हर्षित आदि।

# एसपी ने पचास बरामद मोबाइल फोन को उनके मालिकों को लोटाया, मोबाइल स्वामियों के खिले चेहरे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई (अंकित कुमार)।** बुधवार को जनपद संभल की साइबर थाना, सर्विलांस सेल की टीम द्वारा अथक प्रयास कर आम जनमानस के खोये हुए विभिन्न कम्पनियों के 50 मोबाइल फोन

### गैर जनपद एवं अन्य राज्यों से कुल 50 मोबाईल फोन जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 10 लाख रुपए बरामद किया है

जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 10 लाख रुपये थी बरामद कर मोबाइल स्वामियों के सुपुर्द किये गये। जनपद सम्भल में खोये हुए मोबाईल फोनों के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर संज्ञान लेते हुए कुलदीप सिंह गुनावत पुलिस अधीक्षक द्वारा शीघ्र बरामदगी हेतु साइबर थाना, सर्विलांस सेल को निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में साइबर सेल द्वारा अभियान चलाकर अथक परिश्रम कर गैर जनपद एवं अन्य राज्यों से कुल 50 मोबाईल फोन जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 10 लाख रुपए की बरामदगी की गयी है, जिनको पुलिस अधीक्षक द्वारा मोबाईल स्वामियों को सुपुर्द किया गया। अपने खोए मोबाइल फोन पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे व सम्भल पुलिस का आभार प्रकट करते हुए उनका आभार प्रकट किया विभिन्न कम्पनियों के मल्टीमीडिया मोबाईल फोन जिसमे वीवो के नौ फोन ओप्पो के दस मोबाइल सैमसंग के दस रियलमी के छ टेक्नो के दो इंफीनिक्स के पाँच रेडमी के चार मोटो का एक वन प्लस के दो पोको का एक, लगभग 50 मोबाइल फोन पुलिस टीम ने बरामद किये

**आयोजन** 21 जून को आयोजित किया जाएगा योग शिविर कार्यक्रम

# दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर हुआ बैठक का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी/बहजोई (मयंक सक्सेना)।** बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा द्वारा बताया गया कि 21 जून को दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जिलास्तरीय कार्यक्रम बहजोई चंदौसी रोड़ स्थित शशिमदान पब्लिक स्कूल में प्रातः 06 बजे से 07 बजे तक आयोजित किया जाएगा ।जिलाधिकारी ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस योग शिविर कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम के लिए टैंट, मंच व्यवस्था, फलैक्सी, साउंड सिस्टम एवं अन्य व्यवस्थाओं के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक



दिशा निर्देश दिए।शिक्षा विभाग ( बेसिक एवं माध्यमिक ) स्वास्थ्य विभाग एन .आर .एल .एम, पूर्ति विभाग ,नगर पालिका चंदौसी आदि को व्यवस्थाओं तथा आयुष विभाग सम्भल को योग प्रशिक्षक के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला स्तरीय योग शिविर कार्यक्रम में एक कैम्प लगाना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी ज्ञान सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरन्नुम रजा,जिला विकास अधिकारी राम आशीष, उप जिलाधिकारी चंदौसी नीतू रानी, जिला विद्यालय निरीक्षक वेदराम, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी सीपी सिंह,संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डायल 112 पर झूठी सूचना देने वाले हुए गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी/हयातनगर (मयंक सक्सेना)।**



पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कुलदीप सिंह गुनावत व अपर पुलिस अधीक्षक सम्भल श्रीश्चन्द्र के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी सम्भल अनुज कुमार चौधरी व प्रभारी निरीक्षक थाना हयातनगर सन्त कुमार के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु थाना हयातनगर पुलिस टीम द्वारा दो नफर अभियुक्त बंटी सैनी पुत्र लाखन सिंह निवासी ग्राम सीतापुरी थाना हयातनगर संजीव पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम सीतापुरी को डायल 112 पर मोटरसाईकिल चोरी की झूठी सूचना देने वाले गिरफ्तार किये गये। प्रकरण की जाँच की गयी तो संजीव द्वारा अपने उधार दिए गये पैसे बंटी से मांग रहा था इसी को लेकर बंटी द्वारा डायल 112 पर सूचना दी गयी की मेरी मोटर साईकिल चोरी हो गयी हैं व दोनों आपस में मौके पर आमदा फौजदारी हो रहे थे। जाँच में मामला झूठा पाया गया। मौके से भ्रामक झूठी सूचना देने व आपस में पैसे के लेंन देंन को लेकर झगडा कर रहे दोनों अभियुक्तों को शांति व्यवस्था को दृष्टीगत रखते हुए अन्तर्गत धारा 151 सीआरपीसी में गिरफ्तार किया गया।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# एनएसए के तहत हो अपराधियों पर हो कार्रवाई: मोहसिन मेवाती

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** समाजवादी छात्र सभा के नि जिलाध्यक्ष/छात्र नेता मौ मोहसिन मेवाती ने जिला प्रशासन से मांग की है दोषियों के खिलाफ एनएसए के तहत या गैंगस्टर के तहत कार्रवाई हो। हालांकि पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज कर दी गई है लेकिन प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ एक तरफ कहते हैं कि प्रदेश अपराध मुक्त हो गया है अपराधियों से मुक्त हो गया है वही अलीगढ़ में इसका जीता जागता सबूत है की अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। जिसके चलते एक मासूम को अपनी जान गंवानी पड़ी।



# 'कैच द रेन' अभियान को तेजी से पूरा करने में जुटी योगी सरकार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

- सीएम योगी के निर्देश पर वर्षा जल के अधिकाधिक संचयन के लिए चल रहा 'कैच द रेन' अभियान
- अभियान के पांचवें चरण में प्रदेश के सभी जनपदों में शीघ्रता से पूरे किये जा रहे तमाम कार्य
- छोटी नदियों के कायाकल्प से लेकर पारंपरिक जल निकायों और जलस्रोतों का हो रहा नीवनीकरण
- अमृत सरोवरों में जमी सिल्ट को साफ करने में जुटी है योगी सरकार की मशीनरी

**लखनऊ ।** अधिकाधिक वर्षा जल संचयन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में चल रहा 'कैच द रेन' अभियान तेज गति से आगे बढ़ रहा है। 2019 से प्रतिवर्ष मार्च-अप्रैल से नवंबर तक चलने वाला ये अभियान इस वर्ष अपने पांचवें चरण में पहुंच चुका है। इसके अंतर्गत पारंपरिक जल निकायों, जलस्रोतों का नीवनीकरण और पुनः उपयोग, बोरवेल पुनर्भरण, वाटरशेड का विकास, गहन वनारोपण, छोटी नदियों के कायाकल्प के साथ ही 'नारी शक्ति से जल शक्ति' के थीम पर जन जागरूकता कार्यक्रम, जिलों की हाइड्रो जियोलॉजिकल परिस्थिति के अनुसार जल संचयन संबंधी अन्य कार्य कराए जा रहे हैं। इसके अलावा जिलों के सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय भवनों पर अनिवार्य रूप से रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली (फ्ळफ्हल्) की स्थापना कराने के निर्देश हैं। साथ ही यह भी निर्देश हैं कि जिलों के सभी अमृत सरोवरों के जल प्रवाह में रुकावट को ठीक किया जाए।

**क्रियान्वयन के मामले में ये हैं टॉप फाइव जिले**

18 जून तक की रिपोर्ट के अनुसार जिलों के शासकीय और अर्द्धशासकीय भवनों पर अनिवार्य रूप से रेनवॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना कराने के मामले में पीलीभीत, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बाराबंकी और गोंडा क्रमशः टॉप फाइव में हैं। यहां शत प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। वहीं अमृत सरोवरों के रखरखाव में गोरखपुर, महाराजगंज, प्रयागराज, आजमगढ़ और बाराबंकी क्रमशः टॉप फाइव जनपद हैं। यहां अमृत सरोवरों में सिल्ट और वनस्पतियों को साफ कराने का कार्य पूरा कर लिया गया है। साथ ही निमार्णाधीन अमृत सरोवरों के कार्य को भी पूरा कर लिया गया है।

**जल निकाय की हो डिसिल्टिंग**

प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने हाल ही में 'कैच द रेन अभियान 2024' की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को इस बात से अवगत करा दिया है कि यह केंद्र और योगी सरकार के सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। इसके अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों में मानसून के प्रारंभ से पहले प्राथमिकता के आधार पर जल स्रोतों यथा तालाब, कृत्रिम पुनर्भरण संरचना, छोटी नदियां, चेकडैम, जल निकाय के डिसिल्टिंग और पुनरुद्धार के कार्य पूर्ण कर लिए जाएं, जिससे कि वर्षा ऋतु में अधिकाधिक वर्षा जल का संचयन करते हुए जल शक्ति अभियान को सार्थकता प्रदान की जाए।

**जिलों में सीडीओ बनाए गये हैं नोडल अफसर**

इस बात के भी निर्देश हैं कि जनपदों के सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय भवनों यथा कार्यालय भवन, प्राथमिक विद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन आदि पर अनिवार्य रूप से रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना सुनिश्चित करा ली जाए। साथ ही नगरीय क्षेत्रों में आने वाले समस्त पार्क और सार्वजनिक स्थलों में वर्षा जल संचयन के प्रभावी उपाय किये जाएं। इसके अलावा 'कैच द रेन 2024' विषय पर जन जागरूकता के लिए स्कूली बच्चों एवं समाज में विशेष अभियान, रैलियां, गोष्ठियां, वार्ता आदि का भी आयोजन कराया जाए, जिससे जल संरक्षण एक जन आंदोलन का रूप ले सके। इसके लिए सभी जिलों के मुख्य विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

# उत्तर प्रदेश में गुरुवार से शुरू होगी राज्य पक्षी सारस की गणना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

- योगी सरकार ने की सारस के संरक्षण की पहल, मिले सुखद परिणाम
- 2021 में 173279, 2022 में 19188 और 2023 में यूपी में पाए गए थे 19522 सारस
- दो दिन तक सुबह-शाम दो बार होगी गणना, प्रकृति प्रेमियों का भी लिया जाएगा सहयोग

**लखनऊ।** योगी सरकार ने सारस के संरक्षण के लिए पहल की, जिसके सुखद परिणाम मिलने लगे। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश में गुरुवार से राज्य पक्षी सारस की गणना होगी। वर्ष में दो बार (ग्रीष्मकालीन-शीतकालीन) गणना होती है। वर्ष 2024 के लिए गुरुवार से दो दिन तक सारस गणना होगी। यह गणना सुबह-शाम दो बार की जाएगी। इसमें वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ ही विद्यार्थियों व प्रकृति प्रेमियों का भी सहयोग लिया जाएगा। 2023 में हुई गणना में उत्तर प्रदेश में 19522 सारस पाए गए थे। प्रभागीय वनाधिकारी अपने प्रभाग में पाए गए सारस की संख्या व फोटो पहली जुलाई तक मुख्य वन संरक्षक, ईको विकास, लखनऊ को उपलब्ध कराएंगे।

**प्रभागीय वनाधिकारी होंगे को-ऑर्डिनेटर**

सारस की गणना वर्ष में दो बार (ग्रीष्मकालीन व शीतकालीन) होती है। 20 व 21 जून 2024 को ग्रीष्मकालीन सारस गणना की जाएगी। इसके लिए प्रत्येक प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों के को-ऑर्डिनेटर होंगे। वन रक्षक गणना टीम का लीडर होगा। इनके कार्य क्षेत्र में कई वेटलैंड होने पर एक से अधिक टीम गठित की जाए। इसके लिए जनसामान्य को भी जागरूक किया जाएगा। गणना में स्कूल, कॉलेज के बच्चों, प्रकृति प्रेमियों व एनजीओ भी सारस गणना में प्रतिभाग कर सकते हैं। इन्हें प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।



**साल दर साल बढ़ती गई सारस की संख्या**

वर्ष 2024 में प्रत्येक गणना स्थल पर सुबह छह से आठ और शाम चार से छह बजे तक गणना होगी। दोनों में जो भी संख्या अधिकतम होगी, उसे ही वास्तविक माना जाएगा। प्रत्येक गणना स्थल की जीपीएस रीडिंग भी होगी। वहीं साल दर साल सारस की संख्या में भी काफी बढ़ोतरी हुई। कोरोना के बाद प्रदेश में 2021 में 17329 सारस पाए गए। 2022 में यह बढ़कर 19188 हो गए। 2023 में यह संख्या बढ़कर 19522 हो गई। वहीं 2024 में गुरुवार से होने वाली गणना के उपरांत सारस के कुनबे के और बढ़ने की संभावना है।

# नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष वायनाड और रायबरेली से ऐतिहासिक जीत हासिल करने वाले गरीब किसान मजदूर दलित के मसीहा युवाओं के दिल की धड़कन राहुल गांधी का 55 व जन्मदिन नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा अपने कार्यालय पर केक काटकर और एक दूसरे को केक खिलाकर बड़ी धूमधाम से मनाया गया ! इस मौके पर नगर अध्यक्ष परवेज आलम, महामंत्री योगेंद्र निराला, पूर्व जिला महासचिव अनिल शर्मा उपाध्यक्ष इकराम सलमानी हनीफ इदरीसी, जाकिर मलिक, अलाउद्दीन सलमानी, नवीन मलिक, अशरफ सलमान डॉक्टर सरवर मेवाती, आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे !



# ग्रामीण क्षेत्र में उद्यम लगाने को बड़े काम की है मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गोरखपुर।** यदि आप अपने गांव में ही उद्यम लगाकर स्वरोजगार की राह पर चलकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होना चाहते हैं तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग की तरफ से संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना आपके लिए बेहद काम की साबित हो सकती है। इस योजना में चयनित होने पर आपको दस लाख रुपये तक की परियोजना पर लोन अत्यंत कम व्याज दर पर उपलब्ध हो जाएगा। इतना ही नहीं परियोजना पर नब्बे फीसदी लोन भी मिल जाएगा।

गोरखपुर के जिला ग्रामोद्योग अधिकारी एके पाल बताते हैं कि मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना में ग्रामीण शिक्षित बेरोजगारों को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर गांवों में ही उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उद्यम स्थापित करने के लिए अधिकतम 10 लाख रुपये तक की परियोजना पर वित्तीय सहायता बैंकों के माध्यम से दिलायी जाती है। योजना के तहत सामान्य वर्ग के पुरुष लाभार्थियों को परियोजना लागत का दस

**मिशन रोजगार : दस लाख रुपये की परियोजना पर मिलेगा बैंक से लोन**

प्रतिशत तथा जातिगत आरक्षित श्रेणी (एससी-एसटी, ओबीसी), अल्पसंख्यक, दिव्यांग, भूतपूर्व सैनिक एवं महिला लाभार्थियों को पांच प्रतिशत का अंशदान स्वयं लगाना होगा। प्रोजेक्ट स्वीकृत होने के बाद सामान्य वर्ग के पुरुष लाभार्थियों को पूंजीगत मद में मात्र 4 प्रतिशत ब्याज वहन करना होगा। पांच वर्ष तक शेष ब्याज की धनराशि सब्सिडी के रूप में शासन से प्राप्त धनराशि से समायोजित हो जाएगी। जबकि जातिगत आरक्षित वर्ग, अल्पसंख्यक, दिव्यांग, भूतपूर्व सैनिक एवं महिला लाभार्थियों के पूंजीगत ऋण पर समस्त ब्याज की धनराशि सब्सिडी से समायोजित हो जाएगी।

मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अंतर्गत 18 से 50 वर्ष तक कि आयु के इच्छुक अभ्यर्थी को न्यूनतम कक्षा आठ पास तथा ग्रामीण क्षेत्र का निवासी होना चाहिए। अभ्यर्थी http:// cmegp. data-center.co.in पोर्टल पर 28 जून तक आनलाइन आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन के बाद इसकी प्रिंटेड कॉपी व अन्य जरूरी दस्तावेज को जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में जमा करना होगा। विस्तृत जानकारी के लिए विकास भवन के द्वितीय तल पर स्थित जिला ग्रामोद्योग अधिकारी के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# पूरे भारत में क्लेफ्ट केयर पर स्माइल ट्रेन के परिवर्तनकारी प्रभाव को लखनऊ में जारी 'क्वालिटी ऑफ लाइफ एंड इम्पैक्ट रिपोर्ट' में उजागर किया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** दुनिया के सबसे बड़ी क्लेफ्ट - केंद्रित एनजीओ, स्माइल ट्रेन ने आज एक गहन मूल्यांकन रिपोर्ट जारी की, जिसमें बीस साल की अवधि में देश भर में स्माइल ट्रेन के क्लेफ्ट केयर प्रयासों के परिवर्तनकारी प्रभाव को दशार्या गया है। कंसल्टेन्सी फर्म केपीएमजी द्वारा एकत्र किए गए डेटा के संकलन पर आधारित रिपोर्ट में दो दशकों की अवधि में क्लेफ्ट केयर को सहयोग करने वाले स्माइल ट्रेन के कार्यक्रमों के सामाजिक प्रभाव का समग्र दृष्टिकोण प्राप्त करने के लिए तीन शोध पद्धतियों पर काम किया गया है। रिपोर्ट में 2000 से क्लेफ्ट उपचार में स्माइल ट्रेन के निवेश के माध्यम से भारत में पैदा हुए 16 बिलियन अमेरिकी डॉलर के प्रभाव पर भी प्रकाश डाला गया है।

2000 के बाद से, स्माइल ट्रेन ने पूरे भारत में सात लाख से अधिक क्लेफ्ट सर्जरी मैं सहयोग किया है। अध्ययन के प्रमुख निष्कर्ष इस बात को पुष्ट करते हैं कि भारत में स्माइल ट्रेन का कार्यक्रम वैश्विक सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप है। यह क्लेफ्ट इलाज तक पहुंच में सुधार, अस्पताल के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और रोगियों के जीवन की गुणवत्ता को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने में स्माइल ट्रेन के समर्थन के सकारात्मक प्रभाव को प्रदर्शित करता है। सभी उत्तरदाताओं ने संकेत दिया कि स्माइल ट्रेन इंडिया का सहयोग क्लेफ्ट रोगियों और उनके परिवारों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण था।70% माता-पिता ने कहा कि स्माइल ट्रेन की सहायता के बिना क्लेफ्ट के इलाज कराने के लिए उनके पास वित्तीय संसाधनों की कमी थी।100% माता-पिता ने कहा कि स्माइल ट्रेन ने वित्तीय बोझ को कम करने और क्लेफ्ट के इलाज तक पहुंचने में मदद की।



100% माता-पिता ने स्वीकार किया कि क्लेफ्ट और उसके उपचार की जानकारी से उन्हें अपने बच्चे की स्थिति को समझने में मदद मिली।स्माइल ट्रेन द्वारा जागृत की गयी जागरूकता से माता पिता को क्लेफ्ट के प्रति उनके परिजनों की सोच को बदला है। अपने बच्चों का इलाज करने वाले योग्य डॉक्टरों से बातचीत के बाद माता-पिता का तनाव और चिंता काफी कम हो गई।79% माता-पिता ने बताया कि स्माइल ट्रेन के माध्यम से प्राप्त क्लेफ्ट के उपचार से उनके बच्चे को बहुत फायदा हुआ है। क्लेफ्ट वाले 60% व्यक्तियों को क्लेफ्ट सर्जरी से पहले कुछ खाद्य पदार्थ खाने और तरल पदार्थ पीने में कठिनाई होती थी।

उपचार के बाद, कटे हुए 83% व्यक्तियों ने खाने और पीने जैसे चेहरे के कार्यों में कोई कठिनाई नहीं बताई। 77.6% पार्टनर डॉक्टर इस बात से सहमत थे कि स्माइल ट्रेन द्वारा प्रदान किए गए सहयोग के बाद क्लेफ्ट का इलाज चाहने वाले व्यक्तियों की संख्या में वृद्धि हुई है। 96% डॉक्टरों के साक्षात्कार में इस पर प्रकाश डाला कि स्माइल ट्रेन इंडिया द्वारा दूर-दराज के क्षेत्रों से संबंधित क्लेफ्ट व्यक्तियों की देखभाल के लिए बनाई गई आउटरीच प्रभावी रही है।100% डॉक्टर इस बात से सहमत थे कि क्लेफ्ट व्यक्तियों की बढ़ती संख्या का इलाज करने के लिए अस्पताल के कर्मचारियों की संख्या पर्याप्त है। साक्षात्कार में शामिल डॉक्टर एक वर्ष में औसतन 278 कटे-फटे ऑपरेशन करते हैं।

# पत्रकार सांसद के बाद अब कानपुर को मिल सकता है एक पत्रकार विधायक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कानपुर।** पत्रकार सांसद के बाद अब कानपुर को एक पत्रकार विधायक मिल सकता है। कानपुर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित को बीजेपी इस बार सीसामऊ उपचुनाव में अपना प्रत्याशी बना सकती है। अवनीश दीक्षित ने बताया कि उन्होंने सीसामऊ क्षेत्र से अपनी दावेदारी कर दी है। अवनीश दीक्षित पिछले कई दिनों से दिल्ली में डेरा जमाए हुए थे। सीसामऊ से टिकट की दावेदारी गुपचुप तरीके से कर चुके हैं। पिछले करीब दशक से पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान दे रहे अवनीश दीक्षित बीजेपी से टिकट मांग रहे है। बता दें कि सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र से विधायक इरफान सोलंकी को सात साल की सजा होने के बाद ये तय हो गया है कि सीसामऊ विधानसभा में उपचुनाव होगा इसके लिए अवनीश दीक्षित ने बताया कि उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि भी बीजेपी से आती है ऐसे में टिकट के लिए पूरी तैयारी की जा चुकी है पार्टी के सूत्रों की मानें तो अभी फिलहाल प्रत्याशियों की जोर आजमाइश चल रही है पार्टी जिसको टिकट देगी उसको पूरी जोरदार तरीके से चुनाव लड़ाया जाएगा इसके लिए सभी लोग एकजुट होकर कार्य करेंगे अवनीश दीक्षित ने दिल्ली में गुपचुप तरीके से पार्टी में अपनी पैठ बनाई है। इसको लेकर जबरदस्त चर्चा है कानपुर से सांसद रमेश अवस्थी भी पिछले कई दशकों तक पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े रहे हैं। ऐसे में बीजेपी पत्रकार अवनीश दीक्षित पर भरोसा कर सकती है।



# सामाजिक स्तर पर बढ़ रही चुनौतियों के कारण समाज व राष्ट्र के प्रति स्वयंसेवकों का दायित्व और बढ़ा : डॉ.प्रीतम सिंह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हरियाणा/ हिसार( राजेश सलूजा) ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरियाणा द्वारा कुरुक्षेत्र के श्रीमद् भगवत गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 8 से 24 जून तक चलने वाले संघ शिक्षा वर्ग में मातृ-हस्त भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मातृ-हस्त भोजन कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र नगर व ग्रामीण आंचल के लगभग 200 परिवारों ने वर्ग में पहुंच कर शिक्षार्थियों के साथ भोजन किया। 15 दिनों तक चलने वाले इस वर्ग में 324 शिक्षार्थियों, प्रबंधकों व अन्य व्यवस्थापक भाग ले रहे हैं। मातृ हस्त भोजन से पहले संस्कृति कार्यक्रम हुए जिसमें समाज से आए परिवारों के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति पेश की। कार्यक्रम में हरियाणा प्रांत के प्रांत प्रचारक डॉ. सुरेंद्र पाल भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे वर्ग पालक व हरियाणा प्रांत के सह प्रांत कार्यवाह डॉ. प्रीतम ने शिक्षार्थियों और परिवारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज जिस प्रकार से राष्ट्रीय व सामाजिक स्तर पर चुनौतियां खड़ी हुई हैं, ऐसे में संघ के स्वंयसेवक का दायित्व समाज व राष्ट्र के प्रति और अधिक बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषियों, मनीषियों और महापुरूषों ने कभी भी व्यक्ति-व्यक्ति के बीच किसी भी आधार पर भेदभाव नहीं करने का संदेश दिया है। इतना ही नहीं उन्होंने स्वयं भी अपने आचरण में अपने संदेशों का पालन किया है। संघ भी समाज के सभी व्यक्तियों को मां भारती की संतान मानते हुए सबको अपना मानता है। उन्होंने स्वयंसेवकों व समाज से आह्वान किया कि आज निहित स्वार्थी तत्वों के द्वारा जाति, पंथ व अन्य आधार पर समाज को बांटनें और लड़ाने की कोशिश की जा रही है। इसलिए स्वयंसेवक सर्तक रहते हुए समाज और राष्ट्र को निरंतर जोडने का कार्य करते रहें, क्योंकि संगठन में ही शक्ति होती है व संगठित समाज ही समर्थ, सशक्त व सक्षम राष्ट्र की आधारशिला है। उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि संघ के द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के प्रशिक्षण वर्ग लगाए जाते हैं ताकि संघ के स्वयंसेवक संघ की कार्य पद्धति सीख कर समाज में जाकर राष्ट्र निर्माण के कार्यों में अपना योगदान दें सकें। इस अवसर पर नगर संघ चालक सत्यनारायण ,वर्ग के सर्वाधिकारी कृष्ण सिंह, वर्ग कार्यवाह डॉ. देवेंद्र सिंह व संघ के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



**उत्साह** | अकबरपुर में इंडी गठबंधन को ले डूबा राजा रामपाल का अति उत्साह, बहुत कमजोर बूथ प्रबंधन और समर्पित पुराने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा

# कानपुर और अकबरपुर में गठबंधन की हार का कारण कमजोर बूथ प्रबंधन और अति उत्साह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** कानपुर और अकबरपुर में भारतीय जनता पार्टी से हुई पराजय को इंडी गठबंधन पचा नहीं पा रहा है।

इस बारे में पार्टी के पुराने और समर्पित माने जाने

**अकबरपुर में तकरीबन कम से - कम 30 प्रतिशत बूथों पर नहीं थे गठबंधन प्रत्याशी के एजेंट, और ना ही लगाए गए थे बस्ते, लगभग यही हाल कानपुर में भी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी का भी रहा**

वाले कार्यकर्ताओ और नेताओं की माने तो अकबरपुर में भाजपा से गठबंधन की प्रत्याशी राजा रामपाल की पराजय कारण उनका अति उत्साह ही रहा। सूत्रों के मुताबिक गठबंधन प्रत्याशी राजाराम पाल की पराजय की दूसरी सबसे बड़ी वजह बहुत कमजोर बूथ प्रबंधन, जिसकी सत्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अकबरपुर के लगभग 30% से भी ज्यादा मतदान बूथों पर एजेंटों की नियुक्ति ही नहीं की गई थी। साथ ही अनेक मतदान केंद्रों पर बस्ते ही नहीं लगाए गए थे। जबकि भाजपा का बूथ प्रबंधन हर दृष्टिकोण से बहुत मजबूत था। शायद गठबंधन प्रत्याशी राजाराम पाल और उनके सलाहकार समर्थकों को पूरा यकीन था कि वह कुछ भी ना करें तब भी वह अकबरपुर की सीट अवश्य ही जीत जाएंगे, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ।

कुल मिलाकर गठबंधन प्रत्याशी राजाराम पाल के जीत को लेकर अति उत्साह ,वोटरों और समर्पित पुराने कार्यकताओं की उपेक्षा बूथों पर बिल्कुल ही ध्यान नहीं देना। यहां तक की एजेंट भी नहीं नियुक्त करना और बस्ते भी नहीं लगवाना ही उनकी पराजय का कारण बन गई।और काफी कुछ लगभग यही हाल कानपुर लोकसभा सीट का भी रहा ,जहां से गठबंधन के कांग्रेस से प्रत्याशी आलोक मिश्रा मैदान में थे।

अकबरपुर और कानपुर लोकसभा सीट पर हार जीत में वोटों का अंतर भी यही साबित करता है कि राजाराम पाल और आलोक मिश्रा की पराजय का कारण कोई और नहीं बल्कि वह खुद ही हैं। अगर भारतीय जनता पार्टी की तरह राजा रामपाल और आलोक मिश्रा जीत को लेकर अति विश्वास से अति उत्साहित नहीं होते। बूथों पर पर्याप्त ध्यान दिया होता। जीतने के लिए फर्जी वोटिंग के खिलाफ हर बूथ पर एजेंट नियुक्त किया होता। सभी जगह बस्ते लगवाये होते, जातीय गणित के हिसाब से मतदाताओं की उपेक्षा नहीं की होती। उनसे संपर्क किया होता तो दोनों ही सीटों पर परिणाम इंडी गठबंधन के ही पक्ष में होते। एक सवाल यह भी कि अगर गठबंधन नहीं होता तो क्या तब भी कांग्रेस अकबरपुर सीट अपनी झोली में डालने में सफल हो सकती थी। चुनाव में हार जीत के गुणा भाग में माहिर लोग इसका जवाब कांग्रेस के पक्ष में ही देते हैं। उनके मुताबिक अगर गठबंधन नहीं हुआ होता तो फिर अकबरपुर से कांग्रेस के प्रत्याशी होते लोकहित में अपनी धुन के पक्के, कठोर परिश्रमी, हर किसी के सुख दुख में सदैव साथ खड़े होने वाले तथा व्यवहार कुशल होने के फलस्वरूप कोई भी चुनाव जीतने की हद तक हर जाति ,हर धर्म और हर वर्ग के लोगों में मजबूत पकड़ रखने वाले कांग्रेस के प्रदेश सचिव वरिष्ठ युवा नेता नीतम सचान।



समर्थक सूत्रों का दावा है कि सक्षम और संपन्न होने के बाद भी अहम भाव से मुक्त और उचित पात्र लोगों की हर संभव सहायता करने वाले प्रखर समाजसेवी जन समस्याओं के निस्तारण में भी शुरू से ही अग्रणी राहुल गांधी के अति नजदीकी, कांग्रेस के प्रचार, प्रसार और उसे मजबूत करने में भी अनवरत जुटे रहने वाले कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष , जिला पंचायत सदस्य, युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष, कुशल बूथ प्रबंधन के भी महारथी नीतम सचान को अकबरपुर सीट से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़वाने के फलस्वरूप अकबरपुर सीट हर हाल में कांग्रेस के खाते में ही जाने से कोई भी ताकत नहीं रोक सकती थी।

इसी के साथ समर्थक सूत्र यह भी दावा करते हैं कि व्यक्तिगत रूप से अपने गहन अध्ययन और समीक्षा से कानपुर से कांग्रेसी आलोक मिश्रा और अकबरपुर में गठबंधन प्रत्याशी राजाराम पाल की पराजय के स्पष्ट कारणों के जानकार वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नीतम सचान 2017 में गुजरात जाकर वहां होने वाले विधानसभा चुनाव में जिस तरह से अपने गहन अनुभव , सुझाव ,प्रबंधन और चुनावी रणनीति कांग्रेस के हित में प्रमाणित कर चुके हैं। उस आधार प्रत्याशी बनाए जाने के फलस्वरुप 2024 के लोकसभा चुनाव में अकबरपुर सीट भी अवश्य ही कांग्रेस के खाते में होती।

# योग कैंप के माध्यम से बच्चों को बना रहे निरोगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बिजनौर/बुलंदशहर।** दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 15 से 21जून की अवधि में जनपद के विभिन्न स्कूलों में योग कैंप के माध्यम से बच्चों



को निरोगी बनाया जा रहा है। नेचुरोपैथी योग एण्ड स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फेडरेशन के तत्वावधान में डॉ आर के राणा द्वारा विभिन्न स्कूलों में योग कैंप के माध्यम से बच्चों को योग सिखाया जा रहा है। फेडरेशन अध्यक्ष डॉ आर के राणा ने बताया कि गर्मियों की छुट्टियों में बच्चे निःशुल्क योग सीखने में गहरी रुचि ले रहे हैं।

# महिला अस्पताल में दो नवजातों ने और दम तोड़ा, थमने का नाम नहीं ले रही एसएनसीयू में नवजातों की मौतें

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बदायूं।** महिला अस्पताल के एसएनसीयू में नवजातों की मौतें थम नहीं रही है। शनिवार व सोमवार की रात दो और नवजातों ने दम तोड़ दिया। एक से 17 जून तक छह नवजात की जान जा चुकी है।

बदायूं के महिला अस्पताल के एसएनसीयू (स्पेशल न्यू बॉर्न केयर यूनिट) में सिस्टम की लापरवाही की वजह से शनिवार व सोमवार की रात दो और नवजातों ने दम तोड़ दिया। इन नवजातों की परेशानी को हर बार की तरह कोई भी समझने वाला नहीं मिला। यही वजह रही कि जिन्होंने कुछ दिन पहले ही दुनिया में कदम रखा था, आज वे सिस्टम की लापरवाही की वजह से इस दुनिया को छोड़कर चले गए।

एक से 17 जून तक छह नवजात की जान जा चुकी है, इन सभी की मौत रात में हुई है। इसका कारण यह है कि रात में कोई भी डॉक्टर एसएनसीयू में मौजूद नहीं होता है। वहीं, स्टाफ नवजातों की परेशानी का ठीक से समझ नहीं पाता, इसका खामियाजा बच्चों को भुगतना पड़ता है। एसएनसीयू में भर्ती दो नवजात की मौत शनिवार और सोमवार की रात को हो गई थी। पिछले सप्ताह भी दो नवजातों की जान गई थी। उससे पहले एक जून को भी दो नवजातों ने दम तोड़ दिया था। अधिकतर बच्चों की मौत रात में हुई हैं। यह नियम है कि रात में डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे, लेकिन सिस्टम की लापरवाही की वजह से मनमर्जी से ड्यूटी की व्यवस्था की जा रही है।

केस-1 उझानी निवासी प्रेमवती ने महिला अस्पताल में सोमवार को बेटी को जन्म दिया। मंगलवार 11 जून को एसएनसीयू में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर किया पर परिवार वाले वहां नहीं गए, बदायूं के लिए निजी अस्पतालों में घूमते रहे। दोपहर बाद फिर से अस्पताल लेकर पहुंचे जहां बेटी को भर्ती कर लिया गया। रात में मौत हो गई।

केस-2 इस्लामनगर निवासी कुंती को रविवार को प्रसव पीड़ा हुई तो परिजनों ने उसको महिलाअस्पताल में भर्ती कराया। उसको सोमवार दस जून को बेटी पैदा हुई। रात करीब 12 बजे नवजात की हालत बिगड़ गई। एसएनसीयू में भर्ती कराया गया, लेकिन उचित इलाज नहीं मिल सका और बच्चे की मौत हो गई।

केस-3 सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के गांव मझिया निवासी प्रदीप ने प्रसव पीड़ा होने पर पत्नी मनीषा देवी को 28 मई को महिला अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां ऑपरेशन से मनीषा ने बेटी को जन्म दिया। एसएनसीयू में भर्ती नवजात की 31 मई की रात को मौत हो गई।

केस-4 कासगंज के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के गांव बहोरा निवासी कमल कुमार का बेटा 25 मई को भर्ती था। जिसकी 31 मई की रात में नवजात की मौत हो गई। एक ही दिन में दो बच्चों की मौत के बाद परिजनों ने एसएनसीयू में हंगामा भी किया था।

केस-5 बिल्सी के गांव अंबियापुर निवासी रामसनेही को 10 जून को बच्चा पैदा हुआ था। गर्मी में बच्ची की हालत बिगड़ी तो उसको एसएनसीयू में भर्ती करा दिया गया। इलाज के दौरान 17 जून को मौत हो गई।

केस-6 वजीरगंज क्षेत्र के गांव दौलतपुर निवासी गुलफिशां को 14 जून को बेटा पैदा हुआ। कमजोर होने की वजह से एसएनसीयू में भर्ती कराया। 15 जून को नवजात की मौत हो गई। परिजनों ने इलाज के अभाव में मौत होने की बात कही।

शनिवार से सोमवार तक दो नवजातों की जान गई है। दोनों की हालत गंभीर थी। एसएनसीयू से रेफर किया जा रहा था पर परिजन कहीं बाहर ले जाने को राजी नहीं हुए। एसएनसीयू यूनिट में 24 घंटे की देखरेख के लिए छह बाल रोग विशेषज्ञ होने चाहिए लेकिन तैनाती सिर्फ दो की है। इनसे दिन और रात में नवजात का इलाज कराया जा रहा है। बाल रोग विशेषज्ञ की कमी पूरी कराने के लिए पत्र लिखे रहे हैं।

**- डॉ. इंदुकांत वर्मा, सीएमएस महिला अस्पताल**

## आधार की नामांकन तिथि 30 सितंबर तक बढ़ाई गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** राशन डीलरों की समस्याओं को देखते हुए अब आधार नामांकन की तिथि 30 जून से बढाकर 30 सितंबर कर दी गई है। बतादे की सरकार ने केवाईसी के माध्यम से आधार को राशन कार्ड से जोड़ने की प्रक्रिया के लिए 12 जून को आदेश किए थे जिसमें 30 जून तक सभी कार्ड धारकों की केवाईसी कराया जाना अनिवार्य किया गया था कहा गया था कि राशन डीलर इस कार्य के साथ-साथ वितरण का काम भी करेंगे समय सीमा कम होने के कारण राशन डीलरों ने मांग की थी कि उन्हें इस कार्य से मुक्त किया जाए इसके अलावा राशन वितरण में आ रही परेशानियों का भी जिक्र आइफा के पदाधिकारियो ने उच्च स्तर पर किया था इसी को मद्देनजर रखते हुए सरकार ने आधार नामांकन की प्रक्रिया को 30 जून से बढ़कर 30 सितंबर कर दिया है और उम्मीद जताई है कि इस समय सीमा के अंदर सभी राशन डीलर अपना कार्य पूर्ण करने का काम करेंगे।

## गन्ने में रोग लगने के कारण हजारों किसान फिर परेशान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)** । गन्ने में फफूंदी रोग लगने के कारण किसानों के सामने फिर संकट गहरा गया है किसान आए दिन गन्ने में दवाइयो का छिड़काव कर रहे हैं मगर फसल में लगा रोग फसल को धीरे-धीरे लील रहा है इसे लेकर किसानों में इस बार भी मायूसी छाई हुई है। बतादे कि पिछले वर्ष 0238 गन्ने को बीमारी ने अपनी चपेट में ले लिया था जिसके कारण किसान की गन्ने की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई गत वर्षो में जो प्रति एकड़ गन्ने का उत्पादन होता था इस वर्ष वह घटकर आधा रह गया कृषि वैज्ञानिकों और गन्ना मिलो द्वारा 0238 को ना बोये जाने की सलाह दी गई और किसानों को अलग-अलग बीज उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया काफी किसानों ने अपने स्तर से ही उक्त गन्ने को छोड़कर दूसरे अन्य गन्नो के बीजों को लाकर अपने खेतों में बुवाई की, किसान शुरू से ही गन्ने की फसल को लेकर गंभीर रहे। मगर इस वक्त गन्ने में आए फफूंदी रोग ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी है किसान रामपाल सिंह राजपाल सिंह सोबीर सिंह चरण सिंह रोबिन सिंह गौरव चौधरी आदि का कहना है कि फफूंदी रोग के लिए हालांकि वह दवाइयो का स्प्रे कर इस पर रोक लगाने की कोशिश कर रहे हैं मगर अचानक आए रोग ने फसल की बढ़वार को रोक दिया है जिससे किसानों को एक बार फिर गन्ने की फसल से आर्थिक नुकसान होने की संभावना है बढ़ गई है।

## नहरो का जल स्तर कम होने से किसान सिंचाई से वंचित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)** । नहरो का जल स्तर कम होने से किसान सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं' किसानों ने नहरो का जलस्तर बढ़ाए जाने की मांग की है। बतादें की तहसील क्षेत्र का काफी बड़ा रकवा महमूदपुर रजवाहा और उमरी रजवाहा द्वारा सिंचाई पर आधारित है तहसील क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान इन दोनों नहरों से अपनी फसलों की सिंचाई करते हैं भीषण गर्मी के दौरान हर सप्ताह फसल को पानी देने की जरूरत पड़ रही है लेकिन इस वक्त नहरो का जलस्तर कम होने से पानी किसानों के खेतों तक नहीं पहुंच पा रहा है ग्राम मुख्तियारपुर नवादा में भी किसान जल स्तर कम होने की परेशानी से दो-चार हो रहे हैं जबकि खलीलपुर और सदरपुर के आसपास के किसान तो नहरो से सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं किसानों का कहना है कि नहरो में पानी आने का फायदा तब है जब इसका जल स्तर मानक के अनुसार हो किसानों ने नहरो का जल स्तर बढ़ाये जाने की मांग की है।

## तीन तलाक देने पर पुलिस ने 4 के खिलाफ की रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तीन तलाक देने पर पुलिस ने चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है मामला सलेमपुर गांव का है गांव की रिहाना की शादी 10 साल पहले गांव के मुरस्लीम के साथ हुई थी। 2 दिन पहले उसकी ससुराल में उसके साथ दहेज की मांग को लेकर मारपीट की गई और विरोध करने पर तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया गया महिला ने पति मुरस्लीम पुत्र यासीन, शादाब, रिहान पुत्रगण यासीन, यासीन पुत्र बदलू के खिलाफ थाने में तहरीर दी।

पुलिस ने चारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है महिला का कहना है कि उसके एक बेटी भी है जिसके लिए उसे खर्च की जरूरत है लेकिन ससुराल वाले किसी भी कीमत पर खर्च उठाने को तैयार नहीं है पुलिस ने अब इस मामले की जांच का आश्वासन देकर महिला को न्याय का भरोसा दिलाया है।

# आईएएस अधिकारी की दबंगाई से प्रताड़ित कारोबारी ने योगी जी से लगाई न्याय की गुहार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा।** पूर्व जिलाधिकारी अमरोहा भवनाथ सिंह जो करोड़ों रुपए की चल अचल संपत्ति के मालिक है एवं बाहुबली है की दबंगई से कारोबारी परिवार पीड़ित है। पीड़ित परिवार की कृषि फार्म हाउस संपत्ति जो जनपद अमरोहा तहसील हसनपुर में स्थित है पर पूर्व जिलाधिकारी अमरोहा मवनाथ सिंह दबंगई से अवैध कब्जा करना चाहता है। पीड़ित परिवार ने योगी सरकार से मदद की गुहार लगाई हे। पीडित परिवार का आरोप है कि वर्तमान में योगी सरकार होने के बावजूद भी पूर्व जिलाधिकारी अमरोहा भवनाथ सिंह जो कि करोड़ों रुपए की चल अचल संपत्ति का मालिक है और बाहुबली एवं दबंग भी है की जहां तैनाती रहती है वह वहीं पर करोड़ों रुपए की अचल संपत्ति का मलिक बनना चाहता है। पीड़ित परिवार सरकार से पूर्व जिलाधिकारी के काले कारनामों की जांच की मांग करते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश के सबसे दबंग, बाहुबली, प्रभावशाली आईएएस नवनाथ सिंह की कहानी के बारे में जिसने स्वयं के नाम करोड़ों रुपए की चल अचल संपत्ति का बेताज बादशाह बन गया है। उसके परिवार से पुत्र आयुष्मान मात्र 24 साल की आयु में पुत्री महिमा 30 साल की आयु में करोड़ों रुपए की चल अचल संपत्ति के मालिक बन चुके हैं। पीडित का आरोप है कि यह कोई सपना नहीं है बल्कि यह हकीकत है एक दबंग, बाहुबली पूर्व जिलाधिकारी जनपद अमरोहा भवनाथ सिंह और उसके परिवार की जिसकी सच्चाई खुलकर आनी चाहिए। सरकार, समाज, जनता के सामने की आखिरकार एक सरकारी नौकरशाह किस तरीके से आईएएस रहकर मात्र कुछ वर्षों में करोड़ों अरबों रुपए की संपति का बादशाह बन चुका है,जिसके दिल्ली में कई आलीशान फ्लैट्स, फार्म हाउस, नोएडा में बड़ी-बड़ी कोठियां, लखनऊ में कई कोठी, लखनऊ में करोड़ों रुपए कीमत के बेशकीमती भूखंड है।

करोड़ों रुपए की चल अचल संपत्ति के मालिक उसका पुत्र आयुष्मान, जो मात्र 24 वर्ष का है एवं पुत्री महिमा जो 30 वर्ष है की बन चुके हैं। पीडित के अनुसारतब उनके बारे जानकारी जुटाई तो साक्ष्यों से पता चला की पूर्व कारी भवनाथ द्वारा करोड़ अरबों रुपए के बेनामी लेनदेन के लिए कुछ एनजीओ और कंपनियां बेटे आयुष्मान के नाम यह सब बहुत बड़े भ्रष्टाचार को इंगित करता है तथा प्रश्न यह है कि आखिर किस तरीके से पूर्व जिलाधिकारी अमरोहा



भवनाथ सिंह उसका पुत्र आयुष्मान, पुत्री महिमा, नेहा सिंह करोड़ों अरबो रुपए की संपत्ति के मालिक बन बैठे हैं? यह सब कठोर से बनाई हुई है। एक एनजीओ जो जांच का विषय है।

पीड़ित परिवार पकड़ में आया जिसका रजिस्ट्रेशन मीडिया के माध्यम से उत्तर प्रदेश के नं 6593 वर्ष 2007 है। शिक्षा एवं मुख्यमंत्री श्रीमान योगी आदित्यनाथ विकास समिति लखनऊ जिसका जी एवं उत्तर प्रदेश शासन के वरिष्ठ कार्यालय पूर्व जिलाधिकारी भवनाथ अधिकारीगण से उपरोक्त भ्रष्टाचार एवं सिंह के निजी आवास 02806 विनय अकूत कालाधन पर जांच की मांग खंड गोमती नगर लखनऊ के अभिलेखों की है जिसके सबूत पीड़ित परिवार के में पाया गया। इस एनजीओ के पास है। साथ यह भी बताया है किसमस्त पदाधिकारियों में स्वयं भवनाथ एवं उसके करीबी तथा कोषाध्यक्ष नेहा सिंह द्वारा करोड़ों रुपए की नामी बेनामी चल अचल संपत्ति के मात्र कुछ वर्षों में खरीद फरोक्त के पुख्ता प्रमाण मिले है। संस्था के आजीवन सदस्य बनने के लिए मात्र एक हजार रुपए नगद सामान्य सदस्य बनने के लिए 101 रुपए नगद देकर कोई भी सदस्य बन सकता है। इस संस्था के वार्षिक बजट का रिकॉर्ड उत्तर प्रदेश सरकार के सोसायटी ऑफ रजिस्ट्रार के कार्यालय में जमा होने चाहिए तथा आय व्यय का विवरण भी जमा करना चाहिए लेकिन यहां पूर्व आईएएस नवनाथ सिंह की दबंगई की आगे सब कुछ मैनेज किया हुआ है। स्वयं के एनजीओ की आड़ में करोड़ों रुपए सरकार की आंखों में धूल झोककर खफाए जा रहे है। सम्पूर्ण प्रकरण तब पकड़ में आया जब एक पीड़ित परिवार ने न्याय के लिए पूर्व आईएएस भवनाथ सिंह के विरोध में आवाज उठाई । पीड़ित परिवार से जब बात की तो ज्ञात हुआ कि बेकरी कारोबारी उमर अशरफी, पत्नी हुसनबानो को डरा धमकाकर उनके फार्म हाउस की संपत्ति पूर्व जिलाधिकारी अमरोहा भवनाथ ने स्वयं अपने नाम, अपने पुत्र-पुत्री आयुष्मान एवं महिमा के नाम तथा एनजीओ (शिक्षा एवं विकास समिति लखनऊ) के नाम खरीदी गयी। बाद में कुछ संपत्ति एनजीओ के नाम से दान पत्र दिखाते हुए स्वयं पूर्व जिलाधिकारी भवनाथ ने अपने नाम करा ली है।

उत्तर प्रदेश सरकार माननीय मुख्यमंत्री महोदय योगी आदित्यनाथ जी, मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन, संबंधित अधिकारियों से स्वयं व्यक्तिगत रूप से मिलकर इस गंभीर भ्रष्टाचार को खोला जाएगा, जिससे समाज में अकूत कालाधन कमाने वाले बाहुबली, दबंगआईएएस अधिकारी भवनाथ सिंह और उसके परिवार का काला चिठठा समाज में सरकार में उजागर हो सके। पीड़ित परिवार से पीड़िता हुसन बानो ने यह भी कहा जब दबंग आईएएस अधिकारी भवनाथ सिंह और उसके उसके पुत्र आयुष्मान के भ्रष्टाचार, अकूत संपत्ति, काले धन, अवैध गतिविधियों के बारे में प्रशासन को खुलकर बताया तो कई वरिष्ठ अधिकारियों ने साथ दिया जिनकी वजह से मैं न्याय की लड़ाई लड़ पा रही हूँ।

पीड़ितों ने यह भी बताया की दबंग बाहुबली भवनाथ सिंह जब आईएएस अधिकारी थे तो दबंगई से उनके बेकरी कारोबार यूनिट, कृषि फार्म हाउस पर आ जाते थे तभी से उनकी नजरें हमारी संपत्ति पर थी। लेकिन विरोध करने पर उन्हें जेल की सलाखों में डाल देने की धमकी दी जाती थी, इसी डर से वह आवाज नहीं उठाते थे। इस प्रकार पीड़ित की सम्पूर्ण जमीन, संपत्ति चंद रुपयों में स्वयं भवनाथ सिंह ने जाली फर्जी कूटरचित कागज बनाकर, फर्जी बैनामे करवा कर परिवार को डराकर जबरदस्ती अपने नाम करवा ली। जिसकी लड़ाई आज भी इंसाफ के लिए माननीय न्यायालयो में जारी है आज भी उनके संरक्षण में रहने वाले तहसील हसनपुर के कुछ अधीनस्थ अधिकारी आए दिन परेशान, उत्पीड़न करना चाहते हैं। यहां तक की कृषि फार्म हाउस संपत्ति निर्मित मकान अस्तबल आदि को को तोड़कर अवैध रूप से कब्जा दिलाना चाहते हैं।

पीड़ित परिवार को पलायन के लिए मजबूर किया जा रहा है। लेकिन पीड़ित परिवार न्याय की लड़ाई से पीछे नहीं हटेगा। पीड़िता ने यह भी बताया है कि दबंग बाहुबली नवनाथ सिंह उनके परिवार का दमन और उत्पीड़न करने के लिए झूठे प्रार्थना पत्र गोमती नगर थाने लखनऊ एवं वरिष्ठ अधिकारियों को दे रहा है। जिससे पीड़ित परिवार को डरा धमका कर संपत्ति कृषि फार्म हाउस, धन हड़प सके। जिसको बर्दाशत नहीं किया जाएगा।

पीड़िता का परिवार न्याय के लिए उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्रीमान योगी आदित्यनाथ जी के समक्ष वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर साक्ष्यों सहित पूर्व जिलाधि कारी नवनाथ सिंह के भ्रष्टाचार को खोलेगा। पीड़ित परिवार को उम्मीद है कि उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन से जरूर न्याय मिलेगा।

## पुलिस शांति भंग के आरोप में 9 लोगों को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** पुलिस ने आज रामकरन पुत्र घनश्याम सिंह, प्रवेश कुमार पुत्र रामकरन सिंह, हरिसिंह पुत्र लल्लू सिंह, नन्हे पुत्र लल्लू सिंह निवासीगण ग्राम गढी थाना कांठ, विशाल पुत्र खेमसिंह निवासी ग्राम अकबरपुर चैदरी, बन्ने उर्फ गुलफाम अली पुत्र सत्तार अली निवासी भीकनपुर थाना छजलैट, फुरकान पुत्र फुर्सत अली,शहजाद पुत्र याकूब निवासीगण नया गांव अकबरपुर चैदरी थाना कांठ, बेगराज पुत्र मंगला निवासी ग्राम ध्यानपुरा थाना कांठ को अन्तर्गत धारा 151/107/116 सीआरपीसी मे गिरफ्तार कर चालान किया है।

## दोस्तों के साथ नहाने गए रामपुर निवासी ओमपाल की डूबने से हुई मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** दोस्तों के साथ रामगंगा नदी में नहाने गए रामपुर जिले के रहने वाले ओमपाल (19) की डूबने से मौत हो गई। ओमपाल खनन में लगी जेसीबी पर हेल्पर था। करीब 22 घंटे बाद एसडीआरएफ की टीम ने हेल्पर का शव नदी से बरामद किया है। रामपुर जिले के भोट थाना क्षेत्र के गांव मुतियापुरा निवासी ओमपाल (19) पुत्र जीवन सिंह कांठ थाना क्षेत्र में कमालपुरी के खेतों के पास रामगंगा नदी पर चल रहे खनन के पट्ट पर पोपलेन (जेसीबी) पर हेल्पर था। ओमपाल करीब तीन माह से काम कर रहा था। सोमवार दोपहर करीब तीन बजे ओमपाल खनन के पट्टे पर काम करने वाले तीन साथियों के साथ रामगंगा नदी में नहाने गया था। अचानक ओमपाल नदी की गहराई में चला गया और पानी में डूब गया। साथियों के शोर मचाने पर आसपास काम कर रहे लोग दौड़कर पहुंचे थे। ओमपाल की तलाश के लिए स्थानीय गोताखोरों की टीम को नदी में उतारा गया, लेकिन शाम तक भी उसका सुराग नहीं मिला।मंगलवार सुबह फिर से गोताखोरों की टीम नदी में उतरी और ओमपाल की तलाश शुरू की। इसके बाद पुलिस ने पीएसी की एसडीआरएफ टीम को बुलाया। करीब 22 घंटे की मश्क्कत के बाद एडीआरएफ की टीम ने दोपहर एक बजे नदी से ओमपाल का शव निकाला। ओमपाल की मौत को सूचना पर तहसीलदार आनंद कुमार नायक और थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। मृतक ओमपाल दो भाइयों में बड़ा था। उसकी शादी नहीं हुई थी। ओमपाल की मौत से मां भगवती, भाई जोगेश, पिता जीवन सिंह का रो-रोकर बुरा हाल है।

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने वृक्षारोपण,फल वितरण एव रक्तदान किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूँ।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया राहुल गांधी के जन्मदिवस के मौके पर मुख्यातिथि के रूप में प्रदेश सचिव जितेंद्र कश्यप मौजूद रहे कांग्रेसजनों ने सर्वप्रथम परशुराम चौक स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर गोष्टी कर केक काटा एव उसके बाद कचहरी पर सड़क किनारे वृक्षारोपण किया तथा जिला अस्पताल में मरीजों व तीमारदारों को फल वितरण किया जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में बिल्सी नगर अध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने रक्तदान किया तथा समस्त कांग्रेसजनों ने रक्तदान हेतु पंजीकरण कराया जिला कार्यालय पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह ने गोष्टी में अपने संबोधन में कहा कि "राहुल जी भारत के गरीब, हाशिए पर पड़े और पिछड़े नागरिकों के निर्विवाद नेता हैं। बेजुबानों की आवाज, कमजोरों के लिए ताकत का स्तंभ, हमारे संविधान के संरक्षक, सर्वोत्कृष्ट न्याय योद्धा और भारत के गौरवशाली भविष्य की सबसे उज्ज्वल उम्मीद!" उन्होंने





कहा, "लोगों की सेवा के लिए उनकी निस्वार्थ, समर्पित और भावुक प्रतिबद्धता हम सभी के लिए प्रेरणा है और उनका नैतिक मार्गदर्शन हमें हर कदम पर मार्गदर्शन करता है।" ओमकार सिंह ने आगे कहा "राहुल गांधी सबसे कठिन समय देखा है, सबसे खराब गालियों का सामना किया है, हर तरफ से हमलों का सामना किया है, लेकिन वे हमेशा अपने सिद्धांतों पर अडिग रहे और कभी भी अपने सिद्धांतों से विचलित नहीं हुए, चाहे उन्हें कितना भी उपहास या अपमान क्यों न सहना पड़े।" प्रदेश सचिव जितेंद्र कश्यप ने कहा कि आज हमारे देश में उनके रूप में एक विवेकशील रक्षक और एक ऐसा नेता है, जिसका आजीवन मिशन हमारे देश को हमारे सभी सपनों का समावेशी, प्रगतिशील और समृद्ध राष्ट्र बनाना है। पूर्व एआईसीसी सदस्य मुन्ना लाल सागर ने कहा मोहब्बत चुनना सिखाने वाले नेता को जन्मदिन की शुभकामनाएं. जब आपको नफरत मिल रही हो तो मोहब्बत को चुनें. जब दया की भावना नजर नहीं आए तब मोहब्बत चुनें. जब संवेदना खत्म हो जाए तब मोहब्बत चुनें. एक ऐसा नेता जो गुस्से, नफरत और आंसुओं के खिलाफ खड़ा रहा. एक ऐसा नेता जिसने लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई की अगुआई की. राहुल गांधी जी आपका शुक्रिया. अजित यादव ने कहा राहुल गांधी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई. भारत के संविधान के मूल्यों के प्रति आपकी अटूट प्रतिबद्धता और लाखों अनसुनी आवाजों के लिए आपकी करुणा, ऐसे गुण हैं जो आपको सबसे अलग बनाते हैं. मैं आपकी दीघार्यु, स्वस्थ और सुखी जीवन की कामना करता हूं. इस अवसर पर अवसर पर प्रांतीय अव्हान पर लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा जैसा कि आप अवगत है कि इस वर्ष भीषण गर्मी ने प्रदेश सहित देश में सारे रिकार्ड तोड़ दिये है। प्रदेश के ज्यादातर जिलों में तापमान 45 डिग्री से ऊपर चल रहा है। जहां एक ओर बढ़ते तापमान से हमारी फसलों एवं पशुधन का नुकसान हो रहा है वही लोगों के मारे जाने की भी दुःखद खबरे प्राप्त हो रही है। इस हेतु काफी हद तक देश में कम हो रहे वन भी कारण है ओमकार सिंह ने समस्त कांग्रेसजनों को संकल्प दिलाते हुए कहा कि हमे आज दिनांक 19 जून को हमारे प्रिय नेता माननीय श्री राहुल गांधी जी के जन्म दिन पर हम ये संकल्प लेते है कि हम प्रदेश में पहली बारिश के बाद जनपद के समस्त बूथों पर बूथ के नेताओं द्वारा एक-एक वृक्ष का रोपण करेंगे। वृक्षारोपण के बाद इन सभी वृक्षों को हम अगले 3 वर्षों तक सुरक्षा प्रदान करेंगे। यह वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम "राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान" के नाम से जाना जायेगा इस अवसर पर विरेश तोमर, इख्लास हुसेन, बाबू चौधरी, एराज चौधरी, सद्दाम, सोनपाल शाक्य, सुनीता सिंह, अनिल यादव, अकील अहमद, शशांक राठौर, सुरेश राठौर, अनिल यादव, राजवीर यादव, मीना शाक्य आदि कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने एक सप्ताह में शिक्षकों को सिम कार्ड उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)** । परिषदीय स्कूलों में विद्यार्थियों की उपस्थिति और मिड डे मील सहित 12 रजिस्टर आनलाइन नहीं हो पा रहे हैं। ज्यादातर स्कूलों को दो-दो व कुछ को एक टैबलेट दिया गया है, जिससे शिक्षक यह कार्य कर सकें। विभाग इंटरनेट की सुविधा के लिए 200 रुपये प्रति टैबलेट के अनुसार स्कूलों को साल भर की रकम भी भेज चुका है। इसके बाद भी अभी तक सिर्फ छह जिलों में इंटरनेट की सुविधा के लिए शिक्षकों को सिम कार्ड वितरित किए गए हैं। बाकी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों से जवाब-तलब किया गया है कि आखिर अब तक उन्होंने सिम कार्ड का वितरण क्यों नहीं किया। टैबलेट के प्रयोग से कुल 1.34 लाख परिषदीय स्कूलों में विद्यार्थियों की उपस्थिति, मिड डे मील और प्रवेश इत्यादि से संबंधित जानकारी आनलाइन होने से इसका विश्लेषण कर विद्यार्थियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने में आसानी होगी। उपस्थिति कम होने पर शिक्षकों से जवाब-तलब भी किया जा सकेगा। फिलहाल अधिकारियों की सुस्त कार्यशैली की वजह से एक अच्छी पहल परवान नहीं चढ़ पा रही है। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से हफ्ते भर में शिक्षकों को सिम कार्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं 'स्कूलों को 200 रुपये प्रति टैबलेट के अनुसार साल भर की रकम भेज चुका है विभाग उपस्थिति सहित अन्य रजिस्टर नहीं हुए आनलाइन कैसे हो टैबलेट का उपयोग जब सिर्फ छह जिलों में शिक्षकों को बांटे गए सिम कार्ड ।

आरोप

## पोल पर चढ़े युवक की करंट से मौत, परिजनों ने लगाया जाम

# उझारी में मंगलवार शाम हुआ हादसा, लाइनमैन पर युवक को पोल पर चढ़वाने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो







**उझारी।** बिजली कर्मियों की लापरवाही से कस्बा निवासी 22 वर्षीय युवक की जान चली गई। आरोप है। लाइन में आए फॉल्ट को दुरुस्त करने पहुंचे लाइनमैन ने युवक को पोल पर चढ़ा दिया। इसी बीच शटडाउन लिए जाने के बावजूद भी लाइन की बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गई। करंट की चपेट में आकर युवक की मौके पर मौत हो गई और एक अन्य युवक भी झुलस गया। आरोपी लाइनमैन मौके से फरार हो गया। गुस्साए युवक के परिजनों और ग्रामीणों ने हसनपुर-संभल मार्ग पर जाम लगा दिया। आरोपी लाइनमैन को बुलाने की जिद पर अड़े हैं। अफसर समझा रहे हैं हसनपुर-संभल मार्ग पर जमा भीड़ और मौके पर भारी संख्या पुलिस बल भी पहुंचा। जानकारी के अनुसार कस्बे के मोहल्ला चमनपुरा निवासी 22 वर्षीय पप्पू पुत्र रतन अपने खेत के पास बिजली विभाग में तैनात लाइनमैन से बिजली का तार जुड़वा रहा था। इसी बीच लाइनमैन ने बिजलीघर से शटडाउन लिए जाने की बात कहते हुए पप्पू को भी पोल पर चढ़वा दिया। इसी बीच करंट दौड़ गया। चपेट में आए पप्पू की मौत हो गई, जबकि उसकी मदद करा रहा बटाईदार इसरार पुत्र नन्हुवा गंभीर रूप से झुलस गया, वह भर्ती है। इसके बाद गुस्साए ग्रामीण और परिजनों ने पप्पू के शव को हसनपुर संभल मार्ग पर ढवारसी तिराहे पर रखते हुए जाम लगा दिया। एसडीएम और सीओ ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया व भाजपा अध्यक्ष राजपाल सैनी और मुदित गुर्जर ब्लॉक प्रमुख हसनपुर भी आए उन्होंने भी परिजनों को समझने का प्रयास किया। नगर के ही प्रमुख समाजसेवी अतहर एहसान ने भी समझने का प्रयास किया। दीप कुमार पंत सीओ हसनपुर ने कहा परिजनों की ओर से मिलने वाली तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की जाएगी।

मृतक के परिजनों की ओर से बिजली कर्मियों पर लगाए गए आरोपों की जांच कराते हुए कार्रवाई की जाएगी। सुनीता कुमारी,एसडीएम हसनपुर ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस भी कानूनी कार्रवाई करेगी। रात्रि 1:30 बजे जाम खोला गया पप्पू के कंधों पर थी पूरे परिवार की जिम्मेदारी पप्पू अपने परिवार में सबसे बड़ा था। ऐसे में परिवार की पूरी जिम्मेदारी भी उसी के कंधों पर थी। तीन भाई और दो बहनों के परिवार में सभी अविवाहित हैं।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश



# कृति खरबंदा ने भारतीय सिनेमा में पूरे किए 15 साल, शेयर किया दिल को छू लेने वाला संदेश

शादी में जरूर आना, कारवां, हाउसफुल 4 और अन्य फिल्मों के लिए मशहूर अभिनेत्री कृति खरबंदा ने सिनेमा में 15 साल पूरे कर लिए हैं। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने सफर को याद करते हुए एक लंबा नोट लिखा।

उन्होंने अपनी कन्नड़ फिल्म गुगली के रिलीज होने के समय की एक दिलचस्प कहानी भी शेयर की। 2009 में तेलुगू फिल्म बोनी से अपने करियर की शुरूआत करने वाली अभिनेत्री ने अपने नोट की शुरूआत में लिखा, मैंने पिछले 15 साल, यानी अपने जीवन का अधिकांश हिस्सा एक अभिनेत्री के रूप में बिताया है। जो एक शौक के रूप में शुरू हुआ, बिलों का भुगतान करने और पहचान पाने का एक तरीका था, वह धीरे-धीरे एक जुनून में बदल गया! एक ऐसा जुनून जिसके बारे में मुझे पता भी नहीं था कि वह मेरे अंदर मौजूद है। उन्होंने बताया कि अपने सफर के दौरान, वह एक इंसान और एक अभिनेता के रूप में विकसित हुईं। इस दौरान व्यवसाय के बारे में उनकी गहरी समझ ने उन्हें फिल्म उद्योग के प्रति और अधिक आकर्षित किया। उन्होंने आगे बताया कि आज जब मैं एक अभिनेता के रूप में 15 साल पूरे कर रहा हूँ, तो मैं आपके साथ एक कहानी साझा करना चाहता हूँ। मैं अपनी किशोरावस्था से ही अपनी माँ के साथ एक बुटीक चलाता था। हम खरीदारी करते थे, डिजाइन करते थे और कपड़े और अन्य चीजें खरीदने में बहुत समय बिताते थे। इसलिए मेरी कन्नड़ फिल्म गुगली की रिलीज के कुछ दिनों बाद हम एक मॉल में गए।

जब अभिनेत्री स्टोर में दाखिल हुई तो सब कुछ ठीक था। जब वह बाहर निकली तो उसने पाया कि स्टोर के बाहर सैकड़ों लोग खड़े थे।

इन 15 सालों में, अभिनेत्री ने भारतीय सिनेमा के कुछ सबसे बड़े सितारों जैसे पवन कल्याण, यश और अन्य के साथ काम किया है। उन्होंने राजः द रीबूट से बॉलीवुड में कदम रखा। अभिनेत्री ने साझा किया: आज मैं इस अवसर पर खुद को धन्यवाद देना चाहती हूँ। छोटी, भोली, भरोसेमंद, भावुक, साहसी मैं। मैं आज यहाँ उसकी वजह से हूँ, क्योंकि वह हार मान सकती थी। मुझे पता है कि जब चीजें मुश्किल हो गईं तो वह हार मानना चाहती थी, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। वह आगे बढ़ती रही। और मैं आज के लिए खुद को धन्यवाद देना चाहती हूँ। मैं उस व्यक्ति पर बहुत गर्व करती हूँ जो मैं बन गई हूँ और मैं अपने बारे में कुछ भी नहीं बदलना चाहती। इस अविश्वसनीय यात्रा का हिस्सा बनने वाले सभी लोगों को बहुत-बहुत धन्यवाद।

# बॉक्स ऑफिस पर फिल्म मुंज्या ने पार किया 50 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा

आदित्य सरपोतदार के निर्देशन में बनी फिल्म मुंज्या शुरूआत से बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।हॉरर के साथ कॉमेडी के तड़के से भरपूर इस फिल्म में मोना सिंह, अभय सिंह और शरवरी वाघ जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी और सितारों की अदाकारी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है।अब मुंज्या ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है।




कामकाजी दिनों में ठीक-ठाक कमाई करने के बाद वीकेंड पर मुंज्या ने बॉक्स ऑफिस पर लंबी छलांग लगाई है।मुंज्या के 10वें दिन के कमाई के आंकड़े भी सामने आए हैं, जो शानदार हैं।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, मुंज्या ने दूसरे रविवार 8.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 53.80 करोड़ रुपये हो गया है।इस फिल्म में वरुण धवन ने मेहमान की भूमिका निभाई है।

बॉक्स ऑफिस पर मुंज्या का सामना राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही से हो रहा है।राजकुमार की फिल्म श्रीकांत और मनोज बाजपेयी की फिल्म भैया जी भी इन दिनों सिनेमाघरों में लगी हुई हैं, लेकिन यह दोनों बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।इनके अलावा कार्तिक आर्यन की बहुचर्चित फिल्म चंदू चैंपियन भी सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है।मुंज्या इन फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर डटकर सामना कर रही है।

# थाई स्लिट ड्रेस पहन अवनीत कौर ने लगाया हॉटनेस का ओवरडोज तड़का, हर अदाओं से लूटी महफिल

टीवी एक्ट्रेस अवनीत कौर आए दिन अपनी बोल्ड तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर कर अक्सर इंटरनेट पर सनसनी मचा देती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने कान्स फिल्म फेस्टिवल इवेंट की कुछ बेहद ही स्टनिंग फोटोज फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। छोटे पर्दे से अपने करियर की शुरूआत



करने वाली एक्ट्रेस अवनीत कौर आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी दमदरा एक्टिंग और स्टाइलिश ड्रेसिंग सेंस से फैंस को इस कदर इंप्रेस किया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।

हाल हील में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने कान्स फिल्म फेस्टिवल की कुछ बेहद ही ग्लैमरस तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं, जिसमें वो अपनी कातिल अदाओं से फैंस के बीच कहर बरपा रही हैं।

अवनीत कौर जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक तस्वीरों पर अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। हालांकि इन तस्वीरों में भी कुछ ऐसा देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने उनकी इन फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है अमेजिंग। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है- टू हॉट टू हेंडल, फिर तीसरे यूजर ने लिखा है- स्टनिंग।

बता दें कि एक्ट्रेस अवनीत कौर सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम अकाउंट पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी ज्यादा तगड़ी है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक लुक फैंस के बीच आते ही छा जाता है। साथ ही फैंस उनके लुक्स की लोग तारीफ करते हुए भी नहीं थकते हैं। अवनीत कौर अपने हर एक लुक को लेकर चर्चा में आ जाती हैं। उनका स्टनिंग अवतार अक्सर फैंस के बीच कहर ढाता है। हालांकि फैंस भी उनके स्टाइल को काफी ज्यादा फॉलो करते हैं।

# उर्वशी रौतेला और रवि किशन की जेएनयू का ट्रेलर जारी, 21 जून को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

बॉलीवुड में अक्सर गंभीर मुद्दों को दिखाती कई फिल्में बन चुकी हैं। इसी कड़ी में निर्देशक विनय शर्मा जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसमें कॉलेज स्टूडेंट्स का वो चेहरा दिखाया जाएगा, जो रोमांस से दूर राजनीति के बारे में क्या सोचता है और क्या करना चाहता है, इस पर फिल्म होगी। फिल्म का नाम जेएनयूः जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी है। फिल्म का ट्रेलर जारी हो गया, जिसे सोशल मीडिया पर खूब तारीफें मिल रही है।

उर्वशी रौतेला, पीयूष मिश्रा, रवि किशन, सिद्धार्थ बोडके, विजय राज, रश्मि देसाई, अतुल पांडे और शिवज्योति राजपूत जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों से सजी जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी सेंसर बोर्ड से मंजूरी मिलने के बाद 21 जून, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। टीजर के बाद आखिरकार जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी का ट्रेलर




भी रिलीज हो गया है। विवादित कहानी वाली इस फिल्म ने अपने ट्रेलर की वजह से और भी चर्चा बटोरी है। यह ट्रेलर दर्शाता है कि कॉलेज कैंपस में मार्क्सवादी विचारधारा किस तरह हावी है।

ये लेफ्ट यूनिट वालों ने पूरे कैंपस को जात-पात में बांट दिया है। ट्रेलर में इस तरह के डायलॉग इसे और भी प्रभावी बनाते हैं। अब हम लोग बोलेंगे भी और लड़ेंगे भी। इस तरह के डायलॉग से भरे ट्रेलर ने फिल्म की एक झलक दिखा दी है। यूनिवर्सिटी कैंपस की राजनीति कहां से जुड़ी है, ये इस एक लाइन से पता चलता है यहां से सीधे संसद में.... गोधरा के लोग पीएम बनने का सपना देख रहे हैं और अफजल हम शर्मिंदा हैं, तेरे कातिल जिंदा हैं, इस तरह के विवादित डायलॉग फिल्म के ट्रेलर को और दिलतस्प बना रहे हैं। क्या एक यूनिवर्सिटी पूरे देश को हिला सकती है? ट्रेलर का सार यही है। यह पहली बार नहीं है, फिल्म जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी के पोस्टर्स ने भी मीडिया में खूब सुर्खियां बटोरी हैं और अब ट्रेलर भी ध्यान खींच रहा है। जेएनयू के ट्रेलर में फिल्म की कहानी की एक झलक पेश की गई, जिसमें विरोध प्रदर्शन के दृश्य, आपराधिक साजिश के आरोप, राजद्रोह के आरोप और आतंकवाद समर्थक भावनाओं का चित्रण दिखाया गया। यह एक ऐसे विचार को दिखाता है, जो जेएनयू की आंतरिक कार्यप्रणाली में गहराई से उतरता है, जहां दो पार्टी के नेता सत्ता के लिए निरंतर संघर्ष में लगे रहते हैं और वैचारिक झगड़े और राजनीतिक पैंतरेबाजी को बढ़ावा देते हैं।

फिल्म के कलाकारों में उर्वशी रौतेला, सिद्धार्थ बोडके, रवि किशन, पीयूष मिश्रा, विजय राज, रश्मि देसाई, सोनाली सहगल और कई अन्य नाम शामिल हैं। दर्शक भी फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# कितने दिन में बदल लेना चाहिए तकिए का कवर? की लापरवाही तो इतनी ज्यादा बिगड़ सकती है तबीयत

बिस्तर पर सुकून की नींद के लिए तकिया होना जरूरी होता है कुछ लोग तो कई तकिए लेकर सोते हैं तकिए के साथ सोना तब तक गलत नहीं होता है, जब तक कई-कई दिनों तक उसके कवर को बदला न जाए दरअसल, पिलोकेस अगर सही समय न बदला जाए तो बैक्टीरिया और बीमारियों उसे अपना घर बना सकते हैं



इससे स्किन से जुड़ी कई दिक्कतें हो सकती हैं, इसलिए एक निश्चित समय के बाद तकिए के कवर को जरूर बदल देना चाहिए

**बीमारियों का घर है तकिए का कवर**

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, कम से कम हर हफ्ते तकिए का कवर बदलना चाहिए अगर ऐसा नहीं करते हैं तो स्किन को काफी नुकसान उठाने पड़ सकते हैं स्किन से जुड़ी बीमारियां फैल सकती है कई बार तो इसका इलाज करवाना भी काम नहीं आता है दवा बेअसर साबित हो सकती है।

**हर हफ्ते न बदले तकिए का कवर तो क्या होगा**

हेल्थ एक्सपर्ट्स सलाह देते हैं कि तकिए की खोल यानी कवर हर हफ्ते बदल लेना चाहिए दरअसल, तकिए के कवर में हर दिन धूल और कण के अलावा तेल, डेड स्किन, हानिकारक बैक्टीरिया, कई तरह की गंदगी और घर में अगर पालतू जानवर हैं तो उनके बाल चिपक जाते हैं जिसकी वजह से चेहरे पर पिंपल्स, दाग-धब्बे आने लगते हैं इसलिए समय-समय पर पिलोकेस बदलने रहना चाहिए वरना चेहरे कि स्किन पूरी तरह तबाह हो सकती है इतना ही नहीं हर छह महीने में एक बार तकिए को साफ या ड्राई क्लीन या उसे भी बदल देना चाहिए

अगर हफ्ते में आप अपना पिलो कवर नहीं बदलते तो यह एलर्जी का कारण बन सकता है कई बार इसकी वजह से इंफेक्शन हो सकता है हर दिन लोग अलग अलग जगह से आने के बाद बेड पर आते हैं ऐसे में यह अनहाइजीनिक भी हो सकता है इसके अलावा अगर आप समय समय पर अपनी बेडशीट और पिलो कवर नहीं बदलते तो यह कंफर्ट कम कर देता है आरामदायक महसूस होने की जगह अनकंफरटेबल फील होने लगता है पिलो कवर बदलने से आपका तकिया की उम्र भी बढ़ जाती है इसके अलावा समय समय पर बेडशीट और तकिया का कवर बदलने से पॉजिटिविटी आती है और कमरे की खूबसूरती बढ़ जाती है

**तकिए का कवर कैसे लें**

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अगर तकिए का कवर सिल्क का है तो बैक्टीरिया कम लगते हैं इससे चेहरे पर पिंपल्स भी नहीं निकलते हैं स्टडी में पाया गया कि स्किन की सेहत के लिए तकिए में कॉटन नहीं सिल्क कवर ज्यादा अच्छा होता है इससे दिक्कते होने का रिस्क कम होता है।

# खाने के बिना तो कई दिन रह सकते हैं आप, पर क्या कभी सोचा बिना पानी कितने दिन तक रहा जा सकता है?

पानी इंसानी शरीर की जरूरत है. एक निश्चित मात्रा में पानी शरीर को सही तरह से काम करने में मदद करता है. इसके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है. खाए बिना तो इंसान कई दिनों तक जिंदा भी रह सकता है लेकिन पानी के बिना ये कठिन है. ऐसे में एक सवाल उठता है कि आखिर एक इंसान बिना पानी के कितनों दिनों तक रह सकता है, पानी की कमी होने से क्या-क्या हो सकता है. आइए जानते हैं विस्तार से...



**पानी की कमी से क्या होता है**

जब इंसान का शरीर डिहाइड्रेट होता है तो उसे बहुत ज्यादा प्यास लगती है. पानी की कमी से उसे थकान महसूस होती है, ऑर्गन्स तक फेल हो सकते हैं, जिससे मौत हो सकती है. अगर पानी न पिया जाए तो पहले दिन इंसान को थोड़ी सुस्ती लगती है और तीसरे दिन तक कई अंग खराब हो सकते हैं। पानी की कमी का असर हर इंसान पर अलग-अलग हो सकता है. हालांकि, यह उसकी सहनशीलता के स्तर पर भी निर्भर करता है. चूंकि हमारे शरीर का 70त्न हिस्सा पानी से बना रहता है और इसके जरिए कई जरूरी काम पूरे किए जाते हैं. ऐसे में पानी के बिना ज्यादा दिनों तक सर्वाइव कर पाना आसान नहीं है।

**बिना पानी कितने दिनों तक रह सकता है इंसान**

आम तौर पर कहा जाता है कि बिना पानी के एक इंसान तीन दिनों तक जीवित रह सकता है. हालांकि, ये अलग-अलग इंसानों के लिए अलग हो सकता है. यह दो दिन से एक हफ्ते तक हो सकता है. पानी को लेकर रूल ऑफ 3 भी माना जाता है. इसका मतलब इंसान हवा के बिना 3 मिनट, पानी बिना 3 दिन और खाए बिना 3 हफ्ते तक जिंदा रह सकता है।

ऑर्किव फर क्रिमिनोलॉजी की एक स्टडी में पाया गया है कि बिना खाए, बिना पानी इंसान 8 से 21 दिनों से ज्यादा जिंदा नहीं रह सकता है. पानी की कमी से शरीर पर कई नकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकता है. हालांकि, ये सब रहन-सहन और क्लाइमेट पर निर्भर करता है.


शरीर को कितने पानी की जरूरत

1. नेशनल अकेडमिक्स के मुताबिक, दिन में पुरुषों को 3.6 लीटर और महिलाओं को 2.6 लीटर पानी पीना चाहिए. इस मात्रा को लिक्विड और फूड से प्राप्त कर सकते हैं।
2. पानी की जरूरत हर इंसान की उम्र, फिजिकल एक्टिविटी, हेल्थ, फिजिकल कैपिसिटी, हाइट, वेट, लिंग और खानपान पर निर्भर करता है.
3. पानी से भरपूर फल, सब्जी और जूस लेने वालों को ज्यादा पानी की जरूरत नहीं होती है, जबकि अनाज, ब्रेड या सूखे फूड्स लेने पर पानी की ज्यादा जरूरत होती है.
4. इंसान के आसपास के क्लाइमेट पर भी निर्भर करता है कि उसकी बॉडी को कितना पानी चाहिए।

# बॉक्स ऑफिस: चंदू चैंपियन ने लगाई लंबी छलांग, तीसरे दिन कर डाली छप्परफाड़ कमाई

कबीर खान के निर्देशन में बनी फिल्म चंदू चैंपियन को बीते शुक्रवार यानी 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था।फिल्म को समीक्षकों के साथ दर्शकों की बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली है, वहीं अभिनय के मोर्चे पर कार्तिक आर्यन भी खरे उतरे हैं।बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन फिल्म ने कुछ कमाल नहीं दिखाया, लेकिन दूसरे दिन इसकी दैनिक कमाई में बढ़ोरती हुई और अब चंदू चैंपियन के तीसरे दिन के आंकड़े भी सामने आ गए हैं।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, चंदू चैंपियन ने अपनी रिलीज के तीसरे दिन यानी रविवार को 10 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 21.75 करोड़ रुपये हो गया है।चंदू चैंपियन ने 4.75 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरूआत की थी।वीकेंड पर इस फिल्म की कमाई में इजाफा हुआ और यह शनिवार को टिकट खिड़की पर 7 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। चंदू चैंपियन देश के पहले पैरालिंपिक स्वर्ण जीतने वाले मुरलीकांत पेटकर के जीवन पर आधारित है।



फिल्म में कार्तिक ने मुरलीकांत का किरदार निभाया है।फिल्म की कहानी और कार्तिक की अदाकारी की खूब तारीफ हो रही है। साजिद नाडियाडवाला ने इस फिल्म के प्रोडक्शन का जिम्मा संभाला है।राजपाल यादव, विजय राज और भुवन अरोड़ा भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, चंदू चैंपियन सिनेमाघरों के बाद अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे सकती है।

# डिप्टी रेंजर 30 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** बुधवार को उत्तर प्रदेश एंटी करेप्शन मेरठ सेक्टर की टीम ने किसान की शिकायत पर वन विभाग के डिप्टी रेंजर को तीस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। डिप्टी रेंजर आंधी में गिरे किसान के पेड़ों के मामले में मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देने का आरोप है। पीड़ित किसान द्वारा शिकायत करने पर एंटी करप्शन की टीम ने कार्रवाई की ।

- **एंटी करेप्शन मेरठ की टीम ने किसान की शिकायत पर की कार्रवाई**
- **आरोपी डिप्टी रेंजर के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज**



उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान मेरठ सेक्टर के पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपक त्यागी ने बताया कि जनपद के थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के ग्राम छपकौली निवासी धर्मेंद्र ने शिकायत करते हुए बताया कि उसने अपने खेतों में ग्रीन गोल्ड कंपनी से अनुबंध कर सागवान के पेड़ लगाए थे। 6 जून 2024 की रात को आंधी तूफान आने के कारण 23 पेड़ जड़ से उखड़कर उसके और पड़ोसी के खेत में गिर गए थे। जिसकी सूचना पीड़ित ने ग्राम प्रधान के लेटर पेड पर वन क्षेत्राधिकारी को 10 जून को दी गई थी। डिप्टी रेंजर शशी शेखर शर्मा से भी संपर्क किया था और पेड़ों को गांव अयादनगर में अपने दामाद तेजेंद्र सिंह के घेर में रखवा दिए थे। पीड़ित किसान ने बताया कि गत 17 जून को डिप्टी रेंजर शशी शेखर शर्मा मौका मुआयना करने के लिए आए और शिकायतकर्ता के दामाद तेजेंद्र सिंह को गैरकानूनी तरीके से पेड़ काटने के कारण मुकदमा लिखवाने को कहा तथा प्रत्येक पेड़ दस हजार रुपये की दर से जुमार्ना भरना पड़ेगा। जबकि शिकायतकर्ता से तीस हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही थी। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता तीस हजार रुपये नहीं देना चाह रहा था, बल्कि डिप्टी रेंजर शशी शेखर शर्मा को रंगे हाथों पकड़वाना चाहता था। पीड़ित किसान की शिकायत पर उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान मेरठ सेक्टर की एसपी इंदू सिदार्थ के नेतृत्व में टीम मेरठ रोड संजय विहार आवास विकास कालोनी स्थित वन विभाग कार्यालय में पहुंची,जहां डिप्टी रेंजर शशी शेखर ने पीड़ित को बुलाया था। पीड़ित किसान ने जैसे ही डिप्टी रेंजर को तीस हजार रुपये दिए तो एंटी करेप्शन की टीम ने उसे दबोच लिया और कोतवाली ले आई।

सीओ ने बताया कि डिप्टी रेंजर के खिलाफ हापुड़ कोतवाली में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। टीम में निरीक्षक केबी सिंह, सुनील कुमार, सतपाल सिंह व अन्य शामिल थे। मामले की जांच की जा रही है।



**वाराणसी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुधवार को वाराणसी के बाबतपुर एयरपोर्ट पर विदाई देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ!

# भीषण गर्मी दुकानदारों ने लगाया मीठे शरबत का स्टाल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**जहाँगीराबाद (बुलन्दशहर)।** नगर के नन्नागिरी मन्दिर के पास दुकानदारों ने मीठे शरबत का स्टाल लगाकर भीषण गर्मी के बीच मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को मीठा शरबत पिलाया। इस दौरान दर्जनों दूकानदार मौजूद रहे। कई दिनों से लगातार पड़ रही भीषण गर्मी एवं चिलचिलाती धूप में लोंगों का बुरा हाल कर रखा है। मंगलवार को नगर के दूकानदारों ने राहगीरों को कुछ गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से शरबत का स्टाल लगाकर शरबत का वितरण किया। स्टाल आने जाने वाले लोगों ने मीठा एवं ठंडा शरबत पीकर अपनी प्यास बुझाई। इस मौके पर प्रकाश चन्द (बर्तन वाले) ने कहा कि प्यासे व्यक्ति को पानी पिलाने से पुण्य की प्राप्ति होती है। मनुष्य को अपनी क्षमता के अनुसार समाज सेवा के कार्य अवश्य करने चाहिए। उन्होंने कहा कह वर्षों से शरबत के स्टाल लगाकर लोगों की सेवा की जाती है। भीषण गर्मी के चलते धूप के बीच राहगीरों ने शरबत पीकर गर्मी से राहत महसूस की। इस दौरान कई दुकानदारों ने राहगीरों को मीठा शरबत पिलाया।

# कांग्रेस में चरम पर परिवारवाद, नेता महसूस कर रहे घुटन : सीएम सैनी

**करनाल (आरएनएस)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी दलों के बीच शह-मात का खेल शुरू हो गया है। ऐसे में कई नेता अपनी पार्टी से नाराज चल रहे हैं और दूसरी पार्टियां उसका फायदा उठाने में जुटी हुई हैं।हरियाणा के पूर्व सीएम चौधरी बंसीलाल की पुत्रवधू और भिवानी के तोशाम से विधायक किरण चौधरी और उनकी पूर्व सांसद बेटी श्रुति चौधरी ने भाजपा का दामन थाम लिया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और सीएम नायब सैनी ने भाजपा मुख्यालय में दोनों को पार्टी की सदस्यता दिलाई।

सीएम नायब सैनी ने किरण चौधरी के कांग्रेस छोड़ने पर कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस में परिवारवाद चरम पर है। कांग्रेस में जो प्रतिष्ठित लोग हैं, उन्हें अब सम्मान नहीं मिल रहा है। उन्हें कांग्रेस में अब घुटन महसूस हो रही है। कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा अपने बेटे दीपेंद्र हुड्डा के लिए लगे हुए हैं। प्रतिष्ठित लोगों को कांग्रेस ने दरकिनार कर दिया है, कई बड़े नेता कांग्रेस से जाने वाले हैं। कांग्रेस में एक ही परिवार की चलती है। सभी बड़े नेताओं की बलि दी जा रही है।



भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर हमला बोलते हुए सैनी ने कहा कि दस साल जब हुड्डा राज्य के सीएम थे, तब कांग्रेस ने नौकरी में खाली सीट को क्यों नहीं भरी, गरीब के बेटे को पीएम नरेंद्र मोदी ने राज्य का मुख्य सेवक बना दिया तो विपक्षी पार्टियों के पेट में दर्द हो रहा है। इनका पेट खराब हो गया है। हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया। हुड्डा राज्यपाल के पास जाने की बात करते हैं। पहले अपने विधायक तो इक्कठा कर लें। विधानसभा चुनाव में गरीब लोग कांग्रेस का सूपड़ा साफ करेंगे।

वहीं प्रियंका गांधी के वायनाड से चुनाव लड़ने पर सीएम सैनी ने कहा कि यह परिवारवाद की राजनीति है। परिवार के बाहर कांग्रेस के नेता सोच ही नहीं सकते। वहां कोई और कार्यकर्ता ऊचे पदों पर नहीं पहुंच सकता। कांग्रेस लगातार दो डिजिट में बनी हुई है और कांग्रेस में ऐसा माहौल है जैसे कल ही शपथ लेंगे।

## 3 दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिए जाएंगे राज्य स्तरीय पुरस्कार

# विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करेगी योगी सरकार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** योगी सरकार दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को 3 दिसंबर यानी विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान करेगी। इसके लिए प्रदेश सरकार के दिव्यांगजन विभाग द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक व्यक्ति या संस्थाएं इन पुरस्कारों के लिए 15 जुलाई तक अपना आवेदन कर सकते हैं।

- **इच्छुक व्यक्ति या संस्थाएं पुरस्कारों के लिए 15 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन**
- **प्रत्येक वर्ष 12 विभिन्न श्रेणियों के तहत की गई है पुरस्कार दिए जाने की व्यवस्था**

उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष 3 दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। इन पुरस्कारों के लिए दिव्यांगजन विभाग द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार नियमावली-2017 प्रचलित है, जिसमें 12 विभिन्न श्रेणियों के तहत पुरस्कार दिए जाने की व्यवस्था की गई है।




**समय पर आवेदन करने का आग्रह**

प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि नियमावली के अनुसार इन पुरस्कारों के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कर आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। इच्छुक व्यक्ति या संस्था सबंधित जनपद के दिव्यांगजन अधिकारी कार्यालय से संपर्क निर्धारित प्रारूप में 15 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी योग्य उम्मीदवारों और संस्थाओं से समय पर आवेदन करने का आग्रह किया गया है ताकि उनकी सेवाओं को सम्मानित किया जा सके।

**इन श्रेणियों में दिए जाते हैं पुरस्कार**

राज्य स्तरीय पुरस्कार नियमावली-2017 के अंतर्गत पुरस्कार के लिए श्रेणियां निर्धारित की गई है जिनमें दक्ष दिव्यांग कर्मचारी/स्वनियोजित दिव्यांगजन के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजनों के लिए सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता और सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट अधिकारी या एजेंसी के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति और सर्वश्रेष्ठ संस्था के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, प्रेरणास्रोत के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन हेतु बाधामुक्त वातावरण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने वाले सर्वश्रेष्ठ जिला के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्ति और सर्वश्रेष्ठ बालक/बालिका हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ ब्रेलप्रेस के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार तथा दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार दिए जाएंगे।

# भीषण गर्मी में सुचारू रूप विद्युत देने के लिए विद्युत कर्मचारी कर रहे हैं भरपूर मेहनत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** भीषण गर्मी अपने चरम पर है इस गर्मी से आम जनमानस का जीना मुहाल हो गया है ! इस भीषण गर्मी में विद्युत कर्मचारी अपनी जान पर खेल कर लोगों को सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति कराने के लिए दिन-रात एक किए हुए हैं । आए दिन होते फॉल्ट और ट्रांसफार्मर में कमी को दुरुस्त करने के लिए अपनी जान पर खेल कर आम जनमानस को राहत पहुंचा रहे हैं इनके जब्बे को सलाम है । नगर के जे०ई ०जितेंद्र राणा के नेतृत्व में पूरी टीम लगी हुई है जहां भी कोई फॉल्ट या कोई विद्युत समस्या आती है यह टीम तुरंत समय पर अपनी सेवा प्रदान करती है। एसडीओ राधा कृष्ण एवं जे ई जितेंद्र राणा ने नगर वासियों से अपील की है कि सभी नगर वासी अपना विद्युत बिल समय पर जमा करें एवम ओवर लोड हो तो उसको बड़वा ले विद्युत कर्मचारियों का सहयोग करें ! विद्युत चोरी से बचें।



# पालिका में पर्यावरण दिवस कार्यक्रम आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जहाँगीराबाद (बुलन्दशहर)।** नगर पालिका में अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस मनाया गया।

चेयरमैन किशनपाल लोधी ने कहा कि सरकार पर्यावरण की स्वच्छता को लेकर गंभीर है और इसके के लिये समय समय पर लोगों जागरूक करने के लिये कार्यक्रम करती आ रही है। चेयरमैन ने कहा कि हमें भी पर्यावरण को लेकर गंभीर होना चाहिए और अपने जीवन में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए जिससे वायुमंडल स्वच्छ रहे। पालिका के सफाई इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने कहा कि प्रतिबंधित पॉलीथिन को इस्तेमाल नहीं करें और इसके खिलाफ एक अभियान चला कर जब्तीकरण किया जायेगा। पौधा रोपण करें और दूसरों से भी करायें जिससे वायुमंडल का वातावरण भी अच्छा रहे। इस मौके पर सभासद मनोज शास्त्री, सुल्तान, मनमोहन अग्रवाल, धर्मेन्द्र धन्नू, ओमप्रकाश लोधी, संजय कोरी, रोबिन चौधरी, हरीश सिसोदिया, जग्गी सैनी, प्रधान लिपिक उधम सिंह, गुरमीत सिंह, गोपाल शास्त्री, अशोक कुमार, राजू लोधी, पवन कुमार, योगेश चौधरी, नदीम अंसारी, गुंजन चौधरी, शिवानी, कुलदीप सैनी, विवेक कुमार, अनुज कुमार आदि मौजूद थे।



# वामा एप के सानिध्य में आचार्य देव ने अयोध्या में कराया सुंदर कांड का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अयोध्या।** राम नगरी अयोध्या में वामा एप के सानिध्य में रामकथा पार्क में सुंदर कांड का आयोजन किया गया। ज्योतिषाचार्य डा. आचार्य देव ने मशहूर भजन सम्राट अनूप जलोटा जी का स्वागत किया। जिसके बाद भजन सम्राट

**मशहूर भजन सम्राट अनूप जलोटा के स्वरों से सराबोर हुई अयोध्या नगरी**

अनूप जलोटा ने अपनी सुरीली आवाज से अयोध्या वासियों को मंत्र मुग्ध कर दिया। उन्होंने अपने सम्बोधन में पवन सुत हनुमान कि स्तुति करते हुए गाया कि काशी बनी, अयोध्या बनी अब मथुरा की बारी है राम खड़े लिए हैं धनुष, अब बंसी बजने वाली है। उन्होंने सुंदर कांड का गायन भी किया। इस अवसर पर अयोध्या के मेयर गिरीश पति त्रिपाठी, राम मंदिर के मुख्य सचिव चंपत राय उनके मीडिया प्रभारी सुबोध मिश्रा, स्वामी अभिरामाचार्य, हरि नारायणाचार्य, रिटायर्ड आईएएस राधेश्याम मिश्रा, महंत चौकिया धाम जौनपुर विनय त्रिपाठी, महंत श्री परमहंस दास इत्यादि महानुभाव उपस्थित थे।




वर्चुअल मंदिर एस्ट्रोलॉजी एप (वामा) के फाउंडर ज्योतिषाचार्य डा. आचार्य देव ने बताया कि जेष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगल पर अयोध्या वासियों के लिए सुंदरकांड का आयोजन कराके वह काफी हर्ष महसूस कर रहे हैं। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि साधु संतो का आशीर्वाद हमें परमार्थ की तरफ ले जाता है इस सुंदर कांड के माध्यम से हमें बड़े बड़े साधु संतो का आशीर्वाद भी मिला, जोकि अभिभूत करने वाला था।

वामा एप देश दुनिया के मंदिरों को ऑनलाइन लाने के लिए प्रयासरत है, जिससे भक्तों की भगवान से दूरी कम हो सके और जो भक्त किसी कारण वश भगवान से प्रत्यक्ष भेंट नहीं कर पाते उन्हें डिजिटली भगवान के दर्शन करा सकें। हनुमानगढ़ी के दर्शन भी आप वामा एप के माध्यम से निशुल्क कर सकते हैं।

## प्रक्रिया शुरू | उत्तर प्रदेश के राज्य प्रवर्तन वाहन बेड़े की गाड़ियों पर लगाए जाएंगे 223 जीपीएस डिवाइसेस

# जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस से लैस होंगे राज्य प्रवर्तन दस्ते के वाहन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के समेकित विकास का खाका खींच रही योगी सरकार ने प्रदेश के प्रवर्तन दस्ते में शामिल वाहनों के टेक्नोलॉजिकल अपग्रेडेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस क्रम में, राज्य प्रवर्तन दस्ते के वाहनों को जीपीएस ट्रैकिंग व व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग (वीएलटी) डिवाइस से लैस होंगे। साथ ही, इन डिवाइसेस को वाहनों में सही तरीके से संचालित करने के लिए डेटाबेस युक्त बैकएंड सॉफ्टवेयर भी विकसित किया जाएगा। सीएम योगी की मंशा अनुसार राज्य प्रवर्तन वाहन बेड़े के उच्चीकरण की एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई थी, जिसे क्रियान्वित करते हुए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस क्रम में, श्रीट्रॉन इंडिया लिमिटेड को सर्विस प्रोवाइडर संस्था नियुक्त किया गया है।

श्रीट्रॉन में पहले से इम्पैनल्ड कंपनियों को राज्य प्रवर्तन वाहन बेड़े को अपग्रेड करने का मौका कायार्वंटन के बाद मिलेगा। इसी प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है और जून माह के अंत से प्रक्रिया पूरी तरह क्रियान्वित हो जाएगी।

**223 जीपीएस डिवाइसेस को किया जाएगा इंस्टॉल**

अपग्रेडेशन प्रक्रिया के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के राज्य प्रवर्तन वाहन बेड़े की गाड़ियों पर 223 जीपीएस लोकेशन व वीएलटी डिवाइसेस को इन्सटॉल किया जाएगा। इस प्रक्रिया को पूरा किए जाने के अतिरिक्त एक आधुनिक डेटाबेस युक्त बैकएंड सॉफ्टवेयर व वेबसाइटे बेस्ड इंटरफेस भी डेवलप किया जाएगा। यह ट्रैकिंग के साथ ही डैशबोर्ड, डेटाबेस व मैप एक्सेसिबिलिटी के साथ ही लाइसेंस और पूर्ण वीएलटी समाधान के सुचारू संचालन का मार्ग प्रशस्त करेगा। बैकएंड सॉफ्टवेयर को स्थापित वीएलटी उपकरणों से प्राप्त डेटा को कैप्चर, स्टोर, प्रोसेस, विश्लेषण और प्रदर्शित करने के लिए क्लाउड स्टोरेज इनेबल्ड किया जाएगा।

**रियल टाइम एक्सेसिबिलिटी से लैस होगा सॉफ्टवेयर**

बैकएंड सॉफ्टवेयर को डिजिटल मैप पर वाहन की आवाजाही की रियल टाइम ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग के लिहाज से डेवलप किया जाएगा। वाहन ट्रैकिंग डिवाइस को ओवर-द-एयर (ओटीए) कॉन्फि गर करने की क्षमता के साथ विकसित किया जाएगा। बैकएंड सॉफ्टवेयर दरअसल एक वेब-आधारित एप्लीकेशन होगा, जिसे विभिन्न प्रकार के उपकरणों जैसे वर्क स्टेशन, लैपटॉप, टैबलेट कंप्यूटर, मोबाइल फोन आदि पर एक्सेस किया जा सकेगा।

**एआईएस-140 मानक के अनुसार कार्यों को किया जाएगा पूरा**

5 वर्ष की संपूर्ण अनुबंध अवधि के लिए सभी इंस्टॉल किए गए उपकरणों को सिम एक्टिवेशन और रिचार्ज से युक्त किया जाएगा तथा किसी प्रकार की तकनीकी सहायता के लिए एक व्यक्ति भी नियुक्त किया जाएगा। शिकायतों के निवारण के लिए एक उपयुक्त तंत्र विकसित किया जाएगा और मासिक समस्या लॉग और समाधान स्थिति रिपोर्ट परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश को प्रस्तुत की जाएगी। एआईएस-140 मानक के अनुसार इस कार्यों को पूर्ण किया जाएगा। इस कार्य को पूर्ण करने के लिए श्रीट्रॉन द्वारा रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरपीएफ) माध्यम के जरिए इम्पैनल्ड कंपनियों से आवेदन मांगे गए हैं और कायार्वंटन की प्रक्रिया जून माह के अंत के पूर्व पूरी हो जाएगी।

# पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जहाँगीराबाद (बुलन्दशहर)।** नगर के विद्यालय शिवकुमार अग्रवाल जनता इंटर कॉलेज जहांगीराबाद में योग दिवस 21 जून के उपलक्ष में योग सप्ताह मनाते हुए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सीपी अग्रवाल ने बताया योग से मन और मस्तिष्क पर काबू पाया जा सकता है। योग के माध्यम से हम स्वस्थ नागरिक बन सकते हैं। प्रतियोगिता प्रभारी विकास दीक्षित ने बताया इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस महिला सशक्तिकरण पर आधारित थीम के अनुसार मनाया जाएगा।




जितनी महिला स्वस्थ एवं जागरूक होगी उतना ही देश का भविष्य सुरक्षित एवं स्वस्थ होगा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रति एवं द्वितीय स्थान ख्वाहिश कक्षा 11, तृतीय स्थान पर मनु कक्षा 11 रहीं। प्रतियोगिता को सफल बनाने में नरेंद्र कुमार गुप्ता, विशाल, रूबी, चंद्रभान शर्मा, नीरज वार्ष्णेय का विशेष योगदान रहा।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267